आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 26 जून 2024
वर्ष 34, अंक 149, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अफगानिस्तान ने रचा इतिहास 15

करीना ने करिश्मा को जन्मदिन की बधाई दी 16

मप्र में अब मंत्री स्वयं अदा करेंगे अपना आयकर

- मंत्रिमंडल ने 52 साल पुराना नियम समाप्त किया

भोपाल। मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल ने मंगलवार को निर्णय लिया कि राज्य के मंत्रियों को अपना आयकर स्वयं अदा करना होगा और इसका भुगतान राज्य सरकार नहीं करेगी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एक बयान में कहा कि मंत्रिमंडल ने 1972 के नियम को समाप्त करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत राज्य सरकार मंत्रियों के वेतन और भत्तों पर आयकर का भुगतान करती थी। सभी मंत्री अपने वेतन और भत्तों पर आयकर का भुगतान करेंगे।

लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए ओम बिरला और के. सुरेश के बीच मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सरकार और विपक्ष के बीच मंगलवार को आम-सहमति नहीं बन सकी और अब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार तथा भाजपा सांसद ओम बिरला का मुकाबला कांग्रेस के कोडिकुन्नील सुरेश के साथ होगा। बिरला और सुरेश ने मंगलवार को क्रमशः राजग और विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के उम्मीदवारों के रूप में अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में उतरने के लिए विपक्ष ने अंतिम समय में तब फैसला लिया जब भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनकी इस पूर्व शर्त को नहीं माना कि राजग के उम्मीदवार बिरला का समर्थन करने के एवज में इंडिया गठबंधन को उपाध्यक्ष पद दिया जाना चाहिए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संसद भवन स्थित कार्यालय में विपक्ष की ओर से कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और द्रमुक के टीआर बालू ने सिंह, गृहमंत्री अमित शाह तथा स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से इस मुद्दे पर आम-सहमति बनाने के उद्देश्य से बातचीत की लेकिन दोनों पक्ष अपने रुख पर अड़े रहे और कोई नतीजा नहीं निकला।

पिछली लोकसभा में भी अध्यक्ष रह चुके बिरला को राजग की तरफ से सर्वसम्मति से उम्मीदवार बनाया गया है। बिरला ने नामांकन दाखिल करने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वेणुगोपाल और बालू लोकसभा अध्यक्ष के पद के लिए राजग उम्मीदवार का समर्थन करने से इनकार करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यालय से बाहर आ गए। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने उपाध्यक्ष पद विपक्ष को देने की प्रतिबद्धता नहीं जताई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष के लिए उम्मीदवार के नाम पर सर्व सम्मति होती तो बेहतर होता। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष का निर्वाचन बुधवार को होना है और यदि मतदान होता है तो लोकसभा के इतिहास में ऐसा तीसरी बार ही होगा। सदन में भाजपा समेत राजग के 293 सांसद हैं और विपक्षी गठबंधन इंडिया के 233 सदस्य हैं। दो लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के केरल की वायनाड सीट से इस्तीफा दिए जाने के बाद सदन में कुल सदस्यों की संख्या 542 रह गई है। यदि कोटा से भाजपा सांसद बिरला फिर से लोकसभा अध्यक्ष चुने जाते हैं तो पांचवीं बार ऐसा होगा कि कोई अध्यक्ष एक लोकसभा से अधिक कार्यकाल तक इस पद पर आसीन रहेगा।

सरकार को विपक्ष के बीच नहीं बन सकी आम सहमति, आज मतदान संभव

- लोकसभा के इतिहास में तीसरी बार अध्यक्ष पद के लिए मतदान

शपथ लेने के बाद राहुल ने जय संविधान तो ओवैसी ने जय फिलिस्तीन बोला

नई दिल्ली। 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को ओम बिरला, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, सुप्रिया सुले, सुदीप बंदोपाध्याय, अभिषेक बनर्जी, असदुद्दीन ओवैसी और संबित पात्रा समेत अनेक नवनिर्वाचित सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ ली। राहुल गांधी ने शपथ लेने के बाद पोडियम से जय हिंद, जय संविधान के नारे लगाए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शपथ के वक्त अपने हाथ में संविधान की प्रति ले रखी थी। धारावाहिक रामायण में राम के किरदार से मशहूर मेरठ से भाजपा सांसद अरुण गोविल और मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने भी सदस्यता ग्रहण की। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ के बाद फिलिस्तीन के पक्ष में नारे लगाए। संसद से बाहर संवाददाताओं से ओवैसी ने कहा कि उन्होंने सदन के भीतर जय फिलिस्तीन कहा है। बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने शपथ लेने के बाद हिंदू राष्ट्र की जय कहा। आजमगढ़ से सपा के सदस्य धर्मेंद्र यादव ने पीडीए जिंदाबाद के नारे लगाए। इस बीच प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने सदस्यों से आग्रह किया कि वे केवल लिखित शपथ ही पढ़ें, शपथ के अतिरिक्त बोली गई कोई भी बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी।

एक नजर

बीएड प्रवेश परीक्षा में अलीगढ़ के मनोज टॉपर

लखनऊ। उप्र संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा- 2024 का परिणाम मंगलवार को जारी किया गया। अलीगढ़ के मनोज कुमार टॉपर रहे। इन्हें 400 में से 344 .67 अंक प्राप्त हुए हैं। ये आर्ट स्ट्रीम के हैं। परीक्षार्थी बुंदेलखंड और झांसी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परिणामों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। 9 जून को प्रदेश के 51 जिलों में 470 केंद्रों पर हुई परीक्षा में 2 .23 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था जिनमें 1 .93 लाख ने परीक्षा दी। पहले स्थान पर अलीगढ़ के मनोज कुमार, दूसरे स्थान पर प्रयागराज के शिव मंगल और तीसरे स्थान पर वाराणसी के नजीर अहमद रहे।

जैन की जमानत पर 9 जुलाई को आएगा फैसला

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि दिल्ली हाईकोर्ट धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 9 जुलाई को फैसला सुनाएगा। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि जमानत के मामलों को अनावश्यक रूप से स्थगित नहीं किया जाना चाहिए।

आतिशी अस्पताल में भर्ती, अनशन खत्म

नई दिल्ली। दिल्ली के लिए पानी छोड़ने की मांग को लेकर आप नेता और दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन खत्म हो गया। मंगलवार तड़के सेहत बिगड़ने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। दिल्ली सरकार में कई मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल रहीं आतिशी को लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल के आपातकालीन आईसीयू में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत अब स्थिर है।

पेपर लीक कराया तो होगी उम्रकैद

लगेगा एक करोड़ जुर्माना, सॉल्वर गैंग से क्षति की भरपाई, गड़बड़ी करने वाली संस्था होगी ब्लैक लिस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक रोकने के अध्यादेश को कैबिनेट की मंजूरी
- कैबिनेट की बैठक में रखे गए कुल 44 प्रस्तावों में से 43 को दी गई स्वीकृति

अमृत विचार : प्रदेश में अब पेपर लीक के दोषियों को दो साल से लेकर आजीवन कारावास की सजा और एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगेगा। फर्जी प्रश्नपत्र बांटना, फर्जी सेवायोजन वेबसाइट बनाना आदि दंडनीय अपराध होगा। यदि परीक्षा प्रभावित होती है तो उस पर आने वाले वित्तीय भार की वसूली सॉल्वर गिरोह से की जाएगी। गड़बड़ी करने वाली संस्था व सेवा प्रदाताओं को ब्लैक लिस्ट करने के साथ संपत्ति की भी कुर्की होगी।

परीक्षाओं की शुचिता पर उठ रहे सवालों के बीच मंगलवार को राज्य सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन में हुई कैबिनेट बैठक में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक की रोकथाम के लिए अध्यादेश को मंजूरी दी गई। विधानसभा से पारित होने के बाद राज्यपाल की मंजूरी मिलते ही अध्यादेश कानून का रूप ले लेगा।

अयोध्या में 750 करोड़ से बनेगा संग्रहालय

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या में टाटा संस अपने सीएसआर फंड से भारतीय मंदिर संग्रहालय का निर्माण कराएगा। इस प्रस्ताव को भी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई। इसपर टाटा संस कुल 750 करोड़ रुपये खर्च करेगा। संग्रहालय विश्वस्तरीय होगा जिसमें 650 करोड़ रुपये के साथ साइट के डेवलपमेंट में 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

राज्य सरकार पहले भी पेपर लीक जैसे मामलों पर कड़े कदम उठा चुकी है। ताजा अध्यादेश एक और बड़ा कदम माना जा रहा है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट के समक्ष कुल 44 प्रस्ताव रखे गए थे, जिसमें 43 को मंजूरी दी गई है। अनुमोदित प्रस्तावों में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक रोकथाम अध्यादेश 2024 भी शामिल रहा। अध्यादेश के तहत लोकसेवा आयोग, उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड, उप्र. बोर्ड, विश्वविद्यालय, प्राधिकरण या निकाय या उनके द्वारा नामित संस्था शामिल हैं। अध्यादेश किसी प्रकार की भर्ती परीक्षाओं, नियमतीकरण या पदोन्नत करने वाली परीक्षाएं, डिग्री-डिप्लोमा, प्रमाण पत्रों या शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं पर भी लागू होगा। इसके तहत सभी अपराध संज्ञेय, गैर जमानती एवं सत्र न्यायालय द्वारा विचारणीय एवं अशमनीय बनाए गए हैं। जमानत के भी कठोर प्रावधान किए गए हैं।

वाराणसी, बरेली व मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों के विस्तार को मंजूरी

: कैबिनेट ने तीन प्रमुख शहरों वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज के सीमा विस्तार और वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों के विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इन विकास प्राधिकरणों में कई राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि वाराणसी विकास प्राधिकरण में 215 राजस्व गांव, बरेली में भी 35 राजस्व गांव जबकि मुरादाबाद विकास प्राधिकरण में 71 राजस्व गांवों को शामिल किया गया है।

मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप कार्यक्रम को मंजूरी

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री टूरिज्म फेलोशिप कार्यक्रम के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसके तहत पर्यटन विभाग शोधार्थियों का चयन करेगा जो राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने, निवेशकों को आ रही समस्याओं को निपटाने के साथ निवेश को गति देंगे। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 25 शोधार्थियों का चयन किया जाएगा। इन्हें 40 हजार रुपये प्रति माह मानदेय मिलेंगे। जिसमें पारिश्रमिक के रूप में 30 हजार और क्षेत्र भ्रमण के लिए 10 हजार रुपये मिलेंगे।

हजारों कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का विकल्प

लखनऊ। राज्य सरकार ने प्रदेश के ऐसे हजारों राज्य कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन का विकल्प देने का फैसला लिया है, जिनकी भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2005 से पहले शुरू हुई थी और उन्हें बाद में नियुक्ति दी गई। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। अधिकारियों के अनुसार 31 मार्च 2004 तक विज्ञापित पदों के विरुद्ध चयनितों को जिन्हें किन्हीं कारणों से सेवा में कार्यभार एक अप्रैल 2005 के बाद ग्रहण कराया गया, ऐसे सभी राज्य कर्मियों-शिक्षकों को पुरानी पेंशन में जाने का सरकार ने विकल्प खोल दिया है। राज्य कर्मियों की ओर से काफी समय से यह मांग की जा रही थी।

इमरजेंसी लगाने वाले संविधान के प्रति प्रेम न जताएं : नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आपातकाल को काला दिन बताते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर किया पलटवार

विपक्षी इंडिया गठबंधन के भाजपा के खिलाफ देश के संविधान के लिए सबसे बड़ा खतरा होने का नारा लगाए जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पलटवार करते हुए कहा कि आपातकाल लगाने वालों को संविधान के प्रति प्रेम का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है। मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कांग्रेस पर 24-25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल के लिए हमला बोला। आपातकाल को काले दिन के रूप में याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन हमें याद दिलाएगा कि कैसे कांग्रेस ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया था, वह अभी भी उसी पार्टी में जीवित है। आज का दिन उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने के लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। मोदी ने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि ये वही लोग हैं, जिन्होंने अनगिनत मौकों पर अनुच्छेद 356 लगाने के साथ ही प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने वाला विधेयक पारित किया। उन्होंने कहा कि वे अपने दिखावे के ज़रिए संविधान के प्रति अपनी घृणा को छिपाते हैं, लेकिन देश के लोगों ने उनकी हरकतों को समझ लिया है और इसीलिए उन्हें बार-बार नकार दिया है।

18वीं लोकसभा में राहुल गांधी होंगे विपक्ष के नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी 18वीं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होंगे। पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने लोकसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब को पत्र भेज कर इस संबंध में कांग्रेस के फैसले के बारे में उन्हें अवगत कराया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर इंडिया गठबंधन के घटक दलों की नेताओं की बैठक के बाद कांग्रेस ने राहुल गांधी को नेता प्रतिपक्ष बनाने के बारे में घोषणा की। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि सोनिया गांधी ने पार्टी के इस फैसले के बारे में सूचित करते हुए लोकसभा के कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) भर्तृहरि महताब को पत्र भेजा है।

राहुल गांधी ने 2004 में राजनीति में कदम रखा और अपना पहला चुनाव अमेठी से लड़ा। 2009 में वह फिर जीते लेकिन 2014 में उनकी जीत का अंतर कम हो गया और 2019 में ईरानी से हार गए। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में राहुल रायबरेली व केरल में वायनाड से जीते। बाद में उन्होंने वायनाड सीट से इस्तीफा दे दिया।

सेंसेक्स पहली बार 78,000 के पार

निफ्टी का भी नया रिकॉर्ड

मुंबई। बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से मंगलवार को सेंसेक्स ने पहली बार ऐतिहासिक 78,000 अंक के स्तर को पार किया। वहीं एनएसई का निफ्टी भी नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 712.44 अंक उछलकर 78,053.52 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 823.63 अंक बढ़कर 78,164.71 अंक के नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। निफ्टी 183.45 अंक या 0.78 प्रतिशत बढ़कर 23,721.30 के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी 216.3 अंक चढ़कर 23,754.15 अंक पर पहुंच गया था।

पुलिस व प्रशासनिक अफसरों की तैनाती में बड़ा फेरबदल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 12 जिलों में नये डीएम की तैनाती, कई जिलों के पुलिस कप्तान भी बदले

अमृत विचार: राज्य सरकार ने मंगलवार को बड़े पैमाने पर आईएएस व आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिये। 12 जिलों में नये जिलाधिकारी (डीएम) तैनात किये गये हैं। मुरादाबाद के डीएम मानवेंद्र सिंह व एसएसपी हेमराज मीना को हटा दिया गया है। सीतापुर के डीएम अनुज सिंह को मुरादाबाद का नया डीएम बनाया गया है, वहीं प्रतापगढ़ के एसपी सतपाल को मुरादाबाद का नया एसएसपी बनाया गया है। आजमगढ़ के एसपी अनुराग आर्य को बरेली का नया एसएसपी बनाया गया है। औरैया की डीएम नेहा प्रकाश को भी हटाये जाने की खबर है। आईएएस अफसर दिनेश चंद्रा को विशेष सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास बनाया गया है

मुरादाबाद से हटाये गये डीएम मानवेंद्र सिंह को विशेष सचिव आयुष बनाया गया है। चित्रकूट के डीएम अभिषेक आनंद को सीतापुर का डीएम, बांदा की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल को लखीमपुर का डीएम, आयुष विभाग के विशेष सचिव व महानिदेशक आयुष नगेंद्र प्रताप को बांदा का डीएम, नगर आयुक्त कानपुर नगर शिवशरणप्पा जीएन को चित्रकूट का डीएम, अपर महानिरीक्षक निबंधन उत्तर प्रदेश व विशेष सचिव स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन रवीश गुप्ता को बस्ती का डीएम, विशेष सचिव कृषि उत्पादन शाखा अजय कुमार द्विवेदी को श्रावस्ती का डीएम, अपर राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान उत्तर प्रदेश मधुसूदन हुल्गी को कौशांबी का डीएम बनाया गया है। इसके अलावा संभल के डीएम मनीष बंसल को सहारनपुर का डीएम, विशेष सचिव नगर विकास राजेंद्र पेन्सिया को संभल का डीएम, सहारनपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष आशीष कुमार को हाथरस का डीएम, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा मेधा रूपम को कासगंज का डीएम बनाया गया है। श्रावस्ती की डीएम कृतिका शर्मा को विशेष सचिव चिकित्सा शिक्षा व अपर निदेशक एसजीपीजीआई बनाया गया है। बस्ती के डीएम आंद्रा वामसी को विशेष सचिव स्टाम्प एवं पंजीयन एवं एआईजी पंजीयन बनाया गया है। इस बीच, औरैया में तैनात लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अभिषेक यादव को निलंबित कर दिया गया है।

कई जिलों के पुलिस कप्तान बदले

राज्य सरकार ने मंगलवार को कई आईपीएस अफसरों का तबादला भी कर दिया है। इनमें से कई जिलों के पुलिस कप्तान बदल दिये गये हैं। प्रतापगढ़ के एसपी सतपाल को अब मुरादाबाद का नया एसएसपी बनाया गया है। आजमगढ़ के एसपी अनुराग आर्य को बरेली का एसएसपी, सहारनपुर के एसएसपी विपिन टाडा को मेरठ का एसएसपी, मुरादाबाद के एसएसपी हेमराज मीना को आजमगढ़ का एसपी, बरेली के एसएसपी घुले सतीश चन्द्रभान को लखनऊ एसटीएफ का एसएसपी बनाया गया है। इसके अलावा मेरठ के एसएसपी रोहित सिंह सजवान को सहारनपुर का एसएसपी, चंदौली के एसपी डॉ अनिल कुमार द्वितीय को प्रतापगढ़ का एसपी व एसपी रेलवे आगरा आदित्य लांग्हे को चंदौली का एसपी बनाया गया है।

केजरीवाल को जमानत देने से हाईकोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि निचली अदालत ईडी द्वारा उसके समक्ष पेश की गई सामग्री का उचित आकलन करने में विफल रही और फैसला करते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। पीठ ने कहा कि निचली अदालत ने रिकॉर्ड पर प्रस्तुत सामग्री/दस्तावेजों और ईडी के तर्कों का उचित आकलन नहीं किया।

- निचली कोर्ट के फैसले को पलटा, सुप्रीम कोर्ट जाएगी आप

केजरीवाल को गिरफ्तार कर सकती है सीबीआई

नई दिल्ली। आप नेता संजय सिंह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने अरविंद केजरीवाल को फंसाने के लिए सीबीआई के साथ साजिश रची है। एक्स पर एक वीडियो संदेश में सिंह ने कहा कि भाजपा ने सीबीआई द्वारा केजरीवाल को गिरफ्तार करवाने की योजना बनाई है।

आज से हल्की बारिश, फिर बढ़ेगी रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

ललितपुर में मानसून के प्रवेश के बाद कई जिलों में हल्की बारिश की संभावना

- दो-तीन दिनों में पूरे प्रदेश में प्रभावी होगा मानसून

अमृत विचार : मानसून ने प्रदेश में दस्तक दे दी है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि ललितपुर में मानसून के प्रवेश के बाद प्रदेश के कई जिलों में बुधवार से हल्की बारिश शुरू होने की संभावना है। फिर आगामी दिनों में अच्छी बारिश होगी।

मौसम अनुसंधान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, दो से तीन दिनों में मानसून पूरे प्रदेश में अपना असर दिखाएगा। मानसून प्रदेश में दक्षिण पश्चिम से बढ़ रहा है। ऐसे में ललितपुर में प्रवेश कर चुका है। प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्र में बुधवार से हल्की बारिश शुरू हो जाएगी। इससे तापमान में गिरावट आएगी। वहीं, प्रदेश में पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक वर्षा सुल्तानपुर में 38 मिमी रिकार्ड की गई। दूसरे स्थान पर हरदोई जनपद रहा। यहां वर्षा औसतन 16 मिमी रिकार्ड की गई। कानपुर में 6.2 और बरेली में 3.2 मिमी वर्षा रिकार्ड हुई।

लखनऊ मंडल के जिलों में यलो अलर्ट

लखनऊ मंडल में तेज हवाओं के साथ आकाशीय बिजली गिर सकती है। ऐसे में लखनऊ के अतिरिक्त सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव जनपदों में मौसम विभाग की ओर से यलो अलर्ट जारी किया गया है।

कानपुर का दिन और रात सबसे गर्म

प्रदेश में कानपुर सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 43 .1 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, न्यूनतम तापमान 30 .8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वाराणसी में अधिकतम 42 .3 और न्यूनतम तापमान 29 .9 डिग्री रहा। प्रयागराज में अधिकतम 42 .1 और न्यूनतम 30 .3 डिग्री रिकार्ड किया गया। आगरा में अधिकतम 41 .5 और न्यूनतम 28 डिग्री रहा। वहीं, लखनऊ का अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम 29 .2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

सुहास एलवाई बने दुनिया के नंबर एक पैरा शटलर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदेश के खेल विभाग में सचिव हैं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी

अमृत विचार : प्रदेश के खेल सचिव और स्टार पैरा शटलर सुहास एलवाई दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं। हाल में जारी की गई विश्व रैंकिंग में उन्हें यह उपलब्धि मिली। उन्होंने फ्रांस के लुकास मजूर को एसएल-4 एकल वर्ग में पीछे छोड़ यह कामयाबी हासिल की। टोक्यो ओलंपिक में रजत पर कब्जा करने वाले सुहास एलवाई अगस्त माह के अंत में होने वाले पेरिस पैरालंपिक गेम्स में बतौर शीर्ष खिलाड़ी के रूप में कोर्ट में उतर कर भारतीय तिरंगा लहराएंगे।

ग्लास्गो (स्कॉटलैंड) में आयोजित फोर नेशंस पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल चैंपियनशिप में सुहास ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता था। मंगलवार को वर्ल्ड पैरा बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से खिलाड़ियों की रैंकिंग जारी की गई जिसमें सुहास 60257 अंकों के साथ शीर्ष वरीयता दी गई है। सुहास एलवाई ने बताया कि ये पल हमारे लिए अनमोल हैं। विश्व का शीर्ष शटलर बनना जीवन के सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में एक है।

एक नजर

हैंडपम्प की लाल कोडिंग कराएं

अमृत विचार, लखनऊ : मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में चिकित्सा स्वास्थ्य, आयुष की मण्डलीय समीक्षा बैठक मंगलवार को आयुक्त सभागार में हुई। मंडलायुक्त ने 1 जुलाई से वृहद स्तर पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल की गुणवत्ता की जांच प्राथमिकता पर हो। जो हैंडपम्प खराब हैं या उनका जल दूषित है उनकी लाल कलर से कोडिंग कराएं।

सिर्फ दो फर्म ने डाला टेंडर

अमृत विचार, लखनऊ : अकबर नगर में ध्वस्तीकरण के बाद पड़ा मलबा उठाने लिए एलडीए के ई-टेंडर में केवल दो फर्मों ने ही हिस्सा लिया। इस वजह से एक दिन और बढ़ा दिया गया। जो आज खोला जाएगा। चर्चा यह है कि मलबा अधिक होने के कारण खर्च का सही आकलन नहीं हो पा रहा है। इस वजह से फर्मों ने रुचि नहीं दिखाई है।

वीआईपी बनने के लिए मल्टी कलर लाइट लगाई तो खैर नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिवहन विभाग ने वीआईपी कल्चर पर शिकंजा कसने को तैयार की गाइडलाइन
- विशेष बनने की चाहत में अधिकृत न होने के बावजूद कर रहे हूटर और लाइट का प्रयोग

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद प्रदेश भर में ऐसे वाहनों से लाल-नीली बत्ती छीन ली गई जो अनधिकृत थे। वीआईपी कल्चर खत्म करने की मुख्यमंत्री की मंशा को देख परिवहन विभाग भी सक्रिय हो गया। आनन-फानन में एक समिति गठित की गई। समिति ने यह साफ कर दिया कि मल्टी कलर लाइट और हूटर लगाने का अधिकार किस-किस को होगा। समिति न इसकी गाइड लाइन तैयार कर शासन को भेज भी दी है। जल्द ही मुख्य सचिव के साथ बैठक होगी और इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया जायेगा। समिति ने स्पष्ट कर दिया है कि मल्टी कलर लाइट के वही विभाग और अधिकारी अधिकृत होंगे, जिन्हें परिवहन विभाग से विशेष स्टीकर दिया जाएगा। बिना स्टीकर के किसी वाहन पर लगी मल्टी कलर लाइट अवैध मानी जायेगी।

जिलाधिकारी, पुलिस विभाग, परिवहन व वन विभाग के कार्मिकों को मिलेंगे स्टीकर: समिति ने सरकारी वाहनों पर एक विशेष स्टीकर लगाने का फैसला लिया है। इस स्टीकर के जरिए ही संबंधित गाड़ी नंबर को मल्टी कलर लाइट लगाने की अनुमति होगी। प्रदेश भर में तकरीबन 25 हजार सरकारी वाहनों पर मल्टी कलर लाइट और स्टीकर लगाए जाएंगे। प्राकृतिक या मानवीय आपदा के लिए फायर कंट्रोल को मल्टी कलर लाइट लगाने की अनुमति होगी। मानवीय आपदा जैसे दंगा आदि हो जाता है तो इसमें कानून-व्यवस्था मेंटेन करने की जिम्मेदारी पुलिस की होती है।

ऐसे में पुलिस प्रशासन को मल्टी कलर लाइट की अनुमति होगी। जिलाधिकारी प्रवर्तन का हिस्सा होता है और किसी भी तरह की दैवीय या मानवीय आपदा के समय उसका काम बढ़ जाता है। इसलिए मजिस्ट्रेट के रूप में सब डिविजनल मजिस्ट्रेट से लेकर जिला मजिस्ट्रेट तक को मल्टी कलर लाइट लगाने की अनुमति दिए जाने की तैयारी है। इन वाहनों में हूटर भी लग सकते हैं। परिवहन विभाग के अधिकारी भी मल्टी कलर लाइट लगा सकेंगे। मल्टी कलर लाइट लगाने में किसी तरह की धोखाधड़ी न हो इसलिए परिवहन विभाग की तरफ से संबंधित विभागों को उनके वाहनों के लिए स्टीकर दिए जाएंगे।

परिवहन विभाग की वेबसाइट पर दर्ज होगा ब्यौरा

सभी स्टीकर सिक्योरिटी फीचर से लैस होंगे। स्टीकर में वाहन का पूरा ब्यौरा दर्ज होगा। जिन वाहनों को स्टीकर जारी किए जाएंगे, उनकी जानकारी परिवहन विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। इसमें सर्च का विकल्प दिया जाएगा जिससे वाहन का नंबर डालते ही पूरी डिटेल सामने आ जाएगी। सेकेंडों में पता चल जाएगा कि वाहन में जो मल्टी कलर लाइट लगी है, उसे अनुमति दी गई है या नहीं।

एचएसआरपी पर कुछ नहीं लिख सकेंगे

वाहन सरकारी हो निजी, हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) पर किसी तरह की मुहर या पदनाम कुछ भी लिखने की छूट नहीं होगी। नंबर प्लेट बिल्कुल साफ सुथरी रखनी होगी। विंडस्क्रीन पर विभाग या अधिकारी का पद का नाम लिखा जा सकता है। साथ ही कंपनी की तरफ से वाहनों के शीशे पर जो फिल्म लगकर आएगी, उसी का प्रयोग करना होगा। किसी तरह के वाहन पर कोई और फिल्म लगाना मोट व्हीकल एक्ट के नियमों का उल्लंघन माना जायेगा। ऐसे वाहनों का चालान किया जायेगा।

> विभाग की कमेटी ने प्रस्ताव बनाकर शासन भेज दिया है। अब इस पर मुख्य सचिव का फैसला अंतिम होगा। बैठक कर उन्हें ही अंतिम निर्णय लेना है।
>
> –चंद्रभूषण सिंह, परिवहन आयुक्त

मुस्लिम मुद्दों पर चर्चा, अरशद आजमी बने संयोजक

अमृत विचार,लखनऊ : ऑल इण्डिया मुस्लिम मजलिस-ए- मुशावरत ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें मुस्लिम मुद्दों पर चर्चा की गई।

आईआईएम मार्ग स्थित एक हॉल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता ऑल इण्डिया मुस्लिम मजलिस-ए-मुशावरत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जफरुल इस्लाम ने की। अपने विचार रखते हुए उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि वे लोग समाज में जाकर मुस्लिम वर्ग से जुड़े लागों को जागरूक करें। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति पर अरशद आजमी को संयोजक बनाया गया। पूर्व आईएएस अनीस अंसारी, प्रो. अरशी खान, मुईद, सहित संस्था के अन्य सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहे।

वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज का होगा सीमा विस्तार

कैबिनेट बैठक में लखनऊ, प्रयागराज, कपिलवस्तु में पीपीपी मॉडल पर हेलीपैड बनाए जाने का प्रस्ताव भी हुआ पास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

कैबिनेट बैठक में प्रस्तावों पर चर्चा करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के बाद राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंगलवार को लोकभवन में हुई कैबिनेट बैठक में तीन तीन प्रमुख शहरों वाराणसी, गोरखपुर और प्रयागराज के सीमा विस्तार के फैसले पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। वहीं सात पर्यटन विभाग के प्रस्ताव भी पास किए गए।

इनमें शाकुंभरी देवी मंदिर के पास निशुल्क भूमि पर्यटन विभाग को आवंटित किए जाने का प्रस्ताव पास हुआ है। इसके साथ ही अमेठी, बुलंदशहर, बाराबंकी, सीतापुर में राही पर्यटन गृह लीज पर दिए जाने का प्रस्ताव को भी हरी झंडी मिली। इसके अलावा लखनऊ, प्रयागराज, कपिलवस्तु में पीपीपी मॉडल पर हेलिपैड बनाए जाने का प्रस्ताव पास हुआ है। वहीं, प्राचीन धरोहर को पीपीपी मॉडल पर रीयूज (बरसाना जल महल मथुरा, शुक्ला तालाब कानपुर) करने का प्रस्ताव पास हुआ है। इनके अलावा, गोरखपुर स्थित परमहंस योगानंद स्थल को पर्यटन स्थल में बनाए जाने के लिए भूमि दिए जाने का प्रस्ताव पर भी कैबिनेट की मुहर लग गई है।

वहीं, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि बिजली विभाग में विद्युत निरीक्षक के अधिकार तय करने के लिए सरकार नियम बनाएगी। वहीं, प्रदेश में एक निश्चित धनराशि के ई-स्टाम्प प्रमाण पत्र की सेल्फ प्रिंटिंग संबंधी प्रावधान समाहित करने के लिए उप्र. ई-स्टाम्पिंग नियमावली, 2013 में संशोधन को मंजूरी दी गई है।

रोगी देखभाल के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों को भत्ता: संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआइ) के ग्रुप ए व ग्रुप बी के अधिकारियों और कर्मचारियों को अब रोगी देखभाल भत्ता दिया जाएगा। इस क्रम में अब हर महीने 5,300 रुपये हर महीने यह भत्ता दिया जाएगा, जो कि एम्स, नई दिल्ली में दिए जा रहे भत्ते के बराबर ही होगा। यह भत्ता दिए जाने से हर वर्ष सरकार पर 96 लाख रुपये का व्यय भार पड़ेगा। अन्य संकाय सदस्यों, अधिकारियों व कर्मियों को यह भत्ता पहले से मिल रहा है।

नौ इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट की मंजूरी: उप्र. में औद्योगिक विस्तार और विकास तेजी से होगा। मंगलवार को कैबिनेट ने नौ उद्योगों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी करने की मंजूरी दे दी। ये इकाइयां लगभग 5000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 में वित्तीय प्रोत्साहन के लिए प्रस्ताव कैबिनेट में इसे पेश किया गया था, जहां स्वीकार कर लिया गया।

नोएडा में होगा एक्वालाइन मेट्रो का विस्तार

नोएडा सेक्टर 142 से बॉटेनिकल गार्डन तक एक्वालाइन का विस्तार किया जाएगा। 11.56 किलोमीटर लंबी इस नई मेट्रो लाइन पर 2254.35 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें से 573 करोड़ रुपये नोएडा प्राधिकरण देगा। इस विस्तारित परियोजना से नोएडा की कनेक्टिविटी बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

कैबिनेट के अन्य फैसले

- कर्ज के चलते बंद हुई 11 इकाइयों को ओटीएस योजना के तहत दी गई राहत।
- स्टार्टअप नीति के तहत 4 और सेंटर ऑफ एक्सीसिलेंस होंगे स्थापित।
- कई जिलों में यूपीसीडा को निशुल्क 371.91 एकड़ भूमि देने को मंजूरी।
- आगरा और प्रयागराज में इंडस्ट्रियल नोड के लिए दी गई जमीन।
- ऊर्जा एवं नगर विकास से जुड़े पांच प्रस्ताव को दिखायी रही झंडी।
- विद्युत निरीक्षक की नियमावली से जुड़े प्रस्ताव पर लगी मुहर।
- नगर पंचायत-पालिका में संपत्ति कर से जुड़ी नियमावली पर मुहर।
- अयोध्या में नयी योजना से 27928 घरों को मिलेगा सीवेज कनेक्शन।
- अमृत योजना की फंडिंग पैटर्न में सुधार से जुड़े प्रस्ताव मंजूर।
- नगर विकास विभाग के 4 प्रस्ताव हुए पास।

सैमसंग को 207 करोड़ की सब्सिडी मिलेगी

इलेक्ट्रानिक्स मैन्यूफैक्चरिंग नीति-2017 के तहत सैमसंग को 207 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की मंजूरी कैबिनेट ने दे दी। नीति के तहत अधिकतम 250 करोड़ रुपये की सब्सिडी का प्रावधान है जिसके तहत 207 करोड़ रुपये का अनुमोदन किया गया है। सैमसंग ने नोएडा में प्लांट लगाया है। इस प्रोजेक्ट में कंपनी ने 4,825 करोड़ का निवेश किया है।

उप्र. में शुरू होगी प्रमोटर फार्मा

राज्य में चिकित्सकीय तकनीक और दवाओं पर शोध के लिए प्रमोटर फार्मा की शुरुआत की जाएगी। इससे फार्मास्यूटिकल बाजार में भागीदारी बढ़ेगी। इसे शुरू करने के लिए सरकार 500 करोड़ देगी। इस प्रस्ताव को मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी गई है।

बीओसी बोर्ड के सचिव विशेष सचिव ही होंगे

कैबिनेट ने उप्र. भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार (नियोजन तथा सेवा शर्त विनियमन) नियमावली, 2009 में संशोधन को मंजूरी दे दी। इसी के साथ अब भवन एवं अन्य सन्निकार कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसी) के सचिव पद पर केवल विशेष सचिव स्तर के अधिकारी की ही तैनाती होगी। अभी तक इस पद के लिए डिप्टी लेबर कमिश्नर और उनसे ऊपर के अधिकारी को जिम्मेदारी दी जाती थी।

- बिजली विभाग में विद्युत निरीक्षक के अधिकार तय करने को नियम बनाएगी सरकार

1 जुलाई से पहले दर्ज मुकदमों का पुराना कानून ही होगा आधार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गवाहों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गवाही देने की भी आजादी

अमृत विचार: मण्डलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ लोकभवन में मंगलवार को बैठक करते हुए मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 से लागू होंगे। इसके बाद नए कानून के मुताबिक कार्यवाही होगी। जबकि, पूर्व दर्ज मुकदमों में पुराने कानून के आधार पर ही कार्यवाही होगी। आम लोगों में किसी तरह असमंजस की स्थिति नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि 1 जुलाई को सभी थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, इसमें पुलिस कर्मियों के अतिरिक्त स्थानीय लोगों को आमंत्रित किया जाए और कानून के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाए। उन्होंने यह भी कहा नए कानून के बारे में पुलिस विभाग द्वारा तैयारी की गई बुकलेट का वितरण विवेचना अधिकारियों को करा दिया जाए। विवेचना अधिकारी पॉकेट बुकलेट को हमेशा अपनी पॉकेट में रखें, यह उनके लिए रिफ्रेंस का काम करेगी।

बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार, प्रमुख सचिव नमामि गंगे अनुराग श्रीवास्तव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

मामलों के निस्तारण में आएगी तेजी: प्रशांत कुमार

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि नए कानून में अपराध स्थल से लेकर जांच और मुकदमे तक की प्रक्रियाओं को तकनीक से जोड़ा गया है। गवाहों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गवाही देने की भी आजादी होगी। नई तकनीक के जरिए मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी और न्याय जल्दी मिलेगा। उन्होंने कहा कि 1 जुलाई को प्रत्येक थाने पर विशेष कार्यक्रम होना है, इसकी सभी तैयारी पूरी कर ली जाए। कानून लागू होने के बाद जिन तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता हैं, उनका विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। सभी पुलिस कर्मियों की विधिवत ट्रेनिंग पूरी हो जाए।

सीओ पर कार्रवाई कराने पीड़िता डीजीपी मुख्यालय पहुंची

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- बस्ती के तत्कालीन सीओ सिटी विनय चौहान के खिलाफ कार्रवाई की मांग
- सिद्धार्थनगर की पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने शुरू की जांच

अमृत विचार: बस्ती के तत्कालीन सीओ सिटी विनय चौहान के खिलाफ कार्रवाई कराने के लिए पीड़िता जयपुर से चलकर लखनऊ पहुंची। अपने साथ हुई घटना के संबंध में न्याय मांगने आयी महिला डाक्टर की मुलाकात डीजीपी से नहीं हो पाई। एडीजी विशेष जांच विजय सिंह मीना और एडीजी प्रशासन नीरा रावत से मिलकर उसने अपने साथ हुई घटना की उन्हें विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया।

जयपुर की रहने वाली महिला डाक्टर ने अधिकारियों से मिलकर बताया कि विगत पांच वर्षो से उसका संबंध सीओ विनय चौहान से था। उसने बताया कि शादी का झांसा देकर सीओ ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। इसी वर्ष 25 मई को वह विनय चौहान से मिलने के लिए जयपुर से बस्ती उनके आवास पहुंची थी।जहां पर उसके साथ विनय चौहान,उनकी पत्नी और पुत्री ने मिलकर मारपीट की।

उल्लेखनीय है कि उक्त घटना के संबंध में पीड़िता ने बस्ती के महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उधर, घटना की जांच सिद्धार्थनगर की पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने शुरू कर दी है। बताया जाता है कि एसपी बस्ती की रिपोर्ट पर डीजीपी मुख्यालय से अटैच किये गये सीओ विनय चौहान वर्तमान में अवकाश पर हैं। मालूम हो कि इससे पहले सीओ की पत्नी भी उन पर कार्रवाई के लिए पुलिस मुख्यालय में आलाधिकारियों से मिल चुकी हैं।

11 बीघा जमीन से हटाया अतिक्रमण

अमृत विचार, लखनऊ: अलीगंज में सहारा स्टेट से एक्सचेंज में मिली जमीन पर अस्थायी अतिक्रमण मंगलवार को नगर निगम की टीम ने हटा दिए। साथ ही अपना बोर्ड लगा दिया। नगर निगम को सहारा स्टेट में मिली 11 बीघा जमीन पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया था। प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति के पत्र पर भूमि की पैमाइश तहसील व नगर निगम की उपस्थिति में संयुक्त रूप से की गयी।

पुलिस भर्ती बोर्ड को कल तक देनी होगी परीक्षा केन्द्रों की सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर दिए निर्देश
- शहरी क्षेत्र में ही हों केन्द्र, काली सूची में या संदिग्ध-विवादित न हों

अमृत विचार: मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने निकट भविष्य में होने जा रही पुलिस की भर्ती परीक्षा के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता मं गठित कमेटी द्वारा परीक्षा केन्द्र का चयन कर सूची 27 जून तक भर्ती बोर्ड को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यह समिति उचित गुणवत्ता के केंद्रों के चयन के लिए पूरी तरह उत्तरदायी होगी। इस बार सेंटर्स का चयन दो श्रेणी में किया जाना है।

मुख्य सचिव ने मंगलवार को लोकभवन में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से सभी मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के चयन में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि परीक्षा केंद्र यथा संभव नगरीय क्षेत्र में हो, आवश्यकता पड़ने पर परीक्षा केंद्र का चयन नगरीय क्षेत्र के 10 किमी के व्यास में मुख्य मार्ग पर स्थित हो।

मुख्य सचिव के अनुसार, परीक्षा केंद्र की किसी भी दशा में निगेटिव रिपोर्ट नहीं होनी चाहिए। ऐसे केन्द्रों का ही चयन किया जाए जो काली सूची में न हो, संदिग्ध व विवादित न हों। उन्होंने यह भी कहा कि प्रश्न पत्रों की भांति सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। परीक्षा की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए ट्रेजरी में अलग कक्ष की व्यवस्था की जाए। कक्ष की डबल लॉक में और उसकी सीसीटीवी के हर पल निगरानी की व्यवस्था होनी चाहिए। कक्ष को परीक्षा के उद्देश्य के अतिरिक्त न खोला जाए।

मिट्टी की खनन साइट पर लगाना होगा साइन बोर्ड

अमृत विचार, लखनऊ : खनन साइट पर साइन बोर्ड लगाया जाए। जिसमें स्वीकृत गाटा, रकबा, मिट्टी खनन की मात्रा, खनन की अवधि के साथ ठेकेदार का नाम और मोबाइल नंबर लिखा हो। अनुमति जारी होने के बाद खनन कार्य करने से पहले राजस्व व खनन विभाग की संयुक्त टीम स्वीकृत गाटों का चिन्हांकन एवं चौहद्दी का सीमांकन कराएं।

मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब ने लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, रायबरेली और लखीमपुर खीरी के जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर यह निर्देश दिए। मंडलायुक्त को शिकायत मिल रही थी कि साधारण मिट्टी के खनन के लिए जिन गाटों में स्वीकृति दी गयी उनके विपरीत अन्य गाटों में खनन हो रहा है। कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जारी वर्क आर्डर भी कई बार लगाकर खनन की अनुमति ली जा रही है। मंडलायुक्त ने बैठक में विकासकार्यों में लापरवाही बरतने वाले पर कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी है।

यात्री ने की एसी खराब होने की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पांच घंटे तक यात्री को परेशानी का सामना करना पड़ा

अमृत विचार: लखनऊ जंक्शन स्थित डॉरमेट्री का एसी खराब होने की शिकायत यात्री ने की। लेकिन शिकायत को दूर नहीं किया जा सका। इसके चलते पांच घंटे तक यात्री को परेशानी का सामना करना पड़ा।

धनंजय नाम के यात्री ने शिकायत की कि लखनऊ जंक्शन पर 24 जून को शाम पांच बजे से पांच घंटे के लिए डॉरमेट्री बुक कराई थी। उनको 16 नंबर डॉरमेट्री मिली थी। धनंजय ने बताया कि वहां जाने के बाद एसी ने काम करना बंद कर दिया। ऐसे में तकरीबन पांच घंटे तक बिना एसी के डॉरमेट्री में ठहरना पड़ा। वहीं लखनऊ जंक्शन और आईआरसीटीसी के अधिकारियों ने बताया कि ऐसी कोई शिकायत नहीं मिली है।

सभी डिफेंस कॉरिडोर को पर्यावरण मंत्रालय से हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

अमृत विचार: लखनऊ, कानपुर, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट के डिफेंस कॉरिडोर को पर्यावरण मंत्रालय से हरी झंडी मिल गई है। इसके बाद इन डिफेंस कॉरिडोर के औद्योगिक विकास का रास्ता साफ हो गया है। इस क्रम में पहले चरण में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश तेजी से होगा।

एनओसी मिलने के साथ ही न्यूनतम 2.70 लाख नए रोजगार के रास्ते भी खुल गए हैं। उप्र. एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी ने 21 जून को पांचों डिफेंस कॉरिडोर के लिए पर्यावरण एनओसी की जानकारी दी। 18 जनवरी को पर्यावरण मंत्रालय ने सैद्धांतिक सहमति दे दी थी और 21 जून को लिखित अनुमति प्राप्त हो गई।

राजधानी की सरोजनी नगर तहसील के भटगांव और हरौनी तहसील की 165 हेक्टेयर जमीन का विकास किया होगा। 33% जमीन को पेड़ों से आच्छादित किया जाएगा। यहां 30 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी तरह कानपुर डिफेंस कारीडोर के तहत साढ़ तहसील की 385 हेक्टेयर जमीन पर यूपीडा 23,485 पेड़ लगाएगा। यहां इंजीनियरिंग और सेकेंडरी धातुकर्म से जुड़ी रक्षा इकाइयों को प्राथमिकता दी जाएगी। ये नोड 37,440 रोजगार देगा। इसी तरह झांसी, अलीगढ़, और चित्रकूट डिफेंस कॉरिडोर के भी विकास के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

यात्रियों के लिए मार्गदर्शी एप जल्द होगा शुरू

अमृत विचार, लखनऊ: यात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम जल्द ही मार्गदर्शी एप लॉन्च करेगा। इसके माध्यम से यात्री अपने निकटतम बस स्टॉप की जानकारी ले सकते हैं। किसी भी दो बस स्टॉप के बीच में चलने वाली बसों की लाइव जानकारी हासिल कर सकते हैं।

यह जानकारी उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस ऐप से बसों का लोकेशन उनकी स्पीड, कितने बजे वह किस स्थान से पास हुई है, यह सारी जानकारी मिलेगी। इसमें डिजिटल पैनिक बटन भी लगा हुआ है, जिसका इंटीग्रेशन डायल 112 से किया जा चुका है। परिवहन मंत्री ने बताया कि इस ऐप के द्वारा यात्री विभाग को फीडबैक भी दे सकते हैं या अपने शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यात्री किसी भी बस की लाइव ट्रैकिंग कर सकते हैं। मार्गदर्शी ऐप के अंतर्गत स्पेशल सर्विसेज की सुविधा भी है।

सत्ता पक्ष-विपक्ष कर रहे संविधान के साथ खिलवाड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

प्रेस वार्ता के दौरान बसपा प्रमुख मायावती।

- संविधान के साथ खिलवाड़ उचित नहीं

अमृत विचार: बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने भाजपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता पक्ष व विपक्ष राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों संविधान बचाने का नाटक कर रहे हैं। बसपा प्रमुख मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों की अंदरूनी मिलीभगत है। भारतीय संविधान के साथ खिलवाड़ कतई उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान विरोधी दलों की जब केंद्र में सरकार रही तो उन्होंने इसमें इतने संशोधन कर दिए कि अब यह डॉ भीमराव आंबेडकर का समता मूलक, धर्मनिरपेक्ष और बहुजन हिताय संविधान नहीं रह गया है। अब यह जातिवादी, पूंजीवादी और सांप्रदायिक संविधान बनकर रह गया है।

उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को शिक्षा और नौकरी में आरक्षण का लाभ न मिले या फिर यह निष्प्रभावी रहे, इसकी कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा, कांग्रेस व अन्य दलों की सरकार गरीबी, बेरोजगारी व महंगाई से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए संविधान बचाने का नाटक कर रही है।

कांग्रेस में चेहरे बदले, लेकिन चरित्र नहीं : योगी

बोले- आपातकाल का स्मरण करें तो कांग्रेस के आज भी हाव-भाव वही हैं जो 1975 में थे

भाजपा ने मनाया काला दिवस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी में भले ही नेतृत्व बदला हो, चेहरा बदला हो, लेकिन उसका चरित्र वही है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान लगाई गए आपातकाल को याद करते हुए कहा, आज जब 50 साल के बाद हम इमरजेंसी के हालातों का स्मरण करते हैं तो स्वाभाविक रूप से कांग्रेस में चेहरे बदले होंगे, लेकिन उसका चरित्र और उसके हाव भाव आज भी वही है जो 1975 के आपातकाल में था।

अपने सरकारी आवास पर प्रेस वार्ता करते हुए मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग आज लोकतंत्र की दुहाई देते हैं, लेकिन भारत के बाहर जाकर भारत के लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करते हैं।

गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में लोकतंत्र रक्षक सेनानी को सम्मानित करते मुख्यमंत्री।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी।

लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को किया सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : मंगलवार शाम गोरखपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में भाजपा की जिला व महानगर इकाई की तरफ से आयोजित काला दिवस विषयक संगोष्ठी में भी शामिल हुए। यहां उन्होंने लोकतंत्र रक्षक सेनानी सम्मान कार्यक्रम को संबोधित करने के साथ लोकतंत्र रक्षक सेनानियों को सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक एवं लोकतंत्र रक्षक सेनानी शीतल पांडेय ने आपातकाल से जुड़े अपने संस्मरण साझा किए। कार्यक्रम में एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, विधायक विपिन सिंह, महेन्द्रपाल सिंह, राजेश त्रिपाठी, प्रदीप शुक्ल, भाजपा महानगर महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा, छोटेलाल मौर्य, मनोज शुक्ल, अच्युतानंद शाही आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानी शीतल पांडेय, रमेश विश्वकर्मा, योगेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र सिंह, डॉ. केशव सिंह, शिव प्रकाश अग्रवाल, राजाराम, दीप नारायण शुक्ला, सुरेश खन्ना, डॉ. महेश पाठक, राजकिशोर मिश्र, दुर्गा प्रसाद मिश्र, भगवती सिंह, छेदी लाल, धनराज सिंह, शंभू सिंह श्रीनेत, राजेश गुप्ता, क्षत्रपति शुक्ला, हरिलाल चौरसिया सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

संविधान के प्रति कांग्रेस की सोच का पर्दाफाश हो: भूपेन्द्र

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस द्वारा 25 जून 1975 में लगायी गई इमरजेंसी के विरोध में मंगलवार को काला दिवस मनाया। पार्टी ने पूरे प्रदेश में आपातकाल के विरोध में जिला स्तर पर संगोष्ठियां व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए। राजधानी लखनऊ में सहकारिता भवन में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की तानाशाही और संविधान के प्रति उसकी सोच का पर्दाफाश करने का आज यह दिन है। जब कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने भारत की आम जनता पर इंमरजेंसी थोपी थी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी में हमेशा से गांधी परिवार के हितों को पार्टी और देशहित से ऊपर रखा गया। यह अलोकतांत्रिक निर्णय जो आपातकाल के रूप में जबरन देश पर थोपा गया भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में काले अध्याय के रूप में दर्ज है। कार्यक्रम में आपातकाल के दौरान जेल जाने वाले लोकतंत्र सेनानियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें प्रमुख रूप से अशोक बाजपेयी, भारत दीक्षित, राजेन्द्र तिवारी, गणेश राय, राकेश स्वरूप निगम, अजीत कुमार सिंह, अजय देव आहूजा, हरिश्याम रस्तोगी, देवीदीन पाल, राम किशोर शर्मा आदि शामिल रहे।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
(Clinical Oncologist and Radiotherapist), MD, DNB, Medvar. Dip. Clinical, Oncologist, Ex Consultant Tata Memorial Hospital Mumbai, P.G.I.M.E.R. Chandigarh
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

मौसम

तेज हवा चलेगी और बिजली गिरने की संभावना है।

40.0° अधिकतम तापमान | 29.2° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- गोमती नगर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी हाल में ईको पर्यटन विकास बोर्ड की देखरेख में कार्यक्रम संवाद- 2024- 9 :00 बजे।
- विवि और महाविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर विविध आयोजन- 10 :00 बजे।

परिवहन मंत्री से सुविधा शुल्क की शिकायत, जांच को पहुंचे अफसर तो सिल गए होंठ

परिवहन मंत्री से वाहन मालिकों की शिकायत के बाद फिटनेस सेंटर पहुंचे उप परिवहन आयुक्त, बनेगी तीन दिन की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : वाहनों का फिटनेस के नाम पर सुविधा शुल्क लेने समेत तमाम शिकायतें परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह तक पहुंचीं तो हकीकत जानने मंगलवार को उप परिवहन आयुक्त पहुंच गए। उन्होंने वहां मौजूद करीब 24 वाहन स्वामियों से स्पष्ट पूछा, फिटनेस के एवज में सुविधा शुल्क तो नहीं लिया जा रहा, परेशान तो नहीं किया जा रहा, दलालों का हस्तक्षेप तो नहीं है। किसी भी वाहन स्वामी ने मुंह नहीं खोला। सभी एक-दूसरे के और फिटनेस सेंटर कर्मचारियों के मुंह ताकते रहे।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फिटनेस सेंटर में वाहनों के फिटनेस की जांच की जाती है। यहां पर फिटनेस के एवज में सुविधा शुल्क लेने, परेशान करने समेत कई शिकायतें परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह के पास पहुंची थीं। इस पर मंगलवार को उप परिवहन आयुक्त (डीटीसी) सुरेंद्र कुमार हकीकत जानने पहुंचे। उस समय सेंटर पर 24-25 वाहनों को स्वामी, चालक मौजूद थे। डीटीसी ने उन लोगों से पूछा फिटनेस के एवज में वसूली और परेशान तो नहीं किया जा रहा। वाहनों को पास-फेल कराने में दलालों की भूमिका रहती है क्या। इन सवालों पर कुछ देर के लिए फिटनेस सेंटर के कर्मचारियों और अधिकारियों को सांसें अटक गई, कहीं कोई मुंह न खोल दे। किंतु वहां मौजूद किसी भी वाहन स्वामी, चालक ने मुंह नहीं खोला। कई बार टोकने पर बोले, ऐसी कोई दिक्कत नहीं है।

डीटीसी ने कहा कि शिकायतें पहुंची हैं, अभी दो-तीन दिन गोपनीय जांच चलेगी। किसी भी तरह की शिकायत मिली तो फिटनेस सेंटर पर कार्रवाई की जाएगी। जिन वाहनों की फिटनेस हुई है, उनका ब्योरा तलब किया गया है। ये पता किया जा रहा है कि कौन-कौन से वाहन फेल किए गए और कौन से फिटनेस में पास। फिटनेस रिपोर्ट उसी दिन मिलनी चाहिए, इसे लेकर भी फर्म से जवाब तलब किया जा रहा है।

वाहनों के फिटनेस सेंटर में जांच करते उप परिवहन आयुक्त और आरटीओ।

दो महीने से एसी खराब है...

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फिटनेस सेंटर पूरी तरह से वातानुकूलित है। आरआई और एआरटीओ के अलावा फिटनेस सेंटर के प्रतिनिधियों और कर्मचारियों के कमरों भी पूरी तरह वातानुकूलित हैं। लेकिन आरटीओ के कमरे का एसी पिछले दो माह से खराब पड़ा है। कई बार आरटीओ ने एसी ठीक कराने को कहा लेकिन कर्मचारियों पर कोई असर नहीं हुआ। मंगलवार को डीटीसी सुरेंद्र कुमार जब फिटनेस सेंटर का निरीक्षण करने पहुंचे तो आरटीओ उदयवीर सिंह ने दो माह में भी एसी ठीक न होने की शिकायत भी की। डीटीसी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही कमरे का एसी ठीक कराया जाएगा।

आग बुझाने की दी गई ट्रेनिंग

आरटीओ कार्यालय में कर्मचारियों को आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया गया। अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग की जानकारी कर्मचारियों को दी गई। फायर एक्सटिंग्विशर के जरिए कैसे तत्काल आग पर नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है, इसका प्रशिक्षण दिया गया।

लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में बढ़ेंगे 28 बेड

अमृत विचार, लखनऊ : लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में 28 बेड बढ़ाए जाएंगे। इसकी कवायद संस्थान प्रशासन की ओर से शुरू कर दी गई है।

लोहिया की इमरजेंसी में करीब 55 बेड पर मरीजों की भर्ती हो रहे है। यहां रोजाना मरीज आने की संख्या औसतन 250 से 300 तक है। स्ट्रेचर पर इलाज किया जा रहा है। बेड की कमी के कारण मरीजों को दूसरे संस्थान रेफर करना पड़ता था। संस्थान प्रशासन ने इमरजेंसी के सामने ट्रॉमा भवन के होल्डिंग एरिया को खत्म करने की तैयारी की है। अभी होल्डिंग एरिया में 10 बेड पर मरीजों को भर्ती किया जा रहा है। अब इसमें 28 बेड होंगे। नई यूनिट ऑक्सीजन समेत सभी जरूरी उपकरण से लैस होगी।

एक नजर

जोन सात में गृहकर संबंधी शिविर आज

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के इन्दिरा नगर स्थित जोन सात कार्यालय में बुधवार को सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जीआईएस सर्वे के दौरान बढ़े हुए गृहकर पर आपत्ति दर्ज कराने के साथ नामांतरण सम्बंधी प्रकरणों का निस्तारण किया जाएगा। यह जानकारी उप नगर आयुक्त एवं जोनल अधिकारी जोन सात ने दी। उन्होंने बताया कि गृहकरदाता शिविर में पहुंचकर आवासीय भवनों पर गृहकर में 15 प्रतिशत और गैर आवासी सम्पत्तियों पर 10 प्रतिशत छूट का लाभ उठा सकते हैं।

पीजीआई नर्सिंग कर्मियों ने खत्म किया धरना

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई में डॉक्टर पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाने वाले नर्सिंग अफसर ने मंगलवार को अपनी शिकायत वापस ले ली है। संस्थान निदेशक डॉ. आरके धीमान से हुई वार्ता के बाद नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन ने धरना खत्म कर दिया है। एसोसिएशन की अध्यक्ष लता सचान और महामंत्री विवेक सागर ने कहा कि संस्थान प्रशासन की ओर से किसी भी नर्सिंग अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई न की जाये। साथ ही भविष्य में नर्सिंग कर्मियों के साथ मारपीट व अन्य घटना की पुनरावृत्ति न हो। एनएसए की ओर से यह शर्तें संस्थान निदेशक के समक्ष रखी गईं। जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। हालांकि, बातचीत से पहले सुबह 10 बजे से कर्मियों ने प्रशासनिक भवन के पास इकट्ठा होकर कार्य बहिष्कार कर धरना दिया था।

अंसल से नगर निगम को मिलेगा 30 करोड़ गृहकर, शासन की मंजूरी

शहर की वीआईपी और सबसे बड़ी टाउनशिप को अभी मुफ्त दी जा रहीं सुविधाएं

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के वीआईपी और सबसे बड़े टाउनशिप अंसल एपीआई से टैक्स वसूलने को लेकर शासन में हुई बैठक में मंजूरी मिल गई। इस प्रस्ताव को अगली कैबिनेट में भेजा जाएगा। कैबिनेट की मुहर लगते ही नगर निगम यहां से पानी, सफाई और भवनों का कर वसूलेगा। सपा सरकार में बनकर तैयार हुई इस टाउनशिप में आवंटियों के विवाद और कई पेचीदगियों की वजह से एलडीए ने अब तक पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नही किया था। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि 1500 फ्लैट्स, पांच बड़े और 300 छोटे होटल वाले इस टाउपशिप से प्रतिवर्ष करीब 30 करोड़ रुपये टैक्स मिलेगा।

सपा सरकार में रियायती दर पर भूमि लेकर अंसल ग्रुप ने सुल्तानपुर रोड पर हाईटेक टाउनशिप का निर्माण किया था। पांच सितारा होटल से लेकर कई बड़े प्रतिष्ठान यहां बने हैं। प्रदेश के बड़े उद्योगपतियों से लेकर ब्यूरोक्रेट्स तक के बंगले और फ्लैट्स इसी टाउनशिप में हैं। नगर निगम यहां सीवर, पानी, सफाई और मार्ग प्रकाश सहित सभी मूलभूत सुविधाएं मुफ्त में मुहैया कर रहा है। लेकिन एलडीए की ओर से पूर्णता प्रमाण पत्र न मिलने की वजह से टाउनशिप निगम को हस्तांतरित नहीं हो पाया था। इसकी वजह से निगम यहां सुविधाएं देने के बाद भी टैक्स नहीं ले पा रहा था।

आवासीय और व्यवसायिक क्षेत्र से निगम को कोई टैक्स नही मिल रहा था। इसपर नगर निगम ने मुद्दा शासन में रखा। सोमवार को शासन में इसपर बैठक हुई जिसमें कर वसूली को मंजूरी मिल गई।

नगर निगम को हैंडओवर होगी योजना

नगर निगम जल्द ही अंसल टाउनशिप का हैंडओवर लेगी। अभी यह योजना लखनऊ विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में है। एलडीए द्वारा अंसल को पूर्णता प्रमाणपत्र देने के बाद नगर निगम गृहकर निर्धारित करेगा।

टैक्स लगाने पर कोर्ट चला गया था सेंट्रम होटल

गृहकर को लेकर नगर निगम और अंसल के बीच विवाद काफी समय से चल रहा है। नगर निगम ने अंसल एपीआई में फाइव स्टार सेंट्रम होटल पर टैक्स लगाया तो संचालक उच्च न्यायालय चले गए थे। अंसल में चार बड़े होटल और हैं। इसके अलावा 300 छोटे होटल भी हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने न्यायालय के सामने अपना पक्ष रखते हुए कहा हमारा अधिनियम कहता है कि शहरी क्षेत्र में आने पर नगर निगम टैक्स ले सकता है।

कचरा निस्तारण को प्रतिष्ठानों में लगाएं कंपोस्टिंग मशीन

अमृत विचार, लखनऊ : ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबंधन नियम 2016 के तहत एक दिन में 100 किलो से अधिक ठोस अपशिष्ट कचरा उत्सर्जित करने वाली संस्थाओं को निस्तारण के लिए कंपोस्टिंग मशीन लगाना आवश्यक है। इनमें होटल, रेस्टोरेंट, विवाह घर, हॉस्पिटल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, रेजिडेंस, कैंटीन, वेलफेयर एसोसिएशन, सब्जी मंडी आदि शामिल हैं। नगर निगम ने ऐसे समस्त प्रतिष्ठानों के प्रबंधकों से अपील की है कि आर्गेनिक कंपोस्टिंग मशीन लगा लें। नगर निगम द्वारा निरीक्षण के दौरान यदि नियम का अनुपालन नहीं पाया गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

इंट्रीगल यूनिवर्सिटी से जमा कराया 1.35 करोड़ टैक्स

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने कुर्सी रोड स्थित इंट्रीगल यूनिवर्सिटी से 1.35 करोड़ रुपये गृहकर जमा कराया है। नगर निगम जोन सात कार्यालय ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए यह धनराशि जमा कराई है। जोन तीन कार्यालय में भी इंट्रीगल यूनिवर्सिटी का कुछ क्षेत्र आता है। यूनिवर्सिटी ने लगभग 20 लाख रुपये की चेक जोनल कार्यालय को दी है।

अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के सभागार में स्काई होप नृत्य प्रतियोगिता में प्रस्तुति देतीं प्रतिभागी। अमृत विचार

मिल एरिया चौकी से हरचंदपुर कनौरा की ओर जाने से बचें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र (तुलसीदास मार्ग पर स्थित) मिल एरिया चौकी से हरचंदपुर कनौरा क्रॉसिंग तक बुधवार को अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

डीसीपी ट्रैफिक कमलेश दीक्षित ने बताया कि सुबह 11 बजे से अभियान के समापन तक क्षेत्र के कुछ प्रमुख रास्तों पर डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगी।

▸▸ सुबह 11 बजे से चलेगा अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

ट्रैफिक से संबंधित समस्या आने पर संबंधित व्यक्ति कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।

राजाजीपुरम से बालागंज मंदिर से हरदोई रेलवे क्रॉसिंग (कनौरा क्रासिंग) की तरफ वाहन चालक आवाजाही नहीं कर सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग बालागंज मंदिर से बाएं एवरेडी तिराहा होकर निर्धारित किया गया है।

चंदन नगर से लंगड़ा फाटक होते हुए हरदोई रेलवे क्रॉसिंग (कनोरा फाटक) बालागंज की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग लंगड़ा फाटक और हरदोई रेलवे ओवर ब्रिज से बाएं होकर निर्धारित किया गया है।

कुकरैल नदी के पास 22 तालाबों में होगा बारिश के पानी का संचयन

जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

कलेक्ट्रेट सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक करते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार।

कार्यालय संवाददता लखनऊ

अमृत विचार : कुकरैल नदी तट के पास 22 तालाबों की सफाई करके वर्षा जल संचयन किया जाएगा। इससे नदी के प्राकृतिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी। जिला गंगा समिति की बैठक में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने सिंचाई विभाग एवं लघु सिंचाई विभाग को यह निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस कार्य में आस-पास के ग्रामीण एवं विशेषज्ञों का सहयोग लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि नदी में डिसिल्टिंग के पहली परत का कार्य बारिश से पहले अवश्य पूरा कर लें। इसके बाद कुकरैल नदी के किनारे दो पंक्ति में पौधारोपण कराएं। उन्होंने सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग को लखनऊ में मृतप्राय बेहटा, कुकरैल, रैठ एवं सई नदी को पुनर्जीवित करने के लिए शीघ्र कार्ययोजना के अनुसार कार्य कराने के लिए निर्देशित किया।

सीएंडडी वेस्ट के निस्तारण के लिए उठाएं कड़े कदम

जिलाधिकारी ने जिला पर्यावरण समिति की बैठक में नगर निगम को जीरो सीवेज डिस्चार्ज योजना एवं सीएंडडी वेस्ट के शत-प्रतिशत निस्तारण के लिए कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय अधिकारी उप्र प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड को ई-वेस्ट प्रबन्धन के लिए कार्यवाही की रिपोर्ट वन विभाग को प्रस्तुत करने को कहा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि जैव चिकित्सा, अपशिष्ट प्रबन्धन के लिए की जा रही कार्यवाही की रिपोर्ट वन विभाग को प्रस्तुत की जाये।

पौधरोपण को करें जागरूक

जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण समिति के सदस्यों से कहा कि विभागवार आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष गड्ढा खुदवाने के साथ पौध मांग पत्र 30 जून तक प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग के कार्यालय से अवश्य जारी करा लें। उन्होंने कहा कि 1 से 7 जुलाई तक प्रत्येक विभाग वन महोत्सव मनाएं। जिसमें मुख्य अतिथि को आमंत्रित करते हुए वृक्षारोपण जन-जागरूकता के कार्यक्रम का आयोजन किया जाये।

पांच तालाबों का होगा जीर्णोद्धार

अमृत विचार, लखनऊ : कुकरैल नदी के पुनर्जीवन से 28 किमी के दायरे में आने वाले पांच तालाबों का भी अस्तित्व लौटेगा। इसमें उद्गम स्थल के दसौर बाबा तालाब को ग्राम्य विकास विभाग ने अमृत सरोवर का रूप दिया है।

कुकरैल नदी का पुनर्जीवन होने से मिट चुके बीकेटी व चिनहट क्षेत्र के दसौर बाबा, तालाब, नर्सरी तालाब, महेबा तालाब समेत पांच तालाब का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी ग्राम्य विकास विभाग को मिली है। पहले चरण में बीकेटी के अस्ती गांव में दसौर बाबा तालाब को अमृत सरोवर का रूप दिया है और शेष कार्य जारी है।

अस्ती गांव कुकरैल नदी का उद्गम स्थल, जहां दसौर बाबा तालाब के साथ पुरातन कालीन कुआं है। इसी से नदी में पानी आता था जो अस्ती गांव क्षेत्र में साढ़े चार किमी होते हुए कुकरैल जंगल की तरफ से गोमती नदी में मिलता था। अस्ती से गोमती की दूरी 28 किमी है। इस बीच के अन्य तालाबों को अमृत सरोवर का रूप दिया जाएगा। नदी के साथ तालाब भी पहचान खो चुके हैं। मनरेगा से सफाई व खुदाई कर अन्य कार्य कराए जाएंगे। 10 से 12 लाख रुपये एक तालाब में खर्च होंगे। बारिश से पहले संरक्षित किए जाएंगे। दसौर बाबा तालाब में बारिश का पानी संरक्षण कर नदी में छोड़ा जाएगा।

ब्रीडिंग सेंटर में कुत्तों का लाइसेंस नहीं मिलने पर दो हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम के कैटल कैचिंग दस्ते ने मंगलवार को पेट शॉप, पेट्स ब्रीडिंग सेंटर और डॉग लाइसेंस चेकिंग अभियान चलाया। पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा के नेतृत्व में चले अभियान में आलमबाग के भोला खेड़ा में रतनाम पेट शॉप पर जांच की गई। यहां चार डॉग बिना लाइसेंस मिले।

इस पर 20,000 रुपये जुर्माना वसूला गया। तीन कुत्ते जर्मन शेफर्ड एक पोमेरियन नस्ल का है। इन डॉग का रेबीज वैक्सीनेशन भी नहीं था। रतनाम पेट शॉप पर डॉग की अवैध ब्रीडिंग के साथ खरीद फरोख्त की भी पुष्टि हुई।

पेट शॉप का उत्तर प्रदेश जीव जंतु कल्याण बोर्ड से रजिस्ट्रेशन भी नहीं था। राजाजीपुरम स्थित पेट शॉप ब्लू बेर्री मौके पर बंद मिली। क्रिस्टल पेट शॉप पर मौके पर कोई डॉग नहीं मिला। डॉग उपलब्ध कराये जाने की सूचना पर दोनों पेट शॉप को नोटिस जारी की जाएगी।

▸▸ कैटल कैचिंग दस्ते ने पेट शॉप पेट्स ब्रीडिंग सेंटर पर की जांच

आलमबाग के भोलाखेड़ा में रतनाम पेट शॉप पर छापेमारी करता कैटल कैचिंग दस्ता।

लखनऊ से होकर चलने वाली 10 ट्रेनों के फेरे बढ़े

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ मंडल से होकर जाने वाली 10 स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ा दिए हैं। शेड्यूल जारी कर दिया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक लखनऊ रेखा शर्मा ने बताया कि रेलवे की वेबसाइट या 139 नंबर पर जानकारी ले सकते हैं।

ट्रेन नंबर 09195 वडोदरा जंक्शन मऊ जंक्शन शनिवार को चलती है। इस ट्रेन के फेरे 10 जुलाई तक बढ़ाए गए हैं। मऊ जंक्शन से वडोदरा तक चलने वाली ट्रेन नंबर 09196 ट्रेन 30 जून तक प्रत्येक सोमवार को चलती थी। अब ट्रेन को 10 जुलाई बुधवार तक चलाया जाएगा। ट्रेन नंबर 09417 स्पेशल ट्रेन अहमदाबाद जंक्शन से दानापुर 24 जून तक चलाई जानी थी। अब ट्रेन के समय में बदलाव किया गया है। ट्रेन अब 10 जुलाई तक चलाई जानी है। ट्रेन नंबर 09406 पटना जंक्शन साबरमती जंक्शन तक चलने वाली विशेष ट्रेन 27 जून तक चलाई जा रही थी। यह ट्रेन गुरुवार को चलती है। अब इसके फेरे 10 जुलाई तक बढ़ाए गए हैं। ट्रेन नंबर 09183 मुंबई सेंट्रल वाराणसी विशेष ट्रेन 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को चलाई जानी थी, लेकिन ट्रेन को 10 जुलाई बुधवार तक के लिए शेड्यूल कर दिया गया है। ट्रेन नंबर 09184 विशेष ट्रेन वाराणसी से मुंबई तक चलती है। ट्रेन जून तक प्रत्येक शुक्रवार को शेड्यूल थी, लेकिन ट्रेन के फेरे 10 जुलाई तक बढ़ा दिए गए हैं।

विकास | गोमती रिवर फ्रंट में लंदन की तर्ज पर झूले की तरह बनाई जाएगी आई रिंग

'लखनऊ आई' से देखने को मिलेगा पूरे शहर का नजारा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ड्रोन और सेटेलाइट की तस्वीरों में दिखने वाला राजधानी का नजारा जल्द आंखों के सामने देखने को मिलेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) लंदन की तर्ज पर ''लखनऊ आई'' रिंग बनाने जा रहा है। झूले की शक्ल वाले इस आई रिंग में बैठकर पूरा शहर दिखेगा।

एलडीए ने यह कार्य अपनी संस्था प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सेल (पीएमसी) को दिया है। जो आर्किटेक्ट के माध्यम से इसका खाका तैयार कर रही है। पीएमसी ने लखनऊ आई बनाने के लिए गोमती रिवर फ्रंट में हनुमान सेतु की तरफ व ला मार्टिनियर स्कूल की तरफ जगह चिह्नित की है। इनमें से किसी एक में लखनऊ आई बनेगा। करीब 15 दिन में इसकी डिजाइन, डीपीआर लागत आदि का प्रस्ताव तैयार कर चेयरमैन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा।

उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि प्रक्रिया चल रही है, जल्द टेंडर डाले जाएंगे।

▸▸ हनुमान सेतु और ला मार्टिनियर स्कूल के पास जगह चिह्नित

2014 में बनी थी डिजाइन 200 करोड़ लागत

एलडीए लखनऊ आई काफी समय से बनाने का प्रयास कर रहा है। लेकिन, प्रोजेक्ट बड़ा और कठिन होने के कारण धरातल पर नहीं उतर पाया है। 2014 में यह प्रस्ताव बना था और आर्किटेक्ट द्वारा इसकी डिजाइन बनाई गई थी। उस समय 200 करोड़ लागत तय की गई थी। तब से अब काफी अंतर होने के कारण लागत दो गुनी हो सकती है। इस बार बजट आड़े नहीं आएगा। प्राधिकरण इसे प्राथमिकता से बनाएगा।

10 एकड़ में बनेगा लखनऊ आई, लंदन से भी होगा ऊंचा : लंदन आई की 135 मीटर ऊंचाई है। जबकि लखनऊ आई 140-150 मीटर ऊंचा बनेगा। इसका क्षेत्रफल 10 एकड़ के आसपास होगा। इसका कार्य किसी बाहरी राज्य की एजेंसी को टेंडर देकर कराया जाएगा। यदि एजेंसी न मिली तो किसी देश से संपर्क किया जाएगा। लखनऊ आई में एयर कंडीशन कैप्सूल होंगे। जिसमें बैठकर शहर का नजारा दिखेगा। अंदर खाने-पीने की व्यवस्था भी होगी। झूले का एक चक्कर करीब 25-30 मिनट का होगा। जो काफी धीमे नीचे से ऊपर की तरफ घूमेगा। शहर का हेरीटेज एरिया, बिल्डिंग, पार्क, नदी आदि दिखायेगा।

एक नजर

ब्रजेश पाठक ने किया चार जिलों के सीटी स्कैन सेन्टरों का लोकार्पण

अमृत विचार, लखनऊ : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को लाल बहादुर शास्त्री भवन के चतुर्थ तल स्थित सभागार से उप्र. के चार जिलों अयोध्या, बहराइच, प्रतापगढ़, सहारनपुर के चिकित्सा महाविद्यालयों में सीटी स्कैन सेन्टर का वर्चुअली लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि नवीन सिटी स्कैन सेंटर आम जनता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल है। राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना से जहां एक ओर जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा मिल रहा है, वहीं दूसरी तरफ पठन-पाठन के लिए मेडिकल व पैरामेडिकल छात्रों को अधिक अवसर मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री ने चारों महाविद्यालयों के चिकित्सकों से अनुरोध किया कि वे सभी मरीजों से सहानुभूतिपूर्वक व्यवहार करें तथा लावारिस मरीजों को अपना परिजन मानकर देखभाल व उपचार करें।

सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरावन कला गांव में सरकारी जमीन पर हो रहे कब्जे को हटाने नगर निगम की टीम पहुंची और जमीन को कब्जामुक्त कराया। दुबग्गा थाना क्षेत्र के ग्राम बरावन कला के गाटा संख्या 1213 रकबा 0.145 हे0 भूमि से तहसीलदार संजय सिंह कनौजिया व नायब तहसीलदार राजेन्द्र कुमार की उपस्थिति में सरकारी (ग्रामसभा) की जमीन पर हो रहे कब्जेदार द्वारा कब्जे का अतिक्रमण हटवाया गया। मौके पर लेखपाल सेफुलहक, अरुण गौतम, अनुपम कुमार और अजीत तिवारी उपस्थित रहे।

केजीएमयू के लिंब सेंटर में भंडारे का आयोजन

अमृत विचार : केजीएमयू के लिंब सेंटर में संचालित सम्राट विक्रमादित्य सेवा संस्थान की ओर से मंगलवार को ज्येष्ठ माह के समापन मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, परिसर के अधीक्षक व पीएमआर विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल गुप्ता ने पूजन अर्चना के बाद भंडारे की शुरूआत की। इस मौके पर हड्डी रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशीष श्रीवास्तव व गठिया विभाग के अध्यक्ष डॉ. पुनीत कुमार सहित सिंधी महासभा के अध्यक्ष नानक चंद लखमानी, आयुष विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुनित, पीसीएफ के डायरेक्टर अनुराग पांडेय, सौरभ सिंह और आनंद पांडेय मौजूद रहे।

नीट रद करने की मांग को लेकर लोकभवन जाते समय सपा छात्र सभा के पदाधिकारी पुलिस की बैरीकेडिंग पर चढ़कर आगे बढ़े तो पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हें रोका और झंडे-बैनर छीन लिए। अमृत विचार

सपा के प्रदर्शन में पटकीं लाठियां, बरसाए थप्पड़

नीट रद और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर सड़क पर उतरे कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः नीट रद करने और केंद्रीय शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर लोकभवन जा रहे सपा छात्रसभा कार्यकर्ताओं की मंगलवार को विक्रमादित्य मार्ग पुलिस से झड़प हो गई। प्रदर्शनकारियों के उग्र होने पर पुलिस ने लाठियां पटकी और थप्पड़ भी चटकाए। समझाने पर नहीं माने तो प्रदर्शनकारियों उठाकर, घसीटकर बस में बैठाया और ईको गार्डन अस्थाई जेल ले गए। देर शाम सभी को रिहा कर दिया गया।

समाजवादी छात्र सभा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंगलवार को सपा कार्यालय में एकत्र हुए। रैली के रूप में 11 बजे यहां से लोकभवन की ओर कूच किया। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने विक्रमादित्य मार्ग पर बैरिकेडिंग लगा रखी थी। नीट रद करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के साथ प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग के पास नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस उन्हें समझाकर वापस करना चाह रही थी, लेकिन बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बैरिकेडिंग फांदकर राजभवन रोड की ओर बढ़ने लगे। रोकने का प्रयास करने पर पुलिस से प्रदर्शनकारियों की झड़प हो गई।

इस पर पुलिस ने लाठियां पटकनी शुरू की। ये देख प्रदर्शनकारी उग्र हो गए। शामिल महिला कार्यकर्ता पुलिस का घेरा तोड़कर आगे निकलने लगी। पुलिस ने उसे दौड़कर पकड़ा। इसके बाद अन्य प्रदर्शनकारियों को घसीट-घसीटकर बस में भर लिया। इसमें कुछ कार्यकर्ता मामूली चोटिल भी हुए। काफी मशक्कत के बाद पुलिस प्रदर्शनकारियों को ईको गार्डन स्थित अस्थाई जेल ले गई, जहां देर शाम सभी को रिहा कर दिया गया।

नीट रद करने की मांग को लेकर सपा छात्र सभा के प्रदर्शन में शामिल महिला कार्यकर्ता को पकड़े पुलिस और कार्यकर्ता को थप्पड़ मारता पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

प्रदर्शन के दौरान अचेत कार्यकर्ता।

कार्यकर्ता ज्यादा होने से फेल हुआ प्लान

लखनऊ : पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए फुलप्रूफ प्लानिंग कर रखी थी। रात में ही बैरिकेडिंग लगाकर विक्रमादित्य मार्ग को रोक दिया गया था। लेकिन कार्यकर्ताओं की संख्या ज्यादा होने की वजह से प्लान फेल हो गया।

अमौसी एयरपोर्ट पर यात्रियों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एयरोब्रिज के आगे टर्मिनल के बीच गेट न खुलने से हुई परेशानी

अमृत विचार : दुबई से एयर इंडिया की उड़ान आई लेकिन एयरोब्रिज के आगे टर्मिनल के बीच का गेट काफी देर तक नहीं बंद रहा। ऐसे में तो यात्रियों ने हंगामा किया। कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर सीआईएसएफ मुख्यालय को टैग करते हुए नाराजगी जताई। इस गेट को खोलने और बंद करने की जिम्मेदारी केंद्रीय औद्योगिक बल की है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस की दुबई से उड़ान आईएक्स 194 सुबह साढ़े नौ बजे अमौसी एयरपोर्ट पर उतरी। इस फ्लाइट को 103 आर, बे में खड़ा किया गया। विमान से एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 तक आने के लिए एयरोब्रिज लगाया गया। विमान के गेट खुलने के बाद एक-एक कर सभी 166 यात्री बाहर आए। यात्रियों के अनुसार एयरोब्रिज से होते वे टर्मिनल तक पहुंचे तो शीशे का गेट बंद मिला।

परेशानी बताते यात्री।

एयरपोर्ट प्रवक्ता का कहना है कि ऑटोमेटेड गेट है। खुलने में 30 सेकंड ही लगे। यात्री ने गलत पोस्ट किया है।

दो घंटे रुकी रही फ्लाइट

बरेली में आंधी बारिश से बेंगलुरू की उड़ान काफी देर हवा में चक्कर लगाती रही। इसके बाद इसे लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। बेंगलुरु से बरेली की फ्लाइट 6 ई 6533 मंगलवार को दिन में 1:30 बजे बरेली पहुंची थी। विमान ने पूर्व सुबह 10:40 बजे उड़ान भरी थी। विमान में सवार यात्रियों ने करीब एक घंटे इंतजार किया। उनके सब्र का बांध टूटने लगा। एयरलाइन्स की ओर से सही सूचना नहीं मिल रही थी कि विमान यहां से जाएगा या सड़क मार्ग से भेजा जाएगा। एक यात्री ने बताया कि सही सूचना नहीं मिलने पर यात्रियों ने हंगामा किया। शाम चार बजे विमान को बरेली रवाना किया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

NOTICE

Pervinder Singh S/o Sukhvinder Singh R/o Bhoopatipurva Nighasan District Kheri lost his High school marksheet Roll no 0964927 passed 2019 and Intermediate Marksheet Roll no 215807489 passed 2021, Mob: 9919600276

सूचना

मैंने अपना नाम VARISH से बदलकर MOHAMMAD VARIS रख लिया। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O- MAJID, ADD- HARDOI ROAD BEHIND GADDI BAGIYA, ZAHID NAGAR, SIKRAURI KAKORI, LUCKNOW-226101 (U.P.)**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरा पुत्र रितेश मेरा कहना नहीं मानता है। रितेश का आचरण ठीक नहीं है, जिसके चलते मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य के प्रति मै और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं हैं और न होगा। अपने किए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **राम सजीवन पुत्र रामकृष्ण निवासी पूरे अंबर वीर डिहवा मजरे दतौली थाना लालगंज जिला रायबरेली उ0प्र0।**

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैने अपनी पुत्रवधू सोनी पत्नी स्व. राजीव कुमार से संबध विच्छेद कर अपनी सभी चल अचल संपत्ति से उसे बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए सभी कार्यो की वह स्वंय जिम्मेदार होगी। मेरा कोई ताल्लुक वास्ता नही होगा। **शिवनाथ सिंह पुत्र राजाराम निवासी हसेरन तहसील तिर्वा कन्नौज।**

सूचना

मु0अ0सं0 107/23 धारा 354, 294, 323, 504 iPC व 9 छ/10 पाक्सो एक्ट थाना राजपुर का0दे0 से सम्बन्धित अभियुक्त प्रमोद उर्फ कल्लू पुत्र राजनरायन नि0 ग्राम भाल थाना राजपुर का0दे0 के मा0 न्यायालय हाजिर नहीं होने पर कुर्की की उद्घोषणा का आदेश मा0 न्यायालय कानपुर देहात द्वारा जारी किया गया यदि अभियुक्त प्रमोद दि0 13/07/2024 तक हाजिर नहीं हुआ तो उसके विरूद्ध कुर्की की कार्यवाही की जायेगी।

पंकज कुमार
(उ0नि0)
थाना राजपुर, जनपद का0दे0

सूचना

सूचित हो कि मैं राम नारायण सिंह पुत्र तुलाराम सिंह निवासी 6/468 निकट पीपल वाला पार्क, विकास नगर लखनऊ, 226022 अपने छोटे पुत्र रमेश प्रताप सिंह के गलत चाल-चलन की वजह से अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उसके किसी भी लेन-देन व कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **राम नारायण सिंह**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (मु0) जलकल विभाग, नगर निगम (शहरी), लखनऊ

पत्रांक : 648/ई0ई0(एच0क्यू0)/2023-24 दि0: 25.06.2024

शुद्धि-पत्र

पूर्व प्रकाशित निविदा संख्या 603/ई0ई0 (एच0क्यू0) 24-25 दिनांक 20.06.2024 मे क्रम संख्या-1 पर अंकित निविदा मे धरोहर धनराशि रू0 8,500.00 एवं निविदा शुल्क रू0 500.00 त्रुटिवश अंकित हो गया था। उपरोक्त निविदा मे धनराशि रू0 3,000.00 एवं निविदा शुल्क रू0 200.00 पढ़ा व समझा जायेगा। शेष नियम व शर्तें पूर्ववत् होंगी।

अधिशासी अभियन्ता (मु0)
जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का चुनाव 29 व 30 को

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ 102 पदों के लिए होंगे नामांकन 125 पदों पर मनोनयन

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का प्रांतीय चुनाव राजधानी के मोतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में 29 व 30 जून को होगा। जिसमें 102 पदों के लिए नामांकन और 125 पदों पर मनोनयन किया जाएगा। यह जानकारी प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने मंगलवार को आयोजित बैठक में व्यापारियों को दी।

कंछल ने कहा कि प्रांतीय चुनाव की समस्त कार्यवाही प्रमुख चुनाव अधिकारी जसवंत बत्रा सहारनपुर, सहायक चुनाव अधिकारी संजय अग्रवाल लखीमपुर, सुनील गुप्ता लखनऊ, बसंत सिंह बग्गा रायबरेली, आयुष द्विवेदी कानपुर द्वारा सम्पन्न कराई जाएगी। विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी देंगे। चुनाव 30 जून को अग्रवाल कालेज में सुबह 8 बजे से कराया जायेगा।

30 को रविंद्रालय में होगा व्यापारी सम्मेलन

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा 30 जून को चारबाग के रविंद्रालय में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन सुबह 11 बजे से किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक एवं मुख्य वक्ता आबकारी एवं मद्यनिषेध मंत्री नितिन अग्रवाल होंगे। प्रांतीय अध्यक्ष ने बताया कि प्रांतीय त्रैवार्षिक निर्वाचन में विभिन्न जनपदों के व्यापारी प्रतिनिधि 102 पदों के लिए नामांकन भरेंगे। चुनाव के बाद निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष द्वारा 125 पदों का मनोनयन 15 दिनों के अंदर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि व्यापारी प्रतिनिधियों के लिए चारबाग एवं नाका हिंडोला के आस-पास विभिन्न होटलों में 250 कमरे आरक्षित किये गए हैं।

जल्द पूरे शहर को मिलेगी बीएसएनएल 4जी की सुविधा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचारः बीएसएनएल पूरे प्रदेश में 3 जी नेटवर्क को 4जी में अपग्रेड कर रहा है। जल्द ही पूरे लखनऊ शहर को बीएसएनएल की 4जी की सुविधा मिलने लगेगी। टॉवरों की टेस्टिंग की वजह से अभी शहर के कुछ हिस्सों में ही 4 जी सुविधा मिल रही है।

दूसरे टेलीकॉम कंपनियों के मुकाबले बीएसएनएल की 4जी सेवा काफी पीछे चल रही है। जहां दूसरी टेलीकॉम कंपनियां 5जी की सेवाएं प्रदान कर रही है। वहीं बीएसएनएल अभी भी 3जी की ही सेवाएं अपने प्रदाता को दे रहा है। इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए बीएसएनएल ने अपने नेटवर्क को अपग्रेड किया है।

उप महाप्रबंधक मोबाइल सेवा परियोजना के अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि जहां टॉवरों की संख्या कम थी वहां नए टॉवर लगाए है। प्रदेश के कई क्षेत्रों में बीएसएनएल की 4जी सेवा शुरू हो गई है। शहर में महानगर, रहीमाबाद, बीकेटी, मोहनलालगंज, मलिहाबाद समेत कुछ इलाकों में 4जी सिग्नल वाले बीटीएस टॉवर चालू किए गए हैं। धीरे-धीरे अन्य टॉवर भी सक्रिय किए जा रहे हैं। टेलीकॉम कंपनी ने हाईस्पीड इंटरनेट की सुविधा लेने के लिए उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने सिमकार्ड बदलवा लें। जिनके पास पहले से 4जी सिमकार्ड हैं उनको बदलवाने की जरूरत नहीं।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	निविदा सं.	कार्य का नाम
1	05/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ/2024-25	उप मुख्य अभियंता सेतु कार्यशाला लखनऊ के अंतर्गत महा कुंभ-25 के संबंध में फाफामऊ में सिविल कार्य सहित यात्री होल्डिंग शेड/मेला हैंगर (दूसरे प्रवेश द्वार पर एक नंबर और मुख्य प्रवेश द्वार पर एक नंबर) और फाफामऊ में पीएफ नंबर 2/3 और पीएफ नंबर 4 पर प्लेटफॉर्म शेल्टर शेड का निर्माण।
2	अनुमानित लागत	रु. 118655329.73
3	धरोहर राशि	रु. 743300/-
4	कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह
5	निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि	05.07.2024
6	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय	निविदा 19.07.2024 को 15.00 बजे तक जमा किए जा सकेगें एवं निविदा उसी दिन खोली जायेगी।
7		न्यूनतम पात्रता की शर्ते
अ	तकनीकी	(ए) निविदाकार ने पिछले 07 (सात) वर्षो के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों मे से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदा आमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अंतिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। या दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो या एक समान कार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नही होनी चाहिए।
ब	वित्तीय	निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन) या 'V' (वी) जो भी कम हो; जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोंड़ रुपये में N (एन) = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षो की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना, पिछले तीन वित्तीय वर्षो में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन-पत्र पर विचार किया जाएगा।
8	एक समान कार्य	कोई भी स्टील निर्माण का कार्य अथवा एफ ओ बी अथवा पीपी शेल्टर अथवा औद्योगिक शेड अथवा स्टील/कम्प्रोजिट गर्डर ब्रिज अथवा चैनल स्लीपर के माइक्रोवेव/एचटी टावर का निर्माण और स्थापन का कार्य।
9	वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता	www.ireps.gov.in कार्यालय उप मुख्य अभियंता/से0 कर्म0, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ

नोटः 1. ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अर्न्तगत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुअल निविदाये स्वीकृत नही की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग, पेमेंट गेटवे या बैक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू.सं.-06/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल.के.ओ/2024-2025
दिनांकः 21.06.2024 1890/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस | अभिभावकों की अनदेखी के कारण नशे की गिरफ्त में आ रहे युवा

तीन गुना बढ़ी नशे के लती मरीजों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नशा करने वालों में 8 से 10 वर्ष के बच्चे भी शामिल

▸▸ 30 वर्ष तक की आयु के युवाओं की संख्या अधिक

अमृत विचार : अभिभावकों की अनदेखी से युवा नशे के शिकार हो रहे हैं। ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल की मानसिक रोग विभाग की ओपीडी में रोजाना ऐसे 35-40 युवा आ रहे हैं। जिसमें 8-10 युवाओं को भर्ती करना पड़ा है। पिछले एक साल में नशे के लती युवाओं की संख्या तीन गुना बढ़ी है। इनमें 30 साल से कम उम्र के युवाओं के अलावा आठ से 12 साल तक के बच्चे भी शामिल हैं। नशे के लती वाइटनर, बाम और नींद की गोलियां का सेवन भी कर रहे हैं।

26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. लवकुश ने अभिभावकों को बच्चों के प्रति जागरूक होने की सलाह दी है। उन्होंने बच्चे आउटडोर खेलकूद के बजाय स्क्रीन पर अधिक समय बिता रहे हैं। ऑनलाइन गेम और अन्य पर मादक पदार्थों के लुभावने विज्ञापन दिखते हैं। युवा शराब, हीरोइन जैसे मादक पदार्थों के अलावा कुछ नशे की दवाओं का भी इस्तेमाल रहा है। बलरामपुर अस्पताल के मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अभय प्रताप ने बताया कि नशीली दवाओं का सेवन करने वाले युवाओं की संख्या तनाव और फैशन के चक्कर में बढ़ रही है। नशे से छुटकारा पाने के लिए नशा मुक्ति केंद्र पहुंचने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। एक वर्ष पहले तक ओपीडी में रोजाना 15-20 नशे से पीड़ित मरीज आते थे, अब 50-60 आ रहे हैं।

लक्षण

- स्वभाव में अचानक बदलाव आना।
- भूख न लगना। ● झूठ बोलना।
- शरीर मे दर्द और उबकाई आना।
- शौंचालय में घंटों बिताना।
- नौकरी या खेलकूद मनोरंजन गतिविधियों में रुचि न होना, चोरी करना।

दुष्परिणाम

- संक्रमण बीमारियां और स्वास्थ्य खराब होना। ● घरेलू हिंसा को बढ़वा।
- एचआईवी/एड्स ● भविष्य खराब।
- स्कूल/कॉलेज में अनुपस्थित रहना।
- नौकरी व आमदनी की क्षति।
- निराशा या खराब सेहत के कारण मौत भी हो सकती है।
- चोरी, बलात्कार और हत्या जैसे संगीन अपराध करना।

प्रेस क्लब में अर्न्तराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर प्रेस वार्ता करते एनसीबी के असिस्टेंट डायरेक्टर अजय कुमार, साथ में डॉ. सुभाष चन्द्र शर्मा। अमृत विचार

जागरुकता की कमी से बच्चे हो रहे शिकार

अमृत विचार, लखनऊ : दिशा नशामुक्ति सह पुर्नवास केंद्र और नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को यूपी प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता कर नशे के बारे में जानकारी दी गई। दिशा संस्था के डायरेक्टर कुमार दीपक ने बताया कि नशे को लेकर आमजन तो जागरुक हो रहे हैं। अस्पताल में इलाज के लिए भी पहुंचते हैं। लेकिन मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चे व युवा नशे के जद में हैं और उन्हें कोई जागरुक करने वाला भी नहीं है।

इसी उद्देश्य से दिशा संस्था की ओर से मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चों को एजुकेट करने और उन्हें नशे से होने वाले नुकसान को लेकर जागरुक किया जा रहा है। एनसीबी के असिस्टेंट डायरेक्टर अजय कुमार ने बताया कि लिक्विड ड्रग्स की सप्लाई चैन को रोकने के लिए कई गंभीर कदम उठाये जा रहे हैं। स्कावाड्न लीडर राखी अग्रवाल सोशल एक्टिविस्ट ने, कहा अपराधी कानून से ज़्यादा तेज भागता है। इसलिए अपराध के अनुसार कानून में बदलाव की आवश्यकता है। जिससे कि, हाईटेक नैक्सस को तोड़ा जा सके व नशामुक्त समाज स्थापित किया जा सके। डाक्टर सुभाषचन्द्रा शर्मा ने आध्यात्मिक जागरूकता स्वंय के बारे में पहचान, ब्रह्म मुहूर्त में जागरण, योग-व्यायाम, साधना -ध्यान से नशा से बचाव के उपाय सुझाए। डाक्टर ललित जोशी, दूदर्शन के महानिदेशक प्रभु झींगरन, साकोलॉजिस्ट डॉ. मीना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ | प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना

आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि0मी0
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि0मी0
- मटियारी चौराहा – 14 कि0मी0
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि0मी0
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि0मी0

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.

Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

एक नजर

एकेटीयू के छात्र प्रतियोगिता में लेंगे भाग

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ने संबद्ध संस्थानों के छात्र-छात्राओं को नेशनल इंटर कॉलेज क्रॉसवर्ड एक्सपेडिशन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कहा है। कुलसचिव रीना सिंह ने सभी संस्थानों को पत्र जारी कर प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराने और छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने का निर्देश दिया है।

एकेटीयू दे रहा निशुल्क कोर्स की सुविधा

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के छात्रों के पास ऑनलाइन सर्टिफिकेट प्रोग्राम करने का अवसर है। विश्वविद्यालय के साथ हुए समझौते के तहत स्मार्टब्रिज कंपनी सर्विस नाउ ग्लोबल सर्टिफिकेशन प्रोग्राम करा रही है। इसमें बीटेक के सभी ब्रांच के छात्र हिस्सा ले सकते हैं। निशुल्क ऑनलाइन माध्यम से इस कोर्स में छात्रों को उद्योगों की जरूरत के मुताबिक तैयार किया जाएगा।

अम्बाला कला शिविर में भाग लेंगे चित्रकार धीरज

अमृत विचार, लखनऊ : हरियाणा के अंबाला शहर में 15वें राष्ट्रीय पेंटिंग शिविर 27 जून से शुरू होने जा रहा है। इस शिविर में उत्तर प्रदेश लखनऊ ते युवा चित्रकार धीरज यादव भी भागीदारी करेंगे। यह कला शिविर माइंड ट्री स्कूल की ओर से आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर के क्यूरेटर मोहन शिंगने हैं। इस शिविर में देश के अलग- अलग प्रदेशों से धीरज यादव के अलावा छह चित्रकार अनिल गायकवाड़, बन्दना बन्दना, बसिस्ट, दुर्गेश बिरथरे, गोविंद विश्वास भी भागीदारी करेंगे। यह शिविर 3 जुलाई तक चलेगा। शिविर का उद्घाटन लेखक प्रयाग शुक्ल करेंगे।

आदर्श ने चटकाए छह विकेट

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच आदर्श वर्मा की शानदार गेंदबाजी की बदौलत एसएमआर क्रिकेट क्लब ने प्रथम सूरज प्रसाद सचान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच में ट्रम्फ स्टारलेट क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से हरा दिया। मंगलवार को सूर्या क्रिकेट मैदान पर खेले गए मुकाबले में ट्रम्फ स्टारलेट क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी की और 18.1 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 58 रन बनाये। जवाब में एसएमआर क्लब ने 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 60 रन बनाए और जीत दर्ज की।

नए सत्र से तीन वर्षीय एलएलबी कोर्स की पढ़ाई कर सकेंगे छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के अगले सत्र में कानून की पढ़ाई करने वाले छात्र अब संस्थान से तीन वर्षीय एलएलबी कोर्स भी कर सकेंगे। इसको लेकर विवि ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

विधि विवि अब तक एलएलबी पांच वर्षीय कराता रहा है। लेकिन अब व्यवस्थाओं को विस्तार दिया जा रहा है। कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह का कहना है कि तीन वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम को शुरू करने की तैयारी चल रही है। इसको लेकर प्रस्ताव व अन्य विभागीय प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। फीस का बुनियादी ढांचा तैयार हो गया है। विवि सीटों के आवंटन के आधार पर प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित करेगा। साथ ही नैक प्रक्रिया से गुजरकर पैरा-लीगल पाठ्यक्रम भी शुरू कराएगा।

कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह

- डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में तीन वर्षीय एलएलबी कोर्स होगा शुरू
- 9 वर्ष बाद होगा दीक्षांत समारोह, दो हजार छात्रों को मिलेंगी डिग्रियां

एक हजार छात्रों के लिए 26 शिक्षक : विधि विश्वविद्यालय में एक हजार से अधिक छात्र हैं। ये छात्र एलएलबी, एलएलएम और पीएचडी कर रहे हैं। इनको पढ़ाने के लिए 26 शिक्षक नियुक्त हैं। कुलपति का कहना है कि विश्वविद्यालय नैक प्रक्रिया से भी गुजरेगा। ऐसे में शिक्षकों की नियुक्ति को विस्तार दिया जाएगा।

फारेंसिक विज्ञान संस्थान से विवि करेगा एमओयू

कुलपति ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान और गिरी विकास अध्ययन संस्थान के साथ विश्वविद्यालय शैक्षिक सहयोग के लिए एमओयू करने जा रहा है। इसके माध्यम से पाठ्यक्रमों को और मजबूत किया जाएगा। ताकि रैंकिंग स्तर को बढ़ाया जा सके। बता दें कि एनआईआरएफ रैंकिंग में वर्ष 2018 में विवि को 8वां और 2023 में 21वां स्थान प्राप्त हुआ है।

तीन वर्ष का एलएलबी कोर्स इन्हें देगा राहत

तीन वर्षीय एलएलबी कोर्स उनके लिए उपर्युक्त है, जो बीए, बीएसी, बीकॉम या बीटेक आदि करने के बाद लॉ के क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। कुलपति का कहना है कि कई बार छात्र स्नातक पूरा होने तक अपना क्षेत्र ही नहीं तय कर पाते है, तीन साल का एलएलबी कोर्स उन्हें विकल्प भी प्रदान करता है।

13 जुलाई को होगा दीक्षांत

13 जुलाई को विवि नौ वर्ष बाद दीक्षांत समारोह आयोजित करने जा रहा है। दीक्षांत के दौरान, बीएएलएलबी, एलएलएम और पीएचडी कार्यक्रमों के दो हजार से अधिक छात्रों को उनकी डिग्रियां दी जाएंगी। 132 पदक में 70 स्वर्ण पदक शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का आना प्रस्तावित है। विवि की जनरल काउंसिल के चेयरमैन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे।

सीएमएस की मेजबानी में अंतरराष्ट्रीय यूथ मीटिंग शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल की मेजबानी में आयोजित 15-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय यूथ मीटिंग में अमेरिका, जर्मनी, नार्वे, स्वीडन, वियतनाम, इंडोनेशिया, पुर्तगाल एवं भारत के बाल प्रतिनिधि शहर में एकता व शांति का संदेश दे रहे हैं। यह अंतरराष्ट्रीय युवा मीटिंग 'सस्टेनबल डेवलपमेंट' विषय पर 24 से 8 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। जिसमें इस अंतरराष्ट्रीय युवा मीटिंग का प्रमुख उद्देश्य सम-सामयिक विषयों पर विभिन्न देशों के नन्हें-मुन्हें बच्चों के विचारों को प्रमुखता देना है।

प्रतियोगी परीक्षा के लिए अब विश्वविद्यालय भी बनेंगे केंद्र

राजकीय, एडेड कॉलेज का नाम शामिल, निजी हुए बाहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अब सरकारी नौकरी से जुड़ी कोई भी परीक्षा होगी तो उसके लिए परीक्षा केंद्र सरकारी व एडेड कॉलेजों को बनाया जायेगा। पहली बार राज्य व केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को भी परीक्षा केंद्र बनाने का आदेश जारी किया गया है। अभी तक केंद्र निर्धारण में निजी कॉलेजों को भी शामिल किया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा।

यह निर्णय पेपर लीक कांड रोकने के लिए लिया गया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव शासन के आदेश के बाद जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने भी आदेश जारी कर दिया है। इसके साथ ही केंद्र निर्धारण के लिए 10 मानकों को भी जारी किया है। ये मानक यदि नहीं पूरे होंगे तो भी कॉलेज परीक्षा केंद्र नहीं बनाए जा सकेंगे। केंद्र बनाए जाने के लिए दो श्रेणियां निर्धारित की गई हैं।

ए श्रेणी में ये बनेंगे केंद्र : मुख्य मार्ग पर स्थित राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं को शामिल किया गया है। ए श्रेणी में समुचित आवश्यक सुविधाओं वाले राजकीय माध्यमिक विद्यालय, राजकीय डिग्री कॉलेज (राज्य) व केन्द्रीय विश्वविद्यालय सहित पॉलीटेक्निक, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज और राजकीय मेडिकल कॉलेज को भी शामिल किया गया है।

- सरकार के निर्देश पर राजधानी में केंद्रों के निर्धारण का बदला गया नियम

बी श्रेणी में ये बनेंगे केंद्र : बी श्रेणी में वे सुविधा सम्पन्न वित्त पोषित शैक्षणिक संस्थाएं ही शामिल हो सकेंगी, जो पूर्व में संदिग्ध, विवादित या काली सूची में न रही हों। इसके अलावा परीक्षा केंद्र निर्धारित होते ही कॉलेज में सुविधाओं की भौतिक सत्यापन रिपोर्ट भी डीआईओएस को देनी होगी।

30 तक संस्थानों की मांगी गई सूची : जो संस्थान परीक्षा केंद्र बनने के लायक हैं, उनकी सूची भी जिलाधिकारी ने मांगी है। 30 जून तक सूची उपलब्ध करानी होगी।

नए मानक निर्धारित

- परीक्षा केंद्र श्रेणी ए और बी के अनुसार हो।
- बस व रेलवे स्टेशन से 10 किलोमीटर की परिधि में हो।
- कुल परीक्षार्थियों की क्षमता के आधार पर हो।
- कक्ष निरीक्षण व संस्थान्तर्गत अध्यापकों की संख्या के आधार पर।
- कार्मिकों की संख्या के आधार पर।
- तीन वर्षों में आयोजित कराई गयीं परीक्षाओं के अनुभव के आधार पर।
- परीक्षा केंद्र शहर की आबादी के अन्दर हो।
- परीक्षा केंद्र तक जाने के लिए यातायात साधन हो।
- मूलभूत सुविधाओं के साथ बिजली, पंखा, जनरेटर की व्यवस्था हो।
- सीसीटीवी की व्यवस्था हो।

कैबिनेट के निर्णय से 60 हजार शिक्षकों को होगा फायदा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : योगी सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) लागू किए जाने की अधिसूचना जारी होने से पहले नियुक्ति के लिए निकाले गए विज्ञापनों से भर्ती कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का विकल्प चुनने का मौका देगी।

मंगलवार को ये निर्णय कैबिनेट में पास होने के बाद लखनऊ सहित प्रदेश के 60 हजार सरकारी शिक्षकों को फायदा हो जायेगा। इस निर्णय के बाद ऐसे कर्मचारी व शिक्षक जिनकी नियुक्ति 1 अप्रैल 2005 को अथवा उसके बाद हुई है, लेकिन उस नियुक्ति का विज्ञापन एनपीएस लागू किए जाने संबंधी अधिसूचना जो 28 मार्च 2005 के पूर्व प्रकाशित हो चुका था, को पुरानी पेंशन योजना में शामिल होने का विकल्प सरकार देगी। इस नियम में आने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के कार्मिक, परिषदीय विद्यालयों, शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं तथा राज्य सरकार द्वारा अनुदानित स्वायत्तशासी संस्थाओं के कार्मिक पुरानी पेंशन चुनने के विकल्प का लाभ ले सकेंगे। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों के लिए इस आशय का आदेश 3 मार्च 2023 को जारी कर दिया था।

सरकार के फैसले ने विसंगति के शिकार प्रदेश के लगभग 60 हजार शिक्षकों, कर्मचारियों के परिवारिजनों के होंठों पर मुस्कान लाने का काम किया है।
-विनय कुमार सिंह, प्रांतीय अध्यक्ष पीएसपीएसए व प्रदेश संयोजक पुरानी पेंशन विसंगति समाधान संघर्ष मोर्चा

सरकार के इस निर्णय से हजारों शिक्षकों की मायूसी दूर हो सकेगी। बुढापे का सहारा पेंशन का लाभ मिलना बड़ी बात थी। एक नई उर्जा देने का काम सरकार ने किया है।
- महेश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महांसघ

प्रदेश सरकार ने जो निर्णय लिया है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाये वह कम है। शिक्षकों और कर्मचारियों को एक नया हौसला मिलेगा नहीं तो उम्मीद ही टूट गई थी।
-अनुराग सिंह राठौर, जिलाध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

हम सरकार के निर्णय का स्वागत करते हैं, आशा है कि सरकार आगे भी कर्मचारियों और शिक्षकों के हित में पुरानी पेंशन देने पर विचार करेगी।
-सुलोचना मौर्या, प्रदेश अध्यक्ष, महिला शिक्षक संघ

सरकार के इस सराहनीय फैसले का हम स्वागत करते हैं, अब शिक्षकों और कर्मचारियों को पेंशन का लाभ मिल सकेगा।
-तारकेश्वर शाही, प्रदेश संयोजक, पुरानी पेंशन विसंगति समाधान संघर्ष मोर्चा

शिक्षकों को राहत देने वाला निर्णय हुआ है। हम उम्मीद करते हैं कि प्रदेश सरकार हमारे अन्य शिक्षक साथियों को भी पुरानी पेंशन का लाभ देने का कोशिश करेगी।
-सुधांशु मोहन, जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ

पुरानी पेंशन स्कीम को माध्यमिक शिक्षक संघ ने भी किया स्वागत

लखनऊ : माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर आरपी मिश्रा और महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा ने पुरानी पेंशन का विकल्प दिये जाने का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि माध्यमिक शिक्षक संघ लंबे समय से इसकी मांग करता रहा है।

डॉ. आरपी मिश्रा ने बताया कि हाल ही में 22 जून को आयोजित प्रदेश स्तरीय संगोष्ठी में भी राज्य परिषद ने पुरानी पेंशन के लिए प्रस्ताव पास कर शासन को भेजा था। इसके पूर्व भी प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने विधान परिषद सदस्य रहते हुए इस मामले को नियम 105 के अन्तर्गत उठाया था। वहीं माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट से विधान परिषद सदस्य और नेता सदन ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने योगी पेंशन बहाली का विकल्प दिये जाने का स्वागत किया है। उन्होंने बताया कि सदन में कई बार उनके द्वारा इसकी मांग की जाती रही है। पेंशन के विकल्प मिलने से प्रदेश के लाखों शिक्षकों और कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।

सार-संक्षेप

रैली निकालते एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

एनसीसी कैडेट्स ने दिया नशा मुक्ति का संदेश

अमृत विचार, लखनऊ : गुरु नानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज में नशा-मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स ने नशे से मुक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकाली और पोस्टर निर्माण भी किया। यह रैली कॉलेज परिसर और आसपास के क्षेत्रों में निकाली। रैली के दौरान कैडेट्स ने नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और लोगों को इसके प्रति सजग रहने का संदेश दिया। पोस्टर निर्माण में एनसीसी कैडेट्स की ओर से नशा मुक्ति और अवैध तस्करी के खिलाफ विभिन्न रचनात्मक और प्रेरणादायक पोस्टर्स बनाए गए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरभि गर्ग और समन्वयक जिया परवीन ने नशा और अवैध तस्करी के गंभीर मुद्दों पर अपने विचार साझा किए।

पुराने लखनऊ में शूट हुई लौंग शॉर्ट फिल्म गुलाबी रेवड़ी

अमृत विचार, लखनऊ : पूरी दुनिया जहां लखनऊ की कला-संस्कृति और खानपान की दीवानी है, ऐसे में बॉलीवुड भी पीछे नहीं है। इसी कड़ी में पुराने लखनऊ में लौंग शॉर्ट फिल्म गुलाबी रेवड़ी की शूटिंग संपन्न हुई। काया प्रोडक्शन के बैनर तले पुराने लखनऊ के रूमी गेट, छोटा इमामबाड़ा, बड़ा इमामबाड़ा, कुड़िया घाट, भार्गव विला कैसरबाग, रेवड़ी मार्केट चारबाग, सलीमपुर हाऊस जैसे अन्य स्थानों पर लौंग शॉर्ट फिल्म गुलाबी रेवड़ी की शूटिंग की गई। फिल्म के मुख्य अभिनेता जय और बच्चन पांडे व संतोष शुक्ला ने बताया कि गुलाबी रेवड़ी लखनऊ की प्रसिद्ध रेवड़ी और रेवड़ी व्यापारी के पोते नित्या शुक्ला पर आधारित है। अभिनेता संतोष शुक्ला ने बताया कि लौंग शॉर्ट फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री नाजिया हुसैन, अंकित तिवारी सहित लखनऊ के बहुत से कलाकार दिखाई देंगे। निर्माता आशीष गोरेवाला ने बताया की यह फिल्म अपने नाम के अनुरूप मिठास और लखनवी अंदाज से परिपूर्ण होगी।

शूटिंग के दौरान उपस्थित कलाकार व अन्य। अमृत विचार

अमृता, तनुजा को दोहरी स्वर्णिम सफलता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- साई लखनऊ एनसीओई की प्रशिक्षुओं ने जीते 5 स्वर्ण सहित 10 पदक

अमृत विचार : भारतीय खेल प्राधिकरण, क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ (साई लखनऊ) की वेटलिफ्टिंग एनसीओई की प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने अस्मिता खेलो इंडिया महिला जोनल वेटलिफ्टिंग लीग में धमाल मचाते हुए 5 स्वर्ण, एक रजत व 4 कांस्य सहित कुल 10 पदक अपने नाम किए। पदक विजेताओं में अमृता पी. सुनी ने दो स्वर्ण जीतने के साथ सीनियर 87 किग्रा में कांस्य पदक जीता।

तनुजा पाल ने यूथ 59 किग्रा और जूनियर 59 किग्रा में दो स्वर्ण जीते। उन्होंने लिफ्ट में स्नैच 70 किग्रा, क्लीन एंड जर्क - 95 किग्रा, कुल - 165 किग्रा वजन उठाया। इसी के साथ माही महेंद्र बाबूलकर ने जूनियर 64 किग्रा में स्वर्णिम सफलता हासिल करने के बाद सीनियर 64 किग्रा में चांदी अपने नाम की। उन्होंने लिफ्टः स्नैच - 69 किग्रा, क्लीन एंड जर्क 88 किग्रा, कुल 157 किग्रा उठाया।

इसके बाद ए.पॉशिका ने जूनियर व सीनियर के 49 किग्रा वर्ग में दो कांस्य पदक जीते। लिफ्टः स्नैच - 63 किग्रा, क्लीन एंड जर्क - 82 किग्रा, कुल 145 किग्रा। दूसरी ओर वकील सहस्रा ने यूथ 76 किग्रा में कांस्य पदक जीता। लिफ्टः स्नैच 67 किग्रा, क्लीन एंड जर्क 81 किग्रा, कुल 148 किग्रा वजन उठाया।

रजनीश के खेल से एलसीए की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : मैन ऑफ द मैच रजनीश यादव की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत लखनऊ क्रिकेट अकादमी (एलसीए) ने 13वीं मुन्नू दादा चने वाले मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच मे मानचेस्टर क्लब को 3 विकेट से हरा दिया।

रजनीश यादव

कुड़ियाघाट के नये क्रिकेट मैदान पर एलसीए देखरेख में आयोजित टूर्नामेंट में मानचेस्टर क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की और 21.2 ओवर मे 197 रनों का स्कोर खड़ा कर टीम सिमट गई। अनवार ने 57 रन की पारी खेली। रुद्र और सार्थक ने 40-40 रनों की पारी खेली। एलसीए के लबीब रज, आयूष पटेल, अंकित पाल, गगन, ने दो दो विकेट लिए। जवाब में एससीए ने 17.4 ओवरो में सात विकेट के नुकसान पर 198 बना लिए और जीत दर्ज की। रजनीश यादव ने आतिशी पारी खेली।

उन्होंने 30 गेंदों पर 7 छक्के की मदद से 65 रन की पारी खेली। लबीब रजा ने 38 रन में 6 छक्के, अंकित पाल 36 रनों की बदौलत 3 विकेट से जीत हासिल की। मानचेस्टर क्लब के अदित्या ने 3, ब्रीजेश और अनवार एक एक मिला।

आरडीएसओ में जीएसवी के 29 छात्रों ने की इंटर्नशिप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आरडीएसओ के चालन शक्ति निदेशालय की ओर से गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) के 29 छात्रों की ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप ऑफ लाइन मोड में कराई गयी। यूजीसी कमेटी एवं सहायक प्रो. जीएसवी के द्वारा आरडीएसओ को इसके लिए निवेदन किया था। इसके अनुसार कार्यकारी निदेशक चालन शक्ति ने 6 सप्ताह (13 मई से 21 जून) का इंटर्नशिप प्रोग्राम जारी किया। इस प्रोग्राम में जीएसवी के बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्रों ने भाग लिया।

इस प्रोग्राम के तहत विभिन्न तकनीकी विषयों जुड़ी जानकारी छात्रों को दी गई।

आवश्यकता है
अमृत विचार को
- एचआर /एडमिन
- मार्केटिंग मैनेजर, डिप्टी मार्केटिंग मैनेजर व अकाउंटेंट की

अनुभवः- किसी दैनिक अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव हो
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अर्जुना क्रिकेट लीग अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट में विजयी होने वाली टीम ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

मारिनर्स स्पोर्ट्स क्लब बना चैंपियन

अमृत विचार, लखनऊ : किरण फाउंडेशन की देखरेख में एसएएस हुंडई द्वारा प्रायोजित अर्जुना क्रिकेट लीग अंडर-12 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित हुआ। जिसमें मारिनर्स स्पोर्ट्स क्लब ने आर्गेनिक फार यू को 41 रन से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

आशियाना स्थित मल्टी एक्टीविटी ग्राउंड पर मंगलवार की रात दूधिया रौशनी में खेले गये फाइनल मुकाबले मे मारिनर्स स्पोर्ट्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 98 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर्गेनिक फार यू की टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर मात्र 57 रन ही बना सकी।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)। पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट: www.ldaonline.co.in"

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/ नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

क्र सं.	मूल आवंटी का नाम	भवन/भूखण्ड/ फ्लैट संख्या	योजना का नाम	मृत्यु का दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम	मूल आवंटी (मृतक) से आवेदक के सम्बंध
1	2	3	4	5	6	7	8
1	श्री सन्तोष कुमार मिश्रा	भूखण्ड संख्या-1/47, रश्मि खण्ड	शारदा नगर योजना	14.08.2020	1. श्रीमती आशा मिश्रा 2. श्री मयंक मिश्रा, 3. कु0 वर्षा मिश्रा	–	पत्नी पुत्र, पुत्री
2	स्व0 प्रेमा देवी	भूखण्ड संख्या-ED-617 सेक्टर-क्यू	अलीगंज योजना	06.09.2023	1. श्रीमती लक्ष्मी देवी-पुत्रवधू	1. श्री संजय सिंह- पुत्र, 2. श्रीमती सरस्वती देवी-विवाहिता पुत्री, 3. श्री हरिद्वार सिंह-पुत्र	पुत्रवधू
3	श्री गौतम बनर्जी व श्रीमती माला बनर्जी	भूखण्ड संख्या के-1062	सेक्टर-के, आशियाना कानपुर रोड योजना	श्री गौतम बनर्जी 12.10.2021	1. श्रीमती माला बनर्जी	श्री विवयुत बनर्जी (पुत्र)	पत्नी
4	श्रीमती अगम रमन पत्नी श्री रमेश कुमार रमन	भूखण्ड संख्या के-699	सेक्टर-के, आशियाना कानपुर रोड योजना	24.04.2021	1. श्री रमेश कुमार रमन 2. श्री ओशो रमन	–	पति पुत्र
5	मो0 मुख्तार अहमद खान	दुकान संख्या जी0एफ0-150	खजाना काम्पलेक्स सेक्टर-के, आशियाना, कानपुर रोड योजना	02.06.2016	1. जुमान अहमद खाँ, 2. मोहम्मद मुज्जलिस खाँ 3. सुहैल अहमद खाँ 4. फैजान अहमद खान	मा0 न्यायालय सिविल जज, (ज0डि0), हवाली, लखनऊ, मूल वाद संख्या-806-2023, फौजान अहमद बनाम 1. जुमान अहमद खाँ 2. मोहम्मद मुज्जलिस खाँ 3. सुहैल अहमद खाँ 4. सबा मुख्तार में पारित निर्णय दिनांक 04.05.2024 के अनुसार	पुत्रगण

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

एक नजर

दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल, दो गंभीर

अमृत विचार, मलिहाबाद : मलिहाबाद थाना क्षेत्र में दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल हो गये। इनमें दो की हालत गंभीर होने पर सीएचसी से डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर किया है। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के मुताबिक, क्षेत्र के ग्राम मुजासा निवासी शैलेन्द्र बाइक से दोस्त विपिन (16) के साथ महमूदनगर जा रहा था। ग्राम पाठकगंज के पास दूसरी बाइक से आये प्रवेश और बाबूलाल निवासी घनश्यामपुर, थाना काकोरी से भिड़ंत हो गयी। हादसे में दोनों बाइक पर सवार चारों युवक घायल हो गये। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने प्रवेश व विपिन की हालत गंभीर देख ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर ने बताया दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर घायलों के परिजनों को हादसे की जानकारी दी गई है।

नशे में धुत बाइक सवारों ने मां व दो पुत्रों को पीटा

अमृत विचार, निगोहां : थाना क्षेत्र में नशे में धुत बाइक सवारों ने गाली-गलौज का विरोध करने पर मां व दो बेटों को पीट दिया। इंस्पेक्टर निगोहां अनुज कुमार तिवारी के मुताबिक, अहमदपुर खालसा निवासी आकाश ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया सोमवार रात मोहनलालगंज गदियाना निवासी मनीश गौतम साथी मोनू गौतम, शिवकुमार व छोटू के साथ शराब के नशे में बाइक से उनके दरवाजे पर गाली गलौज कर रहे थे। उसने विरोध किया तो आरोपी पीटने लगे। शोर सुन मां व भाई बचाने आये तो उन्हें भी पीट दिया। आसपास के लोगों के आने पर आरोपी जानमाल की धमकी देने हुये भाग निकले। इंस्पेक्टर ने बताया चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

शासन का रौब चला न खाकी का रुतबा, गाड़ियों के कटे चालान

सरकार की सख्ती पर चला पुलिस का हंटर, 15 दिनों में किए 1715 चालान

लाल-नीली बत्ती, हूटर-सायरन	पुलिस के चिन्ह लगे वाहन	शासन-सरकार लिखे वाहन
4954 अभियान में वाहन चेक किए	**6585** अभियान में वाहन चेक किए	**4989** अभियान में वाहन चेक किए
520 वाहनों का किया चालान	**827** वाहनों का किया चालान	**368** वाहनों का किया चालान
58,000 रुपये जुर्माना	**77,500** रुपये जुर्माना	**34,100** रुपये जुर्माना

गजेंद्र पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : वीआईपी कल्चर पर सरकार की सख्ती देख पुलिस ने भी हंटर चलाना शुरू कर दिया है। लखनऊ पुलिस ने 15 दिन में 1715 वाहनों के चालान किए इसमें ज्यादातर गाड़ियां प्रशासनिक अधिकारियों या उनके परिजन की हैं। कार्रवाई के दौरान पुलिस महकमे से जुड़े लोगों के वाहनों का भी बड़ी संख्या में चालान किया गया। यातायात पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि कार्रवाई के दौरान विरोध का सामना करना पड़ रहा है। वर्दी तक उतरवाने की धमकी मिल रही। लेकिन सबको नजरअंदाज कर अभियान को और तेज किया जा रहा है। 15 दिन से चल रहे अभियान में 1.69 लाख रुपये शमन शुल्क भी वसूला जा चुका है।

कार से काली फिल्म उतारता पुलिसकर्मी।

डीसीपी ट्रैफिक कमलेश कुमार दीक्षित ने बताया कि पूरे लखनऊ में 11 जून से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अवैध रूप से लाल-नीली बत्ती का प्रयोग करने वालों को खास तौर से चेक किया जा रहा है। ब्लैक फिल्म, हूटर और बिना अनुमति सायरन लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वाहनों पर पद या विभाग का नाम लिखना भी वर्जित है। ज्यादातर वाहन ऐसे ही मिल रहे हैं। ऐसे सभी वाहन मालिकों के खिलाफ यातायात नियमों का उल्लंघन करने के मामले में चालान कर शमन शुल्क भी वसूला जा रहा है। डीसीपी का कहना है कि चालान व शमन शुल्क वसूली की कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों को दोबारा यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं करने की चेतावनी भी दी जा रही। मंगलवार तक कुल 16,528 वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान 1715 वाहनों का चालान कर 1,69,600 रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया।

पुलिस ने छह माह में 248 मामलों में 327 को दिलाई सजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस की पैरवी से तेजी से हो रहे फैसले
- दो मामलों में आरोपियों को ठोस पैरवी से दिलाया मृत्यु दंड

अमृत विचार : गंभीर अपराधों में पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी ही नहीं कराई बल्कि उनको सजा भी दिलाई है। पिछले छह माह में दर्ज हुए 248 मामलों के 327 आरोपियों को जेल भेजा और कोर्ट से सजा दिलवाई है। इसमें ठोस पैरवी के कारण दो आरोपियों के मृत्युदंड की सजा दिलाना भी शामिल है। कमिश्नरेट पुलिस ने यह सजा ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत दिलाई है। जिन अपराधों में सजा दिलाई गई है। उनमें पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म, हत्या, लूट, डकैती, धर्मांतरण और गोकशी के मामले शामिल हैं।

ठाकुरगंज थाना सबसे आगे : कोर्ट में पुलिस की पैरवी कर आजीवन कारावास की सजा दिलाने की सूची में सबसे पहला नंबर ठाकुरगंज कोतवाली का है। ठाकुरगंज कोतवाली में दर्ज पांच ऐसे मामले हैं जिनमें पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रभावी पैरवी कर आजीवन कारावास की सजा दिलाई है। जिसमें 2020 में दर्ज बच्ची से दुष्कर्म व छेड़छाड़ की घटना शामिल है। जिसमें अभियुक्त अयाज उर्फ छंगा को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा 20 साल की कठोर सजा दिलाने में काकोरी थाने के सबसे ज्यादा तीन मामले है।

पत्नी के हत्यारे को मौत की सजा : हसनगंज पुलिस ने 9 अक्टूबर 2012 को सोहराब अली उर्फ गब्बर को उसकी पत्नी उर्वशी और दोस्त ओम प्रकाश पर जानलेवा हमले के आरोप में गिरफ्तार किया था। गब्बर ने दोनों पर चाकू मारकर घायल कर दिया था। इलाज के दौरान पत्नी उर्वशी की मौत हो गई थी। विवेचना के दौरान हसनगंज पुलिस ने गब्बर पर हत्या व हत्या के प्रयास के अपराध में मामला दर्ज किया था। पुलिस की पैरवी के कारण कोर्ट ने मृत्युदंड की सजा सुनाई।

175 आरोपियों को नौ साल की सजा दिलाई : कमिश्नरेट पुलिस ने अवैध असलहा, वाहन चोरी, दहेज हत्या, जुआ, मारपीट, जालसाजी, किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने जैसे मामलों के 175 आरोपियों को 9 साल की सजा दिलाई। 32 मामलों में 10 से 14 वर्ष की सजा, 26 में आजीवन कारावास, 13 में 20 साल से अधिक और दो में मृत्युदंड की सजा पुलिस ने दिलाई।

दो को दिलाया मृत्यु दंड

कमिश्नरेट पुलिस ने दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत किए और गवाही दिलाने के साथ पैरवी की। जिसका परिणाम रहा कि अलीगंज और हसनगंज के दो मामलों में आरोपियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई गई। 17 मार्च 2016 में अलीगंज थाने में पिता ने नाबालिग बेटी की घर से गायब होने पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। 17 मार्च शाम 7 बजे नाबालिग बेटी का शव महानगर के छनीलाल चौराहा स्थित श्याम सत्संग भवन के पास मिला है। विवेचना के दौरान पुलिस ने हत्या के साथ दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट बढ़ाया था। इस मामले में पुलिस ने पुरनिया अलीगंज में रहने वाले केदारनाथ राठौर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पुलिस की पैरवी से कोर्ट ने 7 नवंबर 2023 को इस मामले में अभियुक्त को मृत्यु दंड की सजा सुनाई। जिन मामलों में सजा सुनाई गई उनकी पैरवी करने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस कमिश्नर ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है।

13 आरोपियों को दिलाई 20-20 वर्ष की सजा

कमिश्नरेट पुलिस ने प्रभावी पैरवी कर दुष्कर्म, हत्या, पॉक्सो एक्ट, लूट और दहेज हत्या के 26 मामलों में प्रभावी पैरवी की। इन 26 मामलों में 33 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा दिलाई गई। वहीं, पॉक्सो एक्ट व दुष्कर्म के 13 आरोपियों को 20-20 साल की कठोर कारावास की सजा दिलाने में पुलिस सफल रही। इसी तरह हत्या, गैर इरादतन हत्या, दुष्कर्म, हत्या के प्रयास, गैंगस्टर, दहेज हत्या के 32 मामलों के 40 आरोपियों को 10 से 14 वर्ष की सजा अपनी प्रभावी पैरवी से दिलाई।

लूट की चेन बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे दो लुटेरे गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर ने मंगलवार को चेन लूट की घटनाओं को खुलासा किया। बताया विकास नगर निवासी जीवंती जोशी पत्नी स्व. जनार्दन जोशी से 9 जून की शाम को स्पेंसर से घर लौटते समय सेक्टर-3 आरएलबी स्कूल के पास एक बाइक से पहुंचे दो बदमाश चेन लूट कर भाग निकले थे। छीना-झपटी में आधी चेन महिला के पास रह गई थी। उन्होंने मामला दर्ज कराया था। पुलिस टीमों ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आरोपियों की पहचान की। मंगलवार को दोनों चेन स्नेचर के सेक्टर-3 सचिवालय कॉलोनी के पास खड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान फैजुल्लागंज मेहंदी लान, मड़ियांव निवासी शिव सोनी और गड़रियापुरवा निवासी अभिषेक सोनी के रूप में हुई। दोनों के पास से लूट की चेन और चोरी की बाइक बरामद की गई है। आरोपियों ने बताया कि वह चेन बेचने के लिये ग्राहक की तलाश में थे। डीसीपी ने बताया दोनों से पूछताछ की जा रही है।

शादी का झांसा देकर विधवा का तीन वर्ष किया शोषण, पांच लाख हड़पे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़िता ने देवरिया निवासी आरोपी शटरिंग कारोबारी पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : पारा क्षेत्र में किराये पर रहने वाले देवरिया निवासी शटरिंग कारोबारी ने शादी का झांसा देकर विधवा का तीन वर्ष तक शोषण किया। बाद में दूसरी जगह शादी तय होने की बात कही। युवती ने दबाव बनाया तो अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

इंस्पेक्टर बृजेश वर्मा के मुताबिक, बुद्धेश्वर क्षेत्र निवासी महिला ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि उसके पति की मौत 5 जून 2016 को हो गयी थी। उसका 10 वर्ष का बेटा है। वह परचून की दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करती है। देवरिया जनपद के धतुराखास गौरी बाजार निवासी परवीन भारतीय किराए के मकान में रहकर शटरिंग का कारोबार करता था। आरोपी का उसकी दुकान पर आना जाना था। आरोपी ने शादी का झांसा देकर उससे संबंध बनाये। करीब तीन वर्ष तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। इसके साथ ही उसके करीब पांच लाख रुपये भी हड़प लिये। दो वर्ष पहले आरोपी किराये का कमरा छोड़कर घर चला गया। 24 अप्रैल को आरोपी फिर से पीड़िता के घर पहुंचा और जबरन अप्राकृतिक संबंध बनाये। पीड़िता ने शादी के लिए कहा, तो इनकार करते हुये उसके अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दी। आरोपी ने 3 जून को फोन कर दूसरी लड़की से सगाई करने की बात कही। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस से गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज की है।

आत्महत्या के लिए उकसाने की पति पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव थाने में विवाहिता की मौत के मामले में पति के खिलाफ आत्महत्या के लिये उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की गई। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र के मुताबिक सीतापुर के मिश्रिख थाना अंतर्गत ग्राम सहावपुर निवासी राम सहारे ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि उसकी बेटी आरती मड़ियांव निवासी रिजवान के साथ सात वर्ष से लिव इन में रह रही थी। रिजवान बेटी को मारपीट कर प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिये उकसाता था। परेशान होकर बेटी ने 22 जून को जहर खा लिया। आरोपी ने बेटी को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इंस्पेक्टर ने बताया रिजवान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

श्रेया इंफ्रा की बोर्ड सदस्य और पिता पर धोखाधड़ी की एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पिता-पुत्री पर जालसाजी और आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने का आरोप
- हजरतगंज कोतवाली में दर्ज हुई एफआईआर, पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार : श्रेया ग्रुप ऑफ कंपनीज के अध्यक्ष हेमंत कुमार राय ने सह कंपनी श्रेया इंफ्रा एंड मार्केटिंग की बोर्ड सदस्य शालिनी मिश्रा और उसके पिता पर जालसाजी का मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि दोनों ने मिलकर करोड़ों रुपये की हेराफेरी की। अश्लील वीडियो वायरल कर ब्लैकमेल किया। वहीं, कंपनी का डाटा चुरा लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

साउथ सिटी निवासी कारोबारी की गोमतीनगर में एक कंपनी है। कारोबारी के मुताबिक उन्होंने बाराबंकी के जहांगीराबाद निवासी शालिनी मिश्रा को कंपनी का बोर्ड मेंबर बनाया था। कंपनी में उसके पिता रामसरन भी काम करते थे। आरोप है कि काम के दौरान शालिनी ने गबन किया और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज व ग्राहकों का डेटा भी चुरा लिया। कारोबारी को वह पूरा डेटा खराब करने की धमकी देने लगी। इस पर बोर्ड मेंबर्स ने बीते वर्ष उसे निकाल दिया। शालिनी ने पीड़ित को फिर दस्तावेजों व डेटा का दुरुपयोग करने की धमकी दी। साथ ही नौकरी पर रखने व करोड़ों रुपये की मांग की। कुछ समय बाद शालिनी ने पिता व अन्य लोगों के साथ कंपनी का एक्सेस ले लिया व कारोबारी के फ्लैट में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए। इसकी रिकॉर्डिंग उसने अपने मोबाइल पर ले ली। इस पर पीड़ित ने आरोपियों को कंपनी से निकाल दिया। पीड़ित का आरोप है बीते 17 जून को सुबह उन्हें शालिनी ने व्हाट्सएप कॉल कर उनकी आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी। ऐसा न करने पर उसने एक करोड़ रुपये व गाड़ी की मांग की। विरोध पर शालिनी ने कारोबारी की पत्नी व कंपनी के कर्मचारियों को वीडियो भेज दिए। पीड़ित ने हजरतगंज थाने में शिकायत की। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

पूर्वांचल व कानपुर में दबिश दे रहीं दो टीमें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एकेटीयू के खाते से 120 करोड़ हड़पने का मामला
- जालसाजी के कुछ आरोपियों के और नाम आए सामने

अमृत विचार : एकेटीयू के बैंक खाते से 120 करोड़ रुपये हड़पने वाले गिरोह के कुछ नए सदस्यों के नाम सामने आए हैं। इनकी गिरफ्तारी के लिए साइबर क्राइम थाने की दो टीमें पूर्वांचल और कानपुर मंडल में दबिश दे रही है। मंगलवार दोपहर को ये दोनों टीमें रवाना की गई है। सूत्रों की माने तो जल्द ही कुछ और आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव ने बताया कि सोमवार को बैंक में कुछ कर्मचारियों से पूछताछ की गई। वहीं, सर्विलांस टीम ने पकड़े गए आरोपियों के मोबाइल की कॉल डिटेल का अध्ययन किया। इन दोनों से मिले इनपुट के आधार पर एक टीम पूर्वांचल और एक टीम कानपुर मंडल में कुछ ठिकानों पर दबिश देने के लिए रवाना की गई है। इनपुट मिला कि इस गिरोह के कुछ सदस्य पूर्वांचल के बस्ती, अंबेडकरनगर, चंदौली और वाराणसी के हैं। वहीं, कानपुर से भी कुछ आरोपी शामिल हैं। इनपुट मिलने के बाद पुलिस की दो टीमें गठित की गई। एक टीम को बस्ती, अंबेडकरनगर, चंदौली और वाराणसी में दबिश देने के लिए रवाना किया गया है। वहीं, एक टीम कानपुर भेजी गई। पूर्वांचल गई टीम ने अंबेडकरनगर में दबिश दी है। लेकिन वहां पर कोई खास सफलता नहीं मिली। इसके बाद यही टीम बस्ती पहुंची। देर रात तक बस्ती के हरैया और छावनी इलाके में दबिश दी जा रही थी। वहीं, कानपुर के औद्योगिक क्षेत्र में एक टीम ने दबिश दिया है।

एकेटीयू के कुछ कर्मचारी संदेह के घेरे में

एकेटीयू के बैंक खाते से 120 करोड़ रुपये की हेराफेरी के मामले में पुलिस की एक टीम सोमवार को विश्वविद्यालय और यूनियन बैंक गई थी। टीम को वहां से कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस सूत्रों की माने तो इतनी बड़ी हेराफेरी में एकेटीयू के कुछ कर्मचारी और अधिकारी भी शामिल हैं। वहीं, बैंक के मुख्य प्रबंधक, तीन सहायक प्रबंधक और एक बाबू के अलावा कुछ अन्य कर्मचारियों की कुंडली खंगाली जा रही है। मुख्य प्रबंधक अनुज सक्सेना को निलंबित करने के बाद क्षेत्रीय कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। उनसे पूछताछ के लिए पुलिस तैयारी कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एकेटीयू और बैंक के अधिकारियों की मिली भगत से ही यह हेराफेरी हुई है। सभी के कॉल डिटेल खंगाले जा रहे हैं। वहीं, कड़ियों को भी जोड़ने के लिए पुलिस टीम लगी है।

चोरों ने स्कूल की खिड़की का जाल उखाड़ दिया। अमृत विचार

पूर्व माध्यमिक विद्यालय मंडौली में चोरी

अमृत विचार, काकोरी: थाना क्षेत्र के मंडौली गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय से चोरों ने सामान पार कर दिया। पुलिस के मुताबिक, ग्राम प्रधान मो. आजाद ने स्कूल में चोरी की सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। प्रधानाध्यापक वीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया ग्रीष्म कालीन अवकाश के चलते स्कूल बंद था। मंगलवार को स्कूल पहुंचे तो स्टोर रूम में लोहे के ग्रिल और खिड़की टूटी मिलीं। स्टोर में रखा घंटा, पांच कुर्सियां समेत अन्य सामान चोरी होने की जानकारी हुई। बताया प्रार्थना-पत्र पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सुनार ज्वैलर्स में लूट का खुलासा करने वाली पुलिस टीम। अमृत विचार

लूट का खुलासा करने वाली पुलिस टीम सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भूतनाथ मार्केट में 16 जून को दिन दहाड़े सुनार ज्वैलर्स में हुए लूट का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को सम्मानित किया गया। मंगलवार को एक रेस्टोरेंट में भूतनाथ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया था। इस दौरान व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री अरविन्द पाठक, महामंत्री परमजीत सिंह, मोहित गर्ग, उत्तम कपूर, संजीव मेहरोत्रा उपस्थित रहे। सम्मानित होने वालों में डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर, एडीसीपी जितेंद्र कुमार दुबे, एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल, इंस्पेक्टर विकास राय, क्राइम टीम प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह व अन्य पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।

पत्नी व पांच माह की पुत्री की हत्या का प्रयास, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुत्र न पैदा होने से नाराज थे पति व ससुराल वाले

अमृत विचार : बेटे की चाहत ने पत्नी और पांच माह की बेटी को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पति व ससुराल के लोगों द्वारा मारा पीटा गया। यहां तक कि दोनों की हत्या का प्रयास किया गया। किसी तरह मायके पहुंची विवाहिता ने मां को पूरी जानकारी दी। इसके बाद दोनों ने गाजीपुर कोतवाली पहुंचकर मामला दर्ज कराया है।

इंदिरानगर सेक्टर-19 निवासी अंजली श्रीवास्तव की शादी 2021 में दीपक मलिक के साथ हुई। दीपक मूलतः दक्षिणी दिल्ली के तुगलकाबाद एक्सटेंशन आली निकट शिव मंदिर का रहने वाला है। वर्तमान में वह हरियाणा के गुरुग्राम सेक्टर-84 के पिवोटल दीवान में रहता है। अंजली के मुताबिक 24 सितंबर 2021 को उनकी शादी लखनऊ में हुई। मायके वालों ने 75 लाख रुपये दहेज में नकदी, जेवरात और अन्य गृहस्थी का सामान दिया। लेकिन पति दीपक, सास संतोष और ननद दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। पिछले साल सितंबर में भी इन लोगों ने मारा पीटा। इसके बाद मायके चली आई। मौखिक आश्वासन पर पति के साथ दोबारा रहने गई। इस दौरान एक बेटी को जन्म दिया। बेटी के जन्म के बाद से प्रताड़ना और बढ़ गई। पति और ससुराल वालों ने बेटा न होने का ताना मारते थे। 21 अप्रैल 2023 को पति ने उसकी पिटाई की। यहीं नहीं उसने उसका और पांच माह की बेटी का गला घोंटकर हत्या करने का प्रयास भी किया। किसी तरह वहां से निकलकर मायके पहुंची। प्रभारी निरीक्षक विकास राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जाएगी।

पत्नी से विवाद के बाद ड्राइवर ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर में सोमवार देर शाम पत्नी से विवाद के बाद ऑटो चालक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र के गौरी निवासी सुशील कोरी (48) ऑटो चालक था। सोमवार शाम किसी बात पर पत्नी से विवाद हो गया। नाराज सुशील घर से बाहर चला गया। कुछ देर बाद बिजनौर रोड स्थित नहर पुलिया की तरफ पहुंचे ग्रामीणों ने उसे मरणासन्न पड़ा देखा। ग्रामीणों की जानकारी पर पहुंचे परिजन ने आनन-फानन उसे लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सार-संक्षेप

उधारी के 45 हजार हड़पे, मांगने पर मारने की दी धमकी

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज क्षेत्र निवासी युवक ने पिता-पुत्र पर उधार लिये रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक, बालागंज के न्यू रामनगर निवासी वेद प्रकाश जायसवाल ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया हुसैनाबाद निवासी नासिर व अशरफ ने उनसे और दोस्त उमेश से जरूरी कार्य बता कर 45 हजार रुपये उधार लिये थे। जो जल्द लौटाने की बात कही थी। लेकिन कई माह बाद भी रुपये नहीं लौटाये। मांगने पर गाली-गलौज कर जानमाल की धमकी दे रहे हैं। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

अमृत विचार, बीकेटी : इटौंजा थाना क्षेत्र में युवक का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इंस्पेक्टर मार्कंडेय यादव के मुताबिक, क्षेत्र के असनहा गांव निवासी विशाल (21) का शव मंगलवार सुबह घर में पंखे पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। पिता इंद्रजीत ने घटना की सूचना दी। उन्होंने आरोप से इनकार करते हुये आत्महत्या की वजह पता होने से मना किया है। इंस्पेक्टर ने बताया विशाल अविवाहित था व मजदूरी करता था। कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

बाइकों की भिड़ंत, दोनों चालक घायल

अमृत विचार, बीकेटी : महिंगवा थाना क्षेत्र में दो बाइकों की भिड़ंत में दोनों के चालक घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के इंदारा चौराहे के पास सोमवार देर रात नशे में धुत बाइक सवार इंदारा निवासी रोहित कुमार और दूसरे बाइक सवार बाराबंकी निवासी लवकुश घायल हो गये थे। नशे में धुत होने के चलते दोनों तेज रफ्तार में बाइक चला रहे थे, किसी ने हेलमेट नहीं पहना था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इटौंजा सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से परिजन हालत गंभीर देख निजी अस्पताल ले गये हैं।

अवैध खनन का विरोध करने पर पिता-पुत्र को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : बीबहीडी क्षेत्र निवासी गोशाला संचालक ने पिता-पुत्रों पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर अजय नारायण सिंह मुताबिक, क्षेत्र के लोनापुर निवासी पंकज मिश्रा गोशाला चलाते हैं। उन्होंने दिये प्रार्थना-पत्र में बताया सोमवार रात जगजीवन व उसके दो बेटे सरकारी तालाब में अवैध खनन कर रहे थे। उन्होंने विरोध किया तो पीट दिया। शोर गुल सुन पड़ोसी पहुंचे तो आरोपी भाग निकले। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

मामूली बात पर युवक को पड़ोसियों ने पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई क्षेत्र में मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, पिपरी गांव निवासी मोहित ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया मामूली बात को लेकर पड़ोसी बब्बू, संतोष, बबला, सचिन और मोहित गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसों से पीट दिया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग आये तो आरोपी जान माल से मारने की धमकी देते हुये भाग निकले।

पानी के विवाद में कुल्हाड़ी से हमला, तीन घायल

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र में पानी के विवाद में दो पक्षों में मारपीट में तीन लोग घायल हो गये। पुलिस के मुताबिक, रायपुर कोडरा निवासी बलदेव प्रसाद ने प्रार्थना-पत्र दिया है। बताया सबमर्सिबल से पड़ोसी हरिशंकर पानी बर्बाद कर रहे थे। उन्होंने टोका तो उनके पक्ष के सुशील ने कुल्हाड़ी से बेटी कुसुमा पर हमला कर दिया। इसके बाद हरिशंकर उसका बेटा सुनील और सुजीत ने बलदेव और उसके मामा के बेटे जगदेव को भी पीट दिया। मारपीट में बलदेव व जगदेव गम्भीर घायल हो गए। जगदेव का पीजीआई में भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

अवैध शराब बिक्री करता एक गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के आदेश के क्रम में अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत सोमवार की मध्य रात्रि में आबकारी टीम द्वारा थाना बीबीडी अन्तर्गत तिवारीगंज चौराहा पर एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब की बिक्री करते हुए पकड़ा गया। अभियुक्त के पास से 16 बीयर कैन, 10 अंग्रेज़ी शराब के पव्वे, 1 खुली शराब बोतल, 2 खुले पव्वे तथा बिक्री की नगदी बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए जेल भेजा गया।

पुत्र को दुष्कर्म के मामले में जेल भेजने के नाम पर ठगी

अमृत विचार, लखनऊ : चौक इलाके के रहने वाले व्यापारी से बेटे को दुष्कर्म के मामले में जेल भेजने की धमकी देकर 80 हजार रुपये की ठगी हुई। पुरानी सब्जी मण्डी निवासी विजय रस्तोगी को कॉल आई। पुलिस अधिकारी के तौर पर परिचय देते हुए ठग ने विजय से कहा कि आपका बेटा रेप के मुकदमे में फंसा है। बेटे को बचाना चाहते हो तो तत्काल बताए गए खाते में रुपये जमा करा दो। उन्हें कुछ समझ नहीं आया। बेटे की सलामती के लिए विजय ने बिना कुछ सोचे बताए खाते में 80 हजार जमा कर दिए। इसके बाद भी रुपयों की मांग की जाती रही। शक होने पर विजय ने बेटे को कॉल मिलाई। बात करने पर पता चला कि बेटा तो घर में सो रहा है। यह जानकारी मिलने के बाद पीड़ित ने चौक कोतवाली में मामला दर्ज कराया।

रेलवे अफसर के बंगले में चोरी का प्रयास

अमृत विचार, आलमबाग : मानक नगर क्षेत्र निवासी रेलवे अफसर के बंगले में चोरी के प्रयास की घटना सामने आई है। वह बंगले में ताला बंद कर परिवार के साथ बाहर गये थे। लौटने पर ताले टूटे मिलने पर उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर अजीत सिंह के मुताबिक, आरडीएसओ कॉलोनी में रहने वाले रेलवे के एसएंडटी (सिग्नल एंड टेलीकम्युनिकेशन) महानिदेशक राहुल अग्रवाल ने प्रार्थना-पत्र दिया।

एक नजर

आकाशीय बिजली गिरने से मकान में आईं दरारें

अमृत विचार, मलिहाबाद : मंगलवार को लगभग चार बजे हुई बारिश के दौरान रहीमाबाद के गदिया खेड़ा के मजरा जिंदौर में मकान पर आकाशीय बिजली गिरी। इससे मकान में कई जगह दरारें आ गईं। मकान मालिक टीकाना ने बताया कि दूसरी मंजिल पर बिजली गिर गई। बारिश के समय बेटा विजय कुमार, रामू, धर्मेंद्र और दीपक नीचे के कमरे में थे। बिजली गिरने से पूरे घर की वायरिंग फुंक गई। परिवार के लोग बाल बाल बच गए। गनीमत रही कि कोई सदस्य बारिश में छत पर नहीं था।

सौर ऊर्जा पैनल लगवाने के नाम पर एक लाख ठगे

अमृत विचार, सरोजनीनगर : क्षेत्र निवासी महिला से जालसाजों ने पीएम कुसुम योजना से सौर ऊर्जा पैनल लगवाने के नाम पर करीब एक लाख रुपये ठग लिये। क्षेत्र न्यू गुड़ौरा पुल निवासी तरन्नुम बेगम ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उनके मोबाइल पर अज्ञात ने कॉल कर योजना के तहत सौर ऊर्जा पैनल लगवाने पर सब्सिडी देने की बात कही। झांसे में आकर उसने रजिस्ट्रेशन फीस समेत विभिन्न चार्ज के लिये कई बार में 98,770 रुपये आरोपी के बताया बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिये। आरोपियों ने अपना नाम नीरज कुमार और रोशन कुमार बताया था। 3 मई 2024 को विपुल रावत नामक युवक ने कॉल कर कहा कि आपका सारा पैसा वापस आ जाएगा। इसके लिए 499 रुपये भेजने पड़ेगें। पीड़िता ने पुन: 499 रुपये भी भेज दिए। लेकिन उसका पैसा वापस नहीं आया। पुलिस मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

अकीदत के साथ मनाई गई ईद-ए-गदीर

110 प्रमुख मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज, जगह- जगह सबीलें लगीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मौला अली के ऐलान-ए-विलायत पर ईद-ए-गदीर पर्व अकीदत के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नए कपड़े पहने और अपने घरों में महफिल व नज्र का आयोजन किया। शहर की 110 मस्जिदों में ईद-ए-गदीर की नमाज अदा हुई। बड़ी नमाज सुबह 11 बजे मस्जिद ए कूफा में हुई। पुराने शहर के कई इलाकों में लोगों ने सबील लगा कर सिवई, शर्बत, मेवा, मिठाई आदि वितरित की। रोशनी से सजे इमामबाड़ों का नजारा अलग ही था।

रौज-ए-काजमैन में ईद-ए-गदीर की प्रमुख नमाज अदा की गई। नमाज मौलाना अबु इफ्तेखार जैदी ने पढ़ाई। महफिल को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा कि आज ही के दिन हजरत मोहम्मद साहब ने गदीर के मैदान में हजारों हाजियों के हुजूम में हजरत अली को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। उधर, अजाखाना ए जव्वार हुसैन में महफिल का आयोजन किया गया। महफिल को मौलाना मोहम्मद शफीक आब्दी ने खिताब किया। वहीं पैगाम-ए-इंसानियत कमेटी की ओर से मस्जिद मोलसिरी नक्खास में नमाज जश्ने गदीर मनाया गया। महफिल को मौलाना मिर्जा यासूब अब्बास ने खिताब किया। वहीं, मौलाना शाहकार जैदी ने जामा मस्जिद में नमाज पढ़ाई और शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास ने भी नमाज अदा कराई।

ईद-ए-गदीर के अवसर पर महफिल को खिताब करते मौलाना। अमृत विचार

▸▸ सुबह 11 बजे मस्जिद ए कूफा में हुई नमाज

शिया हुसैनी फंड ने निकाला गदीरी जुलूस : ऑल इण्डिया शिया हुसैनी फंड की ओर से रूस्तम नगर स्थित शबीह नजफ से गदीरी जुलूस निकाला गया। ये दरगाह हजरत अब्बास, रौजाए फातमैन और बैतुल हुज्न परिसर में समाप्त हुआ। जुलूस में अकीदतमंद बैनर लिए थे, इसमें ईद-ए-गदीर मुबारक लिखा था। जुलूस के दौरान नारे हैदरी या अली की सदाएं भी लगाई गईं। इससे पहले हुए महफिल को मौलाना अब्बास इरशाद, मौलाना जाफर अब्बास ने खिताब किया।

जगह - जगह लगे सबील और लंगर : नख्खास, सआदतगंज, दरगाह हजरत अब्बास, हुसैनाबाद व कश्मीरी मोहल्ला में जगह-जगह सबील और लंगर का आयोजन किया गया। यहां पर अकीदतमंदों ने शर्बत, सिवईं, मिठाई, चाट, पूरी, छोला, मेवा, जूस और अन्य खाद्य पदार्थों का वितरण किया।

मौला अली की शान में पढ़े गए कसीदे

जायरीन बाबुल मुराद कमेटी की ओर से इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में महफिल का आयोजन हुआ। इसे मौलाना मीसम जैदी ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि गदीर को ईद-ए-अकबर भी कहते हैं, यानि ये सबसे बड़ी ईद है। महफिल के बाद शायरों ने मौला अली की शान में कसीदे पढ़े। साथ ही बड़ी संख्या में गैस के गुब्बारे छोड़े गए। वहीं, इमामबाड़ा उम्मुल बनीन मंसूर नगर में महफिल का आयोजन हुआ। कर्बला अजीम उल्ला खां ताल कटोरा मार्ग पर अंजुमने गुलदस्ते इमामे रिजा ने जश्ने गदीर शीर्षक से महिलाओं की एक महफिल का आयोजन किया। इसमें मारिया आलम, सायरा बीबी, अहमन बीबी और महमूना सहित अन्य महिलाओं ने हजरत अली की शान में अपने कलाम पेश किए।

लोहिया संस्थान में आउटसोर्स कर्मियों ने हड़प लिए ओपीडी के दो करोड़ रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोहिया संस्थान की ओपीडी में पर्चा, जांच आदि के लिए जमा होने वाले ऑनलाइन शुल्क के करीब दो करोड़ रुपये ऑनलाइन कर्मचारियों ने हड़प लिया। अकाउंट विभाग की शिकायत पर हुई जांच के बाद कर्मचारियों पर रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ आउट सोर्सिंग एजेंसी से दो करोड़ रुपये की वसूली की गई है।

लोहिया संस्थान की ओपीडी में पर्चे बनाने, जांच, भर्ती आदि के लिए मरीजों से शुल्क लिया जाता है। इन स्रोतों से प्रतिदिन करीब आठ लाख रुपये काउंटर में जमा होते हैं। मरीज और तीमारदार नकद और ऑनलाइन माध्यम से भुगतान करते हैं। नकद राशि संस्थान के बैंक अकाउंट में पहुंच जाती थी, लेकिन करीब तीन साल से ऑनलाइन जमा की गई राशि अकाउंट में नहीं जा रही थी।

वर्ष 2022 के अंतिम सप्ताह में अकाउंट विभाग की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई। जिसके बाद संस्थान प्रशासन ने जांच करवाई। इसमें पता चला ऑनलाइन जमा धनराशि में आउट सोर्सिंग कर्मचारी हेराफेरी कर अपनी जेब भर रहे थे। ऐसे कर्मचारियों को चिन्हित कर रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई। साथ ही आउटसोर्सिंग एजेंसी से दो करोड़ रुपये की वसूली की गई है।

सूत्रों का कहना है कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों पर ठीकरा फोड़ कर मामले को रफा-दफा कर दिया गया। इतनी बड़ी रकम आउटसोर्सिंग कर्मी अकेले हड़पने का साहस नहीं कर सकते हैं। इस मामले में निष्पक्ष जांच की जरूरत है। पूरे प्रकरण पर संस्थान प्रशासन चुप्पी साधे हुए है।

▸▸ कर्मचारियों पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट, एजेंसी से वसूल की गई धनराशि

मौत के बाद भी बच्ची को वेंटीलेटर पर रखकर इलाज के नाम पर रुपये वसूलने का आरोप

संवाददाता, काकोरी

▸▸ हंगामा करने पर एम्बुबैग लगाकर किया गया रेफर

अमृत विचार: दुबग्गा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में बच्ची की मौत के बाद भी वेंटीलेटर पर रखकर इलाज के नाम पर रुपये वसूलने और हंगामा करने पर एम्बुबैग लगाकर रेफर करने का आरोप लगाया गया है। बच्ची की मां ने पुलिस से अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

काकोरी थाना क्षेत्र के लालता खेड़ा गांव निवासी कोमल के मुताबिक, 21 जून को नौ माह की बेटी नेहा की तबीयत बिगड़ गई थी। उसे अंधे की चौकी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने इलाज के एवज में 45 हजार रुपये वसूल लिए। इसके बावजूद इलाज में लापरवाही बरती गई। मंगलवार शाम बेटी की मौत हो गई।

नेहा का आरोप है कि डॉक्टर बेटी के इलाज के लिये 38 हजार रुपये और मांग कर रहे थे। मौत होने के बाद भी उसे वेंटीलेटर सपोर्ट पर रख कर वसूली करते रहे। हंगामा करने पर एम्बुबैग लगाकर बच्ची को रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा का कहना है कि बच्ची को दूसरे अस्पताल रेफर करने की जानकारी है, लेकिन किस हालत में रेफर की गई इसकी जानकारी नहीं है। परिजनों की तरफ से अभी शिकायत नहीं की गई है। लिखित में प्रार्थना-पत्र मिलने पर जांच में मिले तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

एनडीपीएस के फर्जी मामले में युवक को फंसाना पड़ा भारी

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एनसीबी को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश

अमृत विचार : इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच ने एक युवक को हेरोइन की फर्जी बरामदगी दिखाकर बेवजह जेल में रखने के एक मामले में निदेशक, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, नई दिल्ली को पांच लाख मुआवजा युवक को अदा करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने कहा है कि निदेशक युवक को दो माह में मुआवजे की यह रकम देकर आदेश के अनुपालन का हलफनामा भी कोर्ट में दाखिल करे।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ ने मान सिंह वर्मा के जमानत मामले में 22 मई को दिया। मामला बाराबंकी का है। इस मामले में पिछले साल नारकोटिक्स विभाग ने मान सिंह वर्मा को कथित तौर पर अवैध मादक पदार्थ हेरोइन के साथ पकड़ने का दावा किया था। जबकि, विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं में जब इस कथित हेरोइन के नमूने जांच के लिए भेजे गए तो जांच रिपोर्ट में हेरोइन नहीं पाई गई। इस बीच करीब चार माह युवक को जेल में रहना पड़ा। मादक पदार्थ की जांच रिपोर्ट आने के बाद नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी। इसके बाद युवक को जेल रिहा कर दिया गया था।

वहीं युवक की ओर से दलील दी गई कि वह लोधेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने गया था, दर्शन के लिए लगी लाइन को तोड़कर गौरव सिंह नाम का एक पुलिसकर्मी जब आगे जाने लगा तो युवक ने उसे टोका, उसके साथ एक सब इंस्पेक्टर और था, यह बात उन दोनों को नागवार गुजरी और युवक को स्थानीय थाने में लाया गया तथा एनडीपीएस के फर्जी मामले में फंसा दिया गया।

साफ-सफाई के साथ समर कैंप की तैयारी शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रीष्मावकाश के बाद मंगलवार से कक्षा 1 से 8 तक सरकारी विद्यालय खुल गए और साफ-सफाई भी शुरू हो गई है। विद्यालय में समर कैंप की भी तैयारियां जारी हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि सभी स्कूलों में साफ-सफाई के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में समर कैंप का आयोजन 28 जून से होगा उसकी भी तैयारियां हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि बच्चे जब विद्यालय पहुंचेगे तो गेट पर उनका स्वागत भी किया जाएगा और एक शैक्षिक वातावरण बच्चों को मिलेगा। वहीं खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर कक्षा 1 व 2 की किताबों को समय से उपलब्ध कराने का आदेश भी दिया गया है। विद्यालय में टैबलेट चालू हो सके इसके लिए सिम का भी वितरण जारी है। बीएसए ने बताया कि राजधानी के सभी ब्लॉकों में 90 फीसदी सिम का वितरण कराया जा चुका है।

फ्लाइट जाने से नाराज यात्रियों ने किया हंगामा

संवाददाता, सरोजनीनगर/लखनऊ

▸▸ अधिकारियों के बस से वाराणसी भेजने का आश्वासन देने के बाद शांत हुए यात्री

अमृत विचार : अमौसी स्थित चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर मंगलवार को करीब डेढ़ दर्जन यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। यात्रियों ने आरोप लगाया कि उन्हें कनेक्टिंग फ्लाइट से वाराणसी जाना था, लेकिन उनके अमौसी एयरपोर्ट पर पहुंचने से पहले ही उड़ान निकल चुकी थी। हंगामे की खबर के बाद मौके पर पहुंचे एयरलाइन अधिकारियों ने यात्रियों को बस के माध्यम से वाराणसी भेजने का आश्वासन दिया, जिसके बाद यात्री शांत हुए।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को देहरादून से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान (6ई-518) अपने निर्धारित समय शाम 5:20 बजे के बजाए 55 मिनट देरी से शाम 6:15 बजे पहुंची। वहीं वाराणसी जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की विमान संख्या (6ई-7741) अपने निर्धारित समय पर लखनऊ एयरपोर्ट से वाराणसी के लिए हवाई यात्रियों को लेकर चली गई।

देहरादून से लखनऊ पहुंचे यात्रियों को इंडिगो के ही कनेक्टिंग विमान से वाराणसी तक की यात्रा करनी थी। देहरादून से लखनऊ पहुंचा विमान लेट होने के कारण यात्रियों की वाराणसी जाने वाली फ्लाइट छूट गई। वहीं, यात्रियों को जब इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने एयरपोर्ट पर हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना पाकर एयरलाइन अधिकारियों ने यात्रियों को समझा बुझा कर शान्त कराया। एयरपोर्ट सूत्रों का कहना है कि इसके बाद एयरलाइन की ओर से सभी यात्रियों को बस द्वारा वाराणसी भेजा गया है।

जान से मारने का प्रयास पति समेत पांच पर रिपोर्ट

अमृत विचार, आलमबाग : आलमबाग क्षेत्र निवासी पीड़िता ने पति समेत अन्य ससुरालीजनों पर दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि कुछ साल पहले उसकी अंबेडकरनगर के जैतपुर निवासी सुनील कुमार गौड़ से मुलाकात हुई थी। शादी का झांसा देकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। शादी से मना करने पर पीड़िता ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया था। सुलह होने पर जमानत पर बाहर आये सुनील ने 12 अप्रैल को पीड़िता के साथ शादी की। गर्भवती होने पर गर्भपात करा दिया। आरोप है कि आरोपी उसे प्रताड़ित कर रहा है। 16 जून को दहेज में छह लाख रुपये व कार की मांग की। मायके वालों के असमर्थता जताने पर गला दबाकर उसकी हत्या का प्रयास किया। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
ई–ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे०
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	PnU-LKO-AY-Toi-71-24-1 (Pay and Use Toilets)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	13.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	29.06.2024 समय 11:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	29.06.2024 समय 11:30 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1897/2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक अमेठी
संख्या: ल–02/2024 दिनांक: 21 जून 2024
विज्ञप्ति/टेण्डर नोटिस
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि द्वारा पुलिस कार्यालय/ थानों के लेखन सामाग्री हेतु दिनांक: 08–07–2024 को निविदा आमंत्रित की गयी है। विस्तृत जानकारी पुलिस कार्यालय अमेठी में प्राप्त की जायेगी।
पुलिस अधीक्षक, अमेठी

कार्यालय नगर पंचायत राजापुर जनपद चित्रकूट
पत्रांक 161/न0पं0राजापुर/2024–25 दिनांक 22/6/2024
फीकल स्लज ऑपरेटरों के लिये आवश्यक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगर पंचायत राजापुर जनपद चित्रकूट में उपस्थित सभी फीकल स्लज ऑपरेटरों को सूचित किया जाता है कि सीवर की सफाई के बाद निकले हुये मलबा को रानी लक्ष्मीबाई नगर राजापुर में स्थित फीकल सेण्टर पर खाली करायें। आपके द्वारा सीवर का मलबा एम.आर.एफ. में स्थित फीकल सेण्टर पर खाली कराये। आपके द्वारा सीवर का मलबा नगर पंचायत सीमान्तर्गत नाली/नाला में खाली करते पाया गया तो आपके विरुद्व उचित कार्यवाही एवं 5000.00 रुपया का जुर्माना भी किया जायेगा। सभी फीकल स्लज ऑपरेटरों को नगर पंचायत कार्यालय में पंजिकरण कराना अनिवार्य है।
अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत राजापुर, जनपद चित्रकूट — अध्यक्ष, नगर पंचायत राजापुर, जनपद चित्रकूट

कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज फर्रुखाबाद
पत्रांक 346/न0पा0प0 का0/2024–25 दिनांक– 24/06/2024
सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि श्री ओमवीर सिंह, विजय कुमार पुत्र/पुत्री/स्व परमानन्द निवासी मोहल्ला छपट्टी ने वसीयत विलेख विरासतन के भवन सँख्या 63, 64, 65 मोहल्ला छपट्टी कायमगंज पर श्री परमानंद पुत्र रामलाल के स्थान पर/जुज भाग पर अपने नामाकंन हेतु आवेदन पत्र दिया है जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है।
उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनो के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रुप में प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पलिका परिषद कायमगंज के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा, और पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रुप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद

बच्चों को दिया नैतिक मूल्यों का संदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बच्चों की कल्पनाशक्ति और व्यक्तिगत विकास को बढ़ाने के लिए यायावर रंगमंडल की उल्लास बाल वर्ष श्रृंखला के 30वें वर्ष में तैयार प्रस्तुतियां स्थानीय वाल्मीकि रंगशाला प्रेक्षागृह में आयोजित हुई।

सेंट पीटर स्कूल में 40 दिन तक चली बाल रंगमंच कार्यशाला में नाटक ज्योतिष के चमत्कार में बच्चों को संदेश दिए गए। याहोवा अकादमी में आयोजित कार्यशाला में नाटक थैंक यू बच्चों में बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्य और अच्छे संस्कार देने की बात पर ध्यान आकर्षित कराया गया।

वाल्मीकि रंगशाला में नाटक ज्योतिष का मंचन करते बाल कलाकार। अमृत विचार

इस अवसर पर आराध्या पाण्डेय, अनमोनल मित्तल, मान्या सिंह, ईशानी कनौजिया, अक्षता मिश्रा, ईशानी रावत, अभिनव सिंह, दामिनी, मान्या सिंह, पियूष कुमार, भाव्या चकवर्ती आदि द्वारा प्रस्तुत किये गए अभिनय को खूब सराहा गया। इस दौरान अनूप कुमार सिंह, नवल शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।

नोवेल और भाषा विवि के बीच समझौता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय एवं नोवेल अकादमी, पोखरा, नेपाल के बीच एक अंतरराष्ट्रीय समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है। इसमें दोनों ही पक्षों ने अकादमिक विनिमय के द्वारा सांस्कृतिक एवं अकादमिक मूल्य संवर्धन पर सहमति व्यक्त की है।

पोखरा में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रतिभाग करने गए भाषा विश्वविद्यालय के नोडल अफसर एमओयू डॉ. नीरज शुक्ल और नोवेल अकेडेमी के सीईओ विश्वेश्वर आचार्य ने समझौता ज्ञापन को हस्ताक्षरित किया। एमओयू के बारे में बताते हुए भाषा विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. नीरज शुक्ल ने बताया कि यह एमओयू दोनों ही संस्थानों के अकादमिक विकास के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। आयोजित कार्यक्रम में देश-विदेश के कई विद्वानों के अतिरिक्त एसएसपीजी कॉलेज, शाहजहांपुर के पूर्व प्राचार्य प्रो. अनुराग अग्रवाल आदि सम्मिलित रहे।

ज्ञापन समझौते के दौरान भाषा विवि के कुलानुशासक और नोवेल अकादमी के सीईओ।

सक्रियता जिलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले परियोजना अधिकारी व सीएलटीसी सम्मानित

17 .65 लाख परिवार को मिले आवास, बदला नजरिया : अनिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में 17.65 लाख से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के शहरी आवास मिले हैं। इससे लाभान्वित परिवारों का नजरिया बदला है। साथ ही पक्के घरों में बिजली, पानी, शौचालय व रसोई घर जैसी बुनियादी सुविधाओं से महिला सशक्तिकरण के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं।

यह बातें मंगलवार को राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) भवन में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की 9वीं वर्षगांठ पर निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने कही। उन्होंने कार्यक्रम में जिलों से आए उत्कृष्ट कार्य करने वाले परियोजना अधिकारी व सीएलटीसी को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सूडा भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की 9वीं वर्षगांठ पर बच्ची को केक खिलाते निदेशक डॉ. अनिल कुमार। अमृत विचार

इस दौरान अपर निदेशक आनंद कुमार शुक्ला ने कहा कि इस योजना से रोजगार के अवसर भी सृजित हुए हैं। उत्तर प्रदेश गरीबों को सबसे ज्यादा आवास देकर प्रथम स्थान पर है। लगातार 2019 व 2021 में सफल क्रियान्वयन पर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। 9वीं वर्षगांठ पर लाभार्थियों ने केक काटा।

मंच पर अयोध्या से आईं लाभार्थी अर्चना त्रिपाठी, वाराणसी से प्रीती मौर्या, रुमा कुमारी, शफीकुन निशां व रेखा रावत आदि ने अनुभव साझा किए। कहा, अपना घर होने से जिंदगी काफी सरल हो गई है। सभी को लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व उपहार बांटे गए। कार्यक्रम में उपनिदेशक कीर्ति प्रकाश भारती, वित्त नियंत्रक संजीव गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी अतुल सिंह चौहान उपस्थित रहे।

इन संस्थाओं को मिला पुरस्कार व सम्मान

प्रथम पुरस्कार केडीएस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार स्पेस कंबाइन व स्नो फाउंटेनकन्सलटेंट व तृतीय पुरस्कार अरिनेम कन्सलटेन्सी को मिला। जबकि उत्कृष्ट कार्य पर एसएलटीसी में विनोद कनौजिया, मनीष कुमार श्रीवास्तव, संतोष विश्वकर्मा, रवीश कुमार सिंह, आकांक्षा भार्गव, दिलीप कुमार, असजद बशीर अलवी, एमआईएस विशेषज्ञ मानस द्विवेदी व एमआईएस सहायक मोहित रस्तोगी को सम्मानित किया गया।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सण्डीला– हरदोई
पत्रांक: 212/न0पा0/नि0वि0/15वां वि0आ0/2024–25 दिनांक: 25.06.2024
ई–टेण्डरिंग–निविदा सूचना
नगर पालिका परिषद सण्डीला द्वारा वर्ष 2024–25 में 15वाँ वित्त आयोग के अधीन प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित विवरण के अनुसार ई–टेण्डरिंग के माध्यम से शासनादेश संख्या–3890/ नौ–5–19–149सा/2019 नगर विकास अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 का अनुपालन करते हुये आनलाइन निविदाएं https//etender.up.nic.in पर दिनांक 27.06.2024 को प्रात: 11:00 बजे से 18.07.2024 को सायं 5:00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। कार्य की निविदा के अपलोड किये गये समस्त अभिलेखों की प्रतियां निविदा के साथ 10% धरोहर धनराशि की रा0व0पत्र अथवा एफ0डी0आर0 (राष्ट्रीयकृत बैंक) अधिशासी अधिकारी के पदनाम बन्धक कराकर टेण्डर स्वीकृति के पश्चात कार्यालय में अनुबन्ध के पूर्व उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। दिनांक 19.07.2024 को अपरान्ह 1:00 बजे तक बन्द लिफाफों में व्यक्तिगत रुप से कार्यालय में उपलब्ध करायें।

S. No.	नगर पालिका परिषद सण्डीला/ANN Stage	Vendor Stage	प्रारम्भ तिथि व समय	अन्तिम तिथि व समय
1.	Tender Release	-	27.06.2024 11AM	-
2.		Tender Download	27.06.2024, 11AM	18.07.2024, 05PM
3.		Bid Submission	27.06.2024, 11AM	19.07.2024, 01 PM
4.	Close for Bid		18.07.2024, 05 PM	-
5.	Technical Bid Opening		20.07.2021, 12AM	-
6.	Finance Bid Opening	After Approval of Technical Bid		

अन्य शर्ते कार्य विवरण ई–टेण्डर वेबसाइड https//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती हैं।
(विजेता गुप्ता) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सण्डीला — (मो0 रईस अन्सारी) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सण्डीला

एक नजर

नाबालिग से दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : रहीमाबाद पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र निवासी, 17 साल की लड़की शौच के लिए खेत की तरफ गई थी। इसी दौरान फारूक (23) और मोनीस (22) ने दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया था। नाबालिक ने डर से परिजन को कुछ नहीं बताया था। दोनों आरोपी मुंबई और पानीपत चले गए। 10 जून को आरोपियों ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गांव के लोगों के बीच फोटो और वीडियो वायरल कर दिया। नाबालिग के पिता को जानकारी हुई तो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपियों को मुंबई व पानीपत से गिरफ्तार किया। मंगलवार को दोनों को लखनऊ लेकर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया।

रेलवे स्टेशन पर सपा प्रवक्ता के बहनोई और भांजों को रॉड से पीटा, घायल

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रवक्ता फकरूल हसन चांद के बहनोई और भांजों को रेलवे लांड्री के कर्मचारी ने राड से पीट दिया। हमले में बहनोई का सिर फट गया और दोनों भांजे भी चोटिल हो गये। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सपा प्रवक्ता फखरूल हसन चांद ने बताया कि मंगलवार रात वंदे भारत ट्रेन से बहनोई सिराजुल, भांजे ताहा और रेहान नैनीताल से लौटे थे। स्टेशन पर कार से उन्हें लेने गये थे। वहां पर लांड्री वालों का ई-रिक्शा कार से छू गया। इसको लेकर बहस करने लगे तो सिराजुल ने विरोध किया। इस पर लांड्री वालों ने साथियों को बुलाया और राड से जमकर पीटा। जीआरपी इंस्पेक्टर ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

कार में फंस कर 500 मीटर घिसटा मजदूर, मौके पर मौत

संवाददाता, बीकेटी

▸▸ टक्कर से बोनट पर गिरी साइकिल, नीचे फंसा था मजदूर

अमृत विचार : बीकेटी थाना क्षेत्र में लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर कार की टक्कर से साइकिल बोनट पर जा गिरी और मजदूर नीचे फंसकर पांच सौ मीटर तक घिसटते चला गया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद भागने का प्रयास कर रहे आरोपी चालक को लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

इंस्पेक्टर राणा राजेश कुमार सिंह के मुताबिक, क्षेत्र के भैंसामऊ गांव निवासी अंबिका प्रसाद (50) सरैया स्थित भट्ठे पर मजदूरी करते थे। मंगलवार दोपहर करीब 12.30 बजे भट्ठे पर काम करने के बाद साइकिल से घर लौट रहे थे। सीतापुर-लखनऊ हाईवे पर टिकारी रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचे थे। इसी दौरान सीतापुर की ओर से आई तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद साइकिल उछलकर कर कार के बोनट पर जा गिरी और अंबिका कार के नीचे फंस गये। हादसे के बाद कार चालक उन्हें करीब पांच सौ मीटर तक घसीटते चला गया। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी चालक ने कार छोड़ कर भागने का प्रयास किया तो लोगों ने दौड़ा कर पकड़ लिया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी चालक की पहचान सीतापुर निवासी लवलेश के रूप में हुई है। कहा परिजनों की तरफ से प्रार्थना-पत्र मिलने पर आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

बहादुर नगर ग्राम पंचायत का मामला, मौके पर मौजूद रहे नायब तहसीलदार

संवाददाता, शिवगढ़

रायबरेली, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के बख्शीखेड़ा मजरे बहादुर में चारागाह की जमीन पर किए गए अवैध निर्माण को तहसील प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर गिरवा दिया है। तहसील प्रशासन की इस कार्यवाही से सुरक्षित जमीन पर कब्जा करने वाले भूमाफियाओं में हडकम्प मच गया है।

गौरतलब हो कि महराजगंज उप जिलाधिकारी राजितराम गुप्ता को शिकायत मिली थी कि शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बक्शीखेड़ा मजरे बहादुर नगर में चारागाह के नाम से दर्ज भूमिगत संख्या गाटा संख्या 1287 पर अवैध रूप से निर्माण करके कब्जा किया गया है। शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने बछरावां नायब तहसीलदार सत्या राज को जांचकर चारागाह की जमीन को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए थे। मंगलवार की दोपहर लेखपाल अवनीश प्रताप सिंह, लेखपाल सुशील शर्मा, लेखपाल शिवेंद्र रावत, राजस्व निरीक्षक सूर्यपाल, राजस्व निरीक्षक रामसेवक के साथ मौके पर पहुंची नायब तहसीलदार सत्या राज ने पैमाइश कराई तो शिकायत सत्य पाई गई। बख्शीखेड़ा गांव के रहने वाले हनुमान पुत्र शंभू द्वारा चारागाह की भूमि गाटा संख्या 1287 पर अवैध रूप से निर्माण किया गया था। जिसके पश्चात नायब तहसीलदार सत्या राज ने बुलडोजर बुलवाकर शिवगढ़ पुलिस फोर्स की मौजूदगी में हनुमान द्वारा कराए गए अवैध निर्माण को गिरवाकर ध्वस्त करा दिया तथा जमीन को कब्जा मुक्त कराते हुए हनुमान को सख्त हिदायत दी। दोबारा चारागाह की जमीन पर कब्जे की पुनरावृत्ति न हो। नायब तहसीलदार सत्या राज ने बताया कि शिकायत हुई थी कि बक्शीखेड़ा मजरे बहादुर नगर में चारागाह की भूमि गाटा संख्या 1287 पर अवैध कब्जा हुआ है। एसडीएम साहब के आदेश के क्रम में जांच कराई गई तो शिकायत सत्य पाई गई। अवैध निर्माण को गिरवाकर चारागाह की जमीन को कब्जा मुक्त कर दिया गया है।

अवैध निर्माण ढहाता प्रशासन का बुलडोजर। अमृत विचार

रॉयल्टी की आड़ में खोद डाली 10,782 घन मीटर अधिक मिट्टी

संवाददाता, मलिहाबाद

फॉलोअप

अमृत विचार : क्षेत्र में खनन करने वालों ने रॉयल्टी की आड़ में 10,782 घन मीटर अधिक मिट्टी खोद डाली। उपजिलाधिकारी ने जांच कराई तो मानक से अधिक मिट्टी खनन करना पाया। जिस पर जुर्मना वसूला जाएगा।

सोमवार को पीपर घाट से रॉयल्टी की आड़ में मानक से अधिक खनन की सूचना पर उपजिलाधिकारी सौरभ सिंह ने पुलिस बल के साथ चालक समेत डंपर पकड़ा था। साथ ही क्षेत्र में हो रहे मिट्टी खनन की जांच के आदेश दिए थे। मंगलवार को राजस्व टीम ने ग्राम बेलगढ़ा में हो रहे खनन की जांच की। मौके पर पाया कि राजेन्द्र सिंह को 8 मई से 26 जून तक 17,603 घन मीटर मिट्टी खनन की स्वीकृति दी गई थी। फिर भी निर्धारित गाटा में मानक से अधिक 25 मीटर की गहराई तक 28,385 घन मीटर मिट्टी खोदी गई। जो कि स्वीकृत मात्रा से 10,782 घन मीटर अधिक है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि संबंधित व्यक्ति से खनन विभाग जुर्माना वसूल करेगा।

मामूली बारिश में ही हरौनी के घरों और दुकानों में भरा पानी

संवाददाता सरोजनीनगर

अमृत विचार : सरोजनीनगर में मंगलवार दोपहर बाद हुई मामूली बरसात से हरौनी कस्बे के घरों और दुकानों में पानी भर गया। बताते हैं कि यहां नाले नालियों की काफी दिनों से सफाई नहीं हुई है। जिसके कारण वह चोक पड़ी है। मंगलवार अपराह्न करीब 3 बजे कुछ देर के लिए हुई झमाझम बारिश से सारे नाले नालियां उफना गए और उनका पानी दुकानों व घरों में घुस गया। जिससे लोगों का काफी नुकसान हो गया है।

घरों के सामने भरा पानी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत की गई लेकिन यहां लंबे समय से नाले-नालियों की सफाई नहीं की गयी। उनका कहना है कि अगर यही हालात रहे तो बरसात के मौसम में लोगों के घरों और दुकानों में भयंकर जल भराव हो सकता है। सफाई न होने के कारण यहां पर जगतपाल रावत और छेदीलाल गौतम के घर के सामने व नंदू होटल के पास नाले का सारा पानी उफना कर सड़क पर भर रहा है। जिससे यहां जल भराव की समस्या बनी हुई है। लोगों को इसी गंदे पानी के जलभराव से होकर निकलना पड़ रहा है।

अमरूद की तरह सुर्ख दिखेगी दशहरी, स्वाद भी लाजवाब

संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचार : सूर्ख गूदे वाले अमरुद की तरह अब दशहरी भी मिलेगी। 16 की मेहतन के बाद पहली बार इसकी फसल तैयार हुई है। लेकिन कम मात्रा में आम निकले इसलिए फिलहाल बाजार में उपब्धता नही हो पाएगी। इस प्रजाति को मैंगो मैन कलीम उल्लाह ने विकसित किया है।

मैंगो मैन के नाम से में मशहूर पद्मश्री कलीम उल्ला खां ने एक नई प्रजाति का दशहरी आम विकसित किया है। जिसका नाम कलीम दशहरी रखा गया है। इस प्रजाति की दशहरी पीले के साथ लाल रंग भी है। अपने रंग से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगी। कलीम उल्ला खां ने बताया कि इस विशेष प्रजाति के आम को तैयार करने में 16 वर्ष का समय लगा है। आम के स्वाद में भी बदलाव है।

अब्दुल्ला नर्सरी पर देखने को मिलेंगे 350 प्रजाति के आम : कलीम उल्ला खां 86 वर्ष की उम्र में 350 से अधिक प्रजातियों के आमों को विकसित किया है। इन्होंने कई प्रदर्शनियों में आम की विभिन्न प्रजातियों सहित रंगबिरंगे आमों के लिये प्रथम स्थान पाया। इनकी अब्दुल्ला नर्सरी में 350 से अधिक प्रजातियों के आम देखने को मिलते हैं। सचिन, ऐश्वर्या ,डॉक्टरों ,योगी ,मोदी ,डॉक्टर पुलिस सहित अन्य राजनेताओ के नाम के विकसित कर चुके हैं।

विरोध के बावजूद मकानों व दुकानों पर चला बुलडोजर

संवाददाता सरोजनीनगर

अमृत विचार : बंथरा में कानपुर रोड चौड़ीकरण की जद में आ रहे कई मकान मंगलवार को ढहा दिए गए। इस दौरान व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने काफी विरोध किया। लेकिन मौके पर मौजूद कई थानों की पुलिस के आगे उनकी एक न चल सकी।

बताते चलें कि लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे को लेकर पीएनसी कंपनी द्वारा एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जा रहा है। इसकी वजह से कानपुर रोड का चौड़ीकरण भी हो रहा है। इस चौड़ीकरण की जद में सड़क किनारे बंथरा कस्बे के कई मकान व दुकानें आ रही हैं। संबंधित विभाग द्वारा कई बार व्यापारियों को नोटिस दी गई। लेकिन उन्होंने अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया। जिसको लेकर मंगलवार को सुबह करीब 7 बजे ही एनएचएआई अधिकारी और तहसील प्रशासन भारी पुलिस फोर्स के साथ कई जेसीबी लेकर पहुंच गया। जैसे ही उन्होंने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की, तभी व्यापारियों ने विरोध करना शुरू कर दिया। विरोध के बावजूद सड़क किनारे बने मकान और दुकान बुलडोजर से ढहा दिए गए। हालांकि व्यापारियों का कहना था कि एनएचएआई द्वारा आए दिन अलग-अलग निशान लगाए गए। जिसकी वजह से उन्होंने अपनी दुकान और मकान नहीं खाली किया।

इस मामले में सरोजनीनगर एसडीएम फाल्गुनी सिंह ने कहा कि जिन लोगों को मुआवजा मिल गया है, वह अपने मकान और दुकान खाली कर रहे हैं। इसके अलावा जिन्हें मुआवजा नहीं मिला है, उनके लिए बंथरा में एक शिविर लगा दिया गया है। जिसमें पहुंचकर लोग अपने प्रपत्र जमा कर दें। उनको भी जल्द मुआवजा दे दिया जाएगा।

सड़क चौड़ीकरण के दायरे में आए तोड़े गए मकान। अमृत विचार

▸▸ कानपुर रोड के चौड़ीकरण की जद में आ रहे मकानों व दुकानों को ढहाया गया

सात लोगों ने महिला के साथ किया गैंगरेप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र का मामला, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: सुशांत गोल्फ सिटी में मंगलवार को सात लोगों द्वारा महिला से गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। आरोपियों के चंगुल से किसी तरह बचकर निकली पीड़िता थाने पहुंची। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह के मुताबिक, गोसाईंगंज क्षेत्र में रहने वाली पीड़िता ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि वह निजी काम से कटरा बकास गांव आई गई थी। जहां उसका परिचित अनवर अपने छह साथियों के साथ पहुंच गया। वह कुछ समझ पाती इससे पहले ही उसे बंधक बनाकर पास की झाड़ियों में ले गये। जहां बारी-बारी से सभी ने दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। वह किसी तरह आरोपियों के चंगुल से बचकर थाने पहुंची। एडीसीपी ने बताया कि अनवर कटरा बकास गांव का ही रहने वाला है। पीड़िता अन्य आरोपियों की पहचान नहीं कर पा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये टीमें लगाई गई हैं।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

ग्राम समाज की जमीन पर बना मकान बेचकर 40 लाख ठगे

अमृत विचार, सरोजनीनगर: सरोजनीनगर क्षेत्र में ग्राम समाज की जमीन पर बने मकान को बेच कर 40 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के असोहा थानान्तर्गत सरवन गांव निवासी वंशराज ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया दरोगाखेड़ा निवासी रजनीश वर्मा ने पिनवट में बना मकान अपना बताते हुये उसके हाथ 40 लाख रुपये में बेचा था। 18 अप्रैल 2024 को सरोजनीनगर स्थित उप निबंधक कार्यालय में बैनामा कराया। जब वह मकान पर पहुंचा तो पता चला कि ग्राम समाज की भूमि पर बना है।

राजधानी की तरह मॉडल बनेंगे गांव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अधिकारियों व इंजीनियरों की टीम ने सीखे विकास के तौर-तरीके

अमृत विचार : राजधानी की तरह प्रदेश के सभी गांव मॉडल बनाए जाएंगे। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत प्रशिक्षण पाने के लिए जिलों से आई टीमों ने गांवों का भ्रमण किया और विकास कार्य के तौर-तरीके सीखे।

मंगलवार को पंचायती राज निदेशालय में जिलों से आए कंसलटिंग इंजीनियर व अधिकारियों ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 के तहत मॉडल गांव का प्रशिक्षण पाया। इसके बाद टीम को स्टेट कंसलटेंट सुशील पांडेय, दीपक कुमार व जिला समन्वयक अभिनव त्रिवेदी ने बीकेटी ब्लॉक की ग्राम पंचायत कठवारा व गोसाईगंज की ग्राम पंचायत बक्कास का भ्रमण कराया। दोनों ग्राम पंचायत पिछले वर्ष पहले चरण में मॉडल बनी थीं। टीम ने गांव में बने पंचायत भवन, लर्निंस सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर व उनमें होने वाले कामकाज का तरीका देखा। इसके बाद सामुदायिक शौचालय, ठोस एवं तरल प्रबंधन के कार्य, जलनिकासी, प्लास्टिक का उठान और आरआरसी सेंटर में निस्तारित कर सड़क निर्माण के लिए दाने बनाना आदि कार्यों व उनके क्रियान्वयन को बारीकी से जाना। टीम अपने जनपदों में इस तरह से चयनित गांवों को मॉडल बनाएगी।

ग्राम निधि से करोड़ों खर्च, दोबारा जांच के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 2021 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान नियुक्त प्रशासकों द्वारा छह माह तक ग्राम निधि से खर्च करोड़ों रुपये की जांच नहीं हो पाई है। निदेशक पंचायती राज विभाग अटल कुमार राय ने संज्ञान लेकर सभी जिलों को दोबारा जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

यह शिकायत गोरखपुर के संजय मिश्रा ने अप्रैल में निदेशक से की थी। कहना था कि प्रदेश में दिसंबर 2021 में प्रधानों का कार्यकाल खत्म हो गया था और चुनाव देर से हुए थे। कामकाज प्रभावित न हो इस वजह से छह माह के लिए एडीओ व बीडीओ को प्रशासक नियुक्त किया गया था। प्रशासकों ने सचिवों के माध्यम से दिसंबर से मई तक ग्राम निधि से करोड़ों रुपये भुगतान किया। 5 मई को प्रधान नियुक्त हुए और 25 मई से शपथ दिलाई गई। इस 20 दिन के अंतराल में कुल 650 करोड़ रुपये भुगतान किए गए। इसमें वित्तीय अनियमितता की आशंका है। निदेशक ने सभी जिलों को दोबारा जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

इन जिलों में सर्वाधिक भुगतान

बिजनौर 26.66 करोड़, बहराइच 20.74, जौनपुर 20.30, बांदा 18.99, सीतापुर 18.25, कुशीनगर 18.12, मुज्जफर नगर 14.62, बुलंदशहर 17.54, फतेहरपुर 17.21, बाराबंकी 13.80, आजमगढ़ 13.38, प्रतापगढ़ 13, सहारनपुर 13.59, बलिया 12.69, जालौन 12.29, प्रयागराज 12.20, फिरोजाबाद 11.86, झांसी 11.67, मथुरा 11.64, आगरा 11.33, अयोध्या 11.24, हरदोई 10.97, लखीमपुर खीरी 10.63, कासगंज 10, पीलीभीत 9, मुरादाबाद 8.95, बदायूं 8.76, अमेठी 8.42, गोंडा 6.64, गोरखपुर 5.94, लखनऊ 5.34, कानपुर नगर 5.21, बरेली 3.84, शाहजहांपुर 3.66 करोड़ रुपये।

▸▸ पंचायत चुनाव के दौरान प्रशासकों ने 20 दिन में खर्च किए थे 650 करोड़

▸▸ अप्रैल में निदेशक ने दिए थे निर्देश, जांच दबाने में लगे अधिकारी

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

पौधरोपण के नाम पर खानापूर्ति

शंकर सिंह, राही, रायबरेली

अमृत विचार। साल दर साल करोड़ों की धनराशि खर्च कर पौध रोपण का कार्य किया जाता है लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी से रोपित पौधे सुरक्षित नहीं रह पाते हैं। इधर पिछले एक दशक से पेड़ों की अंधाधुंध कटान होने से पर्यावरण अधिक दूषित हुआ है।

कोविड महामारी के समय पूरा विश्व इसकी चपेट में था और लोगों का आक्सीजन लेवल गिर रहा था। आम और खास इस महामारी की चपेट में था। तब लोगों ने पौधों की उपयोगिता को महसूस किया और इसके बाद लोग न ई ऊर्जा के संग पौध रोपण कार्य करने लगे। इसी कड़ी में राही ब्लाक में भी बृहद पौध रोपण का कार्य किया गया। वन विभाग ब्लाक को पौधे उपलब्ध कराता है और ग्राम पंचायतें मनरेगा से मिले लक्ष्य के हिसाब से पौधे रोपित करती है।

पिछले पांच वर्षों में हुए पौधरोपण का विवरण

साल	पौध की संख्या
2020-21	108186
2021-022	129867
2022-023	151475
2023-024	153945
2024-025	153945

▸▸ अधिकारियों की मानें तो 10 प्रतिशत ही बचते हैं पौधे

237 रुपये पड़ती है 12 गड्ढों की खोदाई

मनरेगा के तहत एक मजदूर को 12 गढ्ढे खोदने पर उसे 237 रूपये की मजदूरी मिलती है। इस तरह से सिर्फ पांच साल में पौधरोपण पर आए खर्च का आकलन किया जाए तो करोड़ों की धनराशि खर्च करने के बाद भी वांछित परिणाम नहीं निकलता नजर आ रहा है। सूत्रों की मानें तो रोपित अधिकांश पौधे सूख गए है। एक अधिकारी ने दबी जुबान से बताया कि दश फीसद ही पौधे बचे हैं। एपीओ राही, अरविंद सिंह ने बताया कि पौध रोपण की अभी तारीख निश्चित नहीं है। पौधरोपण की तैयारी चल रही है।

ससुराल पक्ष पर जान से मारने का लगाया आरोप

सलोन, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत औना सदरा गांव निवासी महिला कविता देवी ने आरोप लगाया कि 21 जून को वह बच्चों के साथ कमरे में लेटी हुई थी तभी ससुरालजनों ने उसे जलाने का प्रयास किया। महिला का आरोप है कि घटना के बाद वह झुलस गई। देवर गणेश ने उसके साथ कुछ दिन पूर्व मारपीट की थी। जिसकी शिकायत स्थानीय कोतवाली में की थी। शिकायत वापस लेने को लेकर पति राम लोचन, देवर-देवरानी और सास दबाव बना रहे थे। जिसके बाद सभी ने मिलकर उसे जलाने का प्रयास किया था। कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

तीन घरों में दौड़ा करंट, युवक की मौत

संवाददाता, पिसावां, सीतापुर

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के कपूरपुर गांव में मंगलवार उस समय हड़कंप मच गया। जब गांव के बाहर स्थित तीन मकानों में तकनीकी समस्या के कारण ट्रांसफार्मर से हाईवोल्टेज करंट दौड़ गया। इसकी चपेट में आकर एक युवक और एक मवेशी की मौत हो गई। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

पिसावां थाना क्षेत्र के कपूरपुर गांव के बाहर स्थानीय लोगों के मकान बने हैं। बताया जा रहा है वहीं पर विद्युत सप्लाई के लिए एक ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। मंगलवार की दोपहर बाद अचानक बूंदाबांदी प्रारंभ हो गई। जिस वजह से जमीनी सतह पूरी तरह से गीली हो गई थी। उसी दौरान ग्रामीणों की मानें तो अचानक ट्रांसफार्मर से तकनीकी समस्याओं के कारण तेज करंट पप्पू, बभूती और घांशीराम के घरों में दौड़ गया। अचानक तेज करंट दौड़ने के कारण घरों में लगे बल्ब फट गए। साथ ही घरों में विद्युत सप्लाई से जुड़े उपकरण भी फुंक गए। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो स्थितियों को देखते हुए ग्रामीण पप्पू पुत्र रज्जन (32) ने उपकरणों को बंद करने के लिए जैसे ही बोर्ड को हाथ लगाया तो अचानक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने ग्रामीणों की सहायता से उसे बरगावां स्थित निजी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

बिजली के पाइप से आया राममंदिर में पानी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राममंदिर में बारिश के पानी के रिसाव को लेकर पुजारी के द्वारा लगाए गए आरोप के बाद मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने मंगलवार को सफाई दी है।

उन्होंने बताया कि बिजली की अंडरग्राउंड वायरिंग में तार डाला जाना है, जिसको लेकर प्रथम तल पर पाइप खुली हुई है। पाइप के जरिए पानी आया है। दूसरा कारण बताते हुए कहा कि गूढ़ मंडप अभी बनाया जा रहा है। मंडप की छत निर्माणाधीन है। द्वितीय तल के मंदिर पर जाकर छत पूरी होगी, लेकिन उसके पहले एक छाजन की व्यवस्था की गई है, जिस कारण नीचे पानी आया और लोगों ने भ्रम फैला दिया। मंदिर के निर्माण में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं है। कहा कि राम मंदिर में उच्चतम स्तर का निर्माण कार्य हो रहा है, जिसके लिए सीबीआरआई रुड़की समय-समय पर निर्माण की जांच करती है। फिर सीबीआरआई के वरिष्ठ अभियंता निरीक्षण के बाद प्रमाण पत्र जारी करते हैं। चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि गर्भगृह में भगवान के स्थान और श्रृंगार का ही जल होता है। साधु-संतों की राय थी कि भगवान के स्नान और श्रृंगार के जल को एक कुंड में एकत्रित किया जाए। श्रद्धालुओं को स्नान और जल की मांग के अनुरूप उपलब्ध कराया जाता है। पानी निकासी के लिए सभी मंडप में परनाला बनाया गया है। इसके अलावा मंदिर के फर्श को इस तरह से बनाया गया है, ताकि अपने आप पानी बाहर निकल सके। मंदिर निर्माण की शैली की जानकारी देते हुए कहा कि नागर शैली में सभी तरफ से मंदिर को बंद नहीं किया जाता। नृपेन्द्र मिश्र ने कहा कि मंदिर परिसर में पानी को लेकर की कोई समस्या नहीं है। मैं इसका स्वयं निरीक्षण किया है।

▸▸ मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन बोले, कहा- निर्माण में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं

मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र।

दुकान से वंचित लोग विस्थापित करें आवेदन

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचारः रामपथ, भक्ति पथ व श्री राम जन्म भूमि पथ से विस्थापित दुकान न पाने वाले दुकानदारों को दुकानें मिलेगी। इसके लिए दुकान न पाने वाले विस्थापित 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। उप जिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडे ने मंगलवार को बताया कि अयोध्या में रामपथ, भक्ति पथ, श्रीराम जन्म भूमि पथ के निर्माण के दौरान पूर्णरूप से विस्थापित दुकानदारों को दुकानों का आवंटन पहले किया गया था लेकिन कुछ दुकानदारों से यह बताया गया कि उन्हें अभी दुकानों का आवंटन नही हो पाया है। ऐसे सभी विस्थापित दुकानदार जिन्हें अभी तक दुकानों का आवंटन नही प्राप्त हुआ है वे 30 जून को अपना आवेदन पत्र तहसील स्थित उपजिलाधिकारी सदर के कार्यालय में जमा कर दें। जिससे जांच के बाद नियमानुसार दुकानों के आवंटन के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

20 के नोट पर लिखी थी नकल सामग्री, तलाशी में पकड़े गए

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः शहर के लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में मंगलवार को परीक्षा देने पहुंचे एक छात्र के पास से तलाशी के दौरान जो नकल सामग्री बरामद हुई उसे देखकर कालेज के प्रोफेसर भी चौंक गए। दरअसल छात्र ने 20 रुपये के नोट पर कुछ प्रश्नों का उत्तर लिख रहा था, लेकिन जब वह परीक्षा देने के लिए केंद्र पर पहुंचा तो गेट पर तलाशी के दौरान उड़ाका दल के सदस्यों ने उसे पकड़ लिया और नकल सामग्री को जब्त कर लिया। नकल के इस नए तरीके को लेकर महाविद्यालय प्रशासन अचंभित है। वर्तमान समय में अवध विश्वविद्यालय की परीक्षा चल रही है।

मंगलवार को दूसरी पाली में बीए द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा थी। शहर के श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में परीक्षा देने पहुंचे छात्र छात्राओं की महाविद्यालय के गेट पर तलाशी ली जी रही थी। इसी दौरान उड़ाका दल के सदस्यों ने एक छात्र के पास से 20 रुपये के दो ऐसे नोट बरामद किए जिस पर परीक्षा में आने वाले संभावित प्रश्नों के उत्तर लिखे गए थे। नोट पर नकल सामग्री देख उड़ाका दल के सदस्य भौचक रह गए। इसी तरह एक दूसरे छात्र ने बैंक की जमा पर्ची पर नकल सामग्री लिख रखी थी। आंतरिक उड़ाका दल के संयोजक प्रोफेसर आरबी सिंह बघेल ने बताया कि बीए द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा पूर्व गेट पर आंतरिक उड़ाका दल ने परीक्षार्थियों के पास से 20 रुपये के नोट पर तथा बैंक जमा पर्ची पर विषय गत सामग्री लिखी नकल सामग्री पकड़ी है। सामग्री को जब्त कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं से अपील की गयी है कि वह परीक्षा के समय प्रवेश पत्र के अतिरिक्त ऐसी सामग्री न लाएं जिससे नकल की संभावना बने तथा निरीक्षण के दौरान अनावश्यक समय देना पड़े। परीक्षा के दौरान नकल की सामग्री कक्ष में पकड़े जाने पर परीक्षार्थी एक से दो वर्ष के लिए परीक्षा से वंचित हो सकता है।

20 रुपये के नोट पर लिखी नकल सामग्री। अमृत विचार

बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, एक घायल

हैदरगढ़, बाराबंकी

अमृत विचार : दो बाइकों की टक्कर में जहां एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी से उसे ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना कोठी के पूरे खुशाली मजरे नसीरपुर निवासी रामविलास का पुत्र हरीओम (25) शिवराजपुर ग्राम में क्लीनिक चलाता था। मंगलवार को वह क्लीनिक जा रहा था। हैदरगढ़-भिटरिया मार्ग पर पूरे प्रह्लाद मजरे दतौली चंदा गांव के निकट सामने से आ रही मोटरसाइकिल ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां पर हरीओम को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल लखनऊ के ऐशबाग कॉलोनी निवासी अमित सिंह (35) को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया।

टायर फटने से 20 फिट नीचे गिरा ट्रक

हादसाग्रस्त लोडर ट्रक।

त्रिवेदीगंज, बाराबंकीः अमृत विचारः पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर गिट्टी लादकर जा रहा लोडर ट्रक बैरीकेडिंग तोड़ते हुए करीब 20 फीट नीचे आ गिरा। हालांकि किसी तरह का कोई नुकसान नहीं हुआ। हादसा थाना लोनी कटरा क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर मंगलवार सुबह करीब पांच बजे के लगभग नरेन्द्रपुर मदरहा गांव के पास हुआ। लखनऊ की तरफ से गिट्टी लादकर सुल्तानपुर की तरफ जा रहे लोडर ट्रक के अगले पहिये का टायर अचानक फट जाने से लोडर बैरीकेडिंग तोड़ते हुए करीब बीस फीट नीचे आ गिरा। गनीमत रही कि ट्रक में मौजूद चालक व परिचालक को कोई चोट नही आई है।

रामनगर में करंट लगने से अधेड़ की मौत

रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार : खेत में लगी झटका मशीन का करंट लगने से एक अधेड़ की मंगलवार सुबह मौत हो गई। मामला मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुतलूपुर का है। गांव के प्रधान ताहिर खान एसपी के आदेशों की अवहेलना करते हुए अपने खेतों की चौहद्दी पर झटका मशीन लगवाये हैं। झटका मशीन के तारों में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से मंगलवार सुबह उसी गांव के निवासी पचास वर्षीय हुसैनी की मौत हो गई। देखते ही देखते मौत की सूचना पूरे गांव में फैल गई।

उपराष्ट्रपति से तनुज पुनिया ने की मुलाकात

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी, अमृत विचारः सांसद तनुज पुनिया ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान तनुज पुनिया ने तमाम मुद्दों पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से बातचीत की। मुलाकात के बाद तनुज पुनिया ने कहा कि उपराष्ट्रपति के अनुभव और विचारों से बहुत कुछ सीखने को मिला। हाथ में संविधान की प्रति लेकर तनुज पुनिया ने मंगलवार को लोकसभा सांसद के रूप में शपथ ली। कार्यवाहक अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) फग्गन सिंह कुलस्ते ने शपथ दिलाई।सांसद तनुज पुनिया में हिंदी भाषा में शपथ ली।



उपराष्ट्रपति से मुलाकात करते सांसद तनुज पुनिया। अमृत विचार

प्रभात-शिवा ने जमानत अर्जी डाली

कानपुर, अमृत विचार। रायपुरवा थानाक्षेत्र निवासी कपड़ा कारोबारी के बेटे कुशाग्र कनोडिया की हत्या के मामले में मंगलवार को आरोपी प्रभात और शिवा के वकील ने एडीजी 7 की कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी डाली है। जज साहब आजाद सिंह के पास जमानत अर्जी डाली गई है। इस मामले में 28 जून को सुनवाई होगी। वहीं इससे पहले बुधवार को एडीजे 17 की कोर्ट में सुनवाई हुई थी। इसमें मामले के वादी संजय कनोडिया ने अपने बयान दर्ज कराए, साथ ही फिरौती के पत्र की पहचान भी की। वहीं आरोपी रचित वत्स के वकील श्रीकांत दीक्षित ने अपना वकालतनामा फिर से दाखिल किया। कुशाग्र की बीते 30 अक्टूबर को अपहरण कर हत्या कर दी गई थी।

दस जून को आबूधाबी से स्वदेश के लिए निकला विनोद अब तक नहीं पहुंचा घर

गोंडा कार्यालय

अमृत विचारः बलरामपुर जिले के रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के सिरसिया महदेइया गांव का रहने वाला विनोद दस जून को आबूधाबी से स्वदेश वापसी के लिए निकला था लेकिन 15 दिन बाद भी वह अपने घर नहीं पहुंचा है। बेटे के लापता होने से मां किसी अनहोनी की आशंका से सहमी है। परेशान रिश्तेदारों ने विदेश राज्यमंत्री को पत्र भेजकर मदद की गुहार लगायी है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के बाबा मेठिया के त्रिलोकपुर के रहने वाले विश्वनाथ गिरि ने बताया कि उसकी मौसी का बेटा विनोद (30) दो साल पहले पीओपी के काम के लिए आबूधाबी गया था। वहां विनोद एक निजी कंपनी में काम कर रहा था। दो साल बाद विनोद इसी महीने घर वापस आ रहा था। वह 10 जून को अबू धाबी से स्वदेश वापसी के लिए निकला था लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। उसकी मां सावित्री ने अपने रिश्तेदारों को सूचना दी। विश्वनाथ ने बताया कि कई दिनों तक विनोद की तलाश की गयी। विनोद का मोबाइल फोन भी बंद बता रहा है। विनोद के अचानक लापता होने से परिजन परेशान हैं और किसी अनहोनी की आशंका से सहमे हुए हैं। उसकी बूढ़ी मां बेबस आंखों से अपने बेटे के वापस लौटने का इंतजार कर रही है। विश्वनाथ ने बताया कि विनोद के पिता का पहले ही निधन हो चुका है। घर पर सिर्फ बूढ़ी मां सावित्री देवी हैं। अब बेटे के गम में सावित्री देवी बदहवास हैं। ऐसे में अब परिवार और रिश्तेदारों ने जिले के सांसद व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह से विनोद की तलाश कराए जाने की गुहार लगायी है। विश्वनाथ ने बताया कि राजा भैया को पत्र दिया गया है।

लखनऊ कमिश्नरेट व बाराबंकी की टीम का रहा दबदबा

बाराबंकी

अमृत विचार : रिजर्व पुलिस लाइंस में आयोजित दो दिवसीय 29वीं अंतर्जनपदीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के जनपद लखीमपुर खीरी, अमेठी, सुल्तानपुर, सीतापुर, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, बाराबंकी, अंबेडकरनगर और अयोध्या सहित कमिश्नरेट की कुल 11 टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया। मंगलवार को हुई प्रतियोगिताओं में महिला कुश्ती प्रतियोगिता में कमिश्नरेट लखनऊ को पहला तो वहीं बाराबंकी को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता में कमिश्नरेट लखनऊ पहले तो बाराबंकी दूसरे स्थान पर रहा। पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता में भी कमिश्नरेट लखनऊ में बाजी मारी। इस प्रतियोगिता में लखनऊ पहले तो बाराबंकी दूसरे स्थान पर रहा।

महिला पहलवानों का हाथ मिलवाते एसपी दिनेश कुमार सिंह।

सैलानियों के लिए बंद हो गया दुधवा...14 नवंबर को खुलेगा

इस बार देशी पर्यटक बढ़े पर विदेशी आए कम, वाहन शुल्क में कमी से घटी आय, बाघों की साइटिंग होने से बढ़े सैलानी

संवाददाता, पलिया कलां

अमृत विचारः दुधवा नेशनल पार्क सैलानियों के लिए मंगलवार की शाम से बंद कर दिया गया। अब बरसात बाद 14 नवंबर को फिर सैलानियों के लिए दुधवा के द्वार खोले जाएंगे। अंतिम दिन देशी सैलानियों की भीड़ ज्यादा दिखाई दी। जंगल भ्रमण के दौरान सैलानियों ने हिरन, गैंडा, भालू और हाथियों के झुंड का दीदार किया। इस बार जहां देशी पर्यटकों की संख्या बढ़ी तो वहीं विदेशी सैलानी कम आए।

अपर प्रधान वनसंरक्षक एवं दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने मंगलवार को यहां आए पर्यटकों को अलविदा कह एवं अधीनस्थों के साथ बैठक करने के उपरांत पर्यटन सत्र का समापन किया। बता दें, दुधवा नेशनल पार्क हर वर्ष 14 नवंबर को पर्यटकों के भ्रमण के लिए खोला जाता है और 15 जून को बंद कर दिया जाता है, किन इस बार वर्षाकाल विलंब से शुरू होने एवं दुधवा की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सत्र 25 जून तक बढ़ा दिया गया था।

सैलानियों ने इसका भरपूर आनंद उठाया और यहां स्वच्छंद विचरण कर रहे बाघों, तेंदुओं, हाथियों, गैंडों, बारहसिंघों सहित अन्य जंगली जानवरों का सपरिवार खूब दीदार कर भरपूर लुत्फ उठाया।

10 दिन देर से बंद हुआ कतर्नियाघाट

मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग मंगलवार से पर्यटकों के लिए बंद हो गया है। अब 15 नवंबर से पुनः वन्य जीव प्रभात पर्यटकों के लिए खोला जाएगा।

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग 551 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। जंगल भ्रमण के लिए आने वाले देश-विदेश से पर्यटक वन्य जीवों को देखकर रोमांचित होते हैं। इतना ही नहीं जंगल के बीच से बहने वाली गेरुआ और कौड़ियाला नदी में जलीय जीव भी पाए जाते हैं। जिनमें घड़ियाल, मगरमच्छ और डॉल्फिन की अठखेलियां लोगों को जंगल आने के लिए आकर्षित करते हैं।

प्रतिवर्ष वन विभाग की ओर से 15 जून को पर्यटन सत्र बंद कर दिया जाता है। लेकिन इस बार मानसून में देरी होने के चलते 10 दिन और पर्यटन सत्र बढ़ा दिया गया। जिसके चलते जंगल भ्रमण के लिए आने वाले पर्यटकों की भीड़ रही। जिसके चलते लगभग 31,500 देशी विदेशी पर्यटकों ने जंगल का भ्रमण किया। उन्होंने बताया कि अब 15 नवंबर को पुनः जंगल भ्रमण के लिए पर्यटकों के लिए खोला जाएगा।

वाच टावर की सीढ़ियों पर आराम करता बाघ। अमृत विचार

कार्यालय नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर

पत्रांक–मेमो/स्था0नि0/न0पं0कि0/2024–25 दिनांक – 25/6/2024

क्या आपको पता है सैफ्टिक टैंक और सीवर की असुरक्षित सफाई करवाना कानूनी जुर्म है, इसकी सूचना तुरन्त 14420 पर दे और अपने सफाई मित्र की रक्षा करें।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा
अम्बेडकरनगर

कार्यालय नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर

पत्रांक–मेमो/स्था0नि0/न0पं0कि0/2024–25 दिनांक – 25/6/2024

शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिये नगर वासियों से अपील है कि अपने घर में स्थित शौचालय के सैफ्टिक टैंक को प्रत्येक तीन वर्ष पर अवश्य साफ करवायें। फिर भी यदि किसी व्यक्ति के शौचालय का टैंक बहता हुआ पाया गया तो इसके लिए नगर पालिका अधिनियम–1916 के अन्तर्गत नियमानुसार दण्डित एवं जुर्माना लगया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अशरफपुर–किछौछा
अम्बेडकरनगर

कार्यालय नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर

पत्रांक–मेमो/स्था0नि0/न0पं0कि0/2024–25 दिनांक – 25/6/2024

शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिये नगर क्षेत्र में कार्यरत् सरकारी एवं गैर सरकारी (निजी) सैफ्टिक टैंक सफाई करने वाले ऑपरेटर (डीस्लजर) यदि खुले में सैफ्टिक टैंक मल डम्प/फेंकते है तो नगर पालिका अधिनियम–1916 के अन्तर्गत नियमानुसार दण्डित एवं रू–10000 से 20000 तक का जुर्माना वसूल किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा
अम्बेडकरनगर

कार्यालय नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर

पत्रांक–मेमो/स्था0नि0/न0पं0कि0/2024–25 दिनांक – 25/6/2024

शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिये नगर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक (पालिथीन) का क्रय/विक्रय एवं प्रयोग करते हुए पाये जाने पर उत्तर प्रदेश प्लास्टिक और अन्य जीव अनाशित कूड़ा–कचरा (विनियमन) अधिनियम 2000 की धारा 6ड़ में वर्णित वसूल की जाने वाली जुर्माना / समन फीस नियमानुसार किया जायेगा।

क्र0सं0	प्रतिषिद्ध श्रेणी के निस्तारण योग्य पॉलीथीन कैरी बैगों, प्लास्टिक और थर्माकोल वस्तुओं की मात्रा	धनराशि/ रूपया
1	100 ग्राम	1000
2	101 ग्राम – 500 ग्राम	2000
3	501 ग्राम–1 किलोग्राम	5000
4	1 किलोग्राम–5 किलोग्राम	10000
5	5 किलोग्राम से अधिक	25000

अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा
अम्बेडकरनगर

कार्यालय नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर

पत्रांक–मेमो/स्था0नि0/न0पं0कि0/2024–25 दिनांक – 25/6/2024

नगर क्षेत्र में सैफ्टिक टैंक एवं सीवर नेटवर्क की साफ–सफाई बिना Safety gear पहने हुए मैनुअल हेजार्डियस इन्ट्री बैंन (Ban on Manual Hazardous Entry) है। उक्त कार्य को करते एवं कराते हुए दोषी पाये जाने पर नगर पालिका अधिनियम–1916 के अन्तर्गत नियमानुसार दण्डित एवं रू–10000 से 20000 तक का जुर्माना वसूल किया जायेगा, एवं मैनुअल स्कवैन्जिगं एक्ट 2013 में वर्णित प्रवधानों तहत कानूनी कार्यवाही किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा
अम्बेडकरनगर

कार्यालय नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर

पत्रांक–मेमो/स्था0नि0/न0पं0कि0/2024–25 दिनांक – 25/6/2024

स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिये नगर क्षेत्र में सैफ्टिक टैंक की सफाई हेतु नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालय के टोल फ्री नम्बर–1533/मो0नं0 8052146560 पर काल करके सुविधा का टैंक की सफाई का कार्य करा सकते है। उक्त के कम में यूजर चार्ज 1500 रूपया कार्यालय में देय/जमा होगा।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा
अम्बेडकरनगर

कार्यालय नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर

पत्रांक–मेमो/स्था0नि0/न0पं0कि0/2024–25 दिनांक – 25/6/2024

नगर क्षेत्र में कार्यरत् गैर सरकारी (निजी) सैफ्टिक टैंक सफाई करने वाले ऑपरेटर (डीस्लजर) 15 कार्य दिवस के अन्दर नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यालय में अपना पंजीकरण / रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से करा ले। उक्त दिवस के बाद यदि कोई भी ऑपरेटर (डीस्लजर) बिना पंजीकरण / रजिस्ट्रेशन के कार्य करते हुए पाये जाते है तो नगर पालिका अधिनिकयम–1916 के अन्तर्गत नियमानुसार दण्डित एवं रू–10000 से 20000 तक का जुर्माना वसूल किया जायेगा।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा
अम्बेडकरनगर

कार्यालय नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा अम्बेडकरनगर

पत्रांक–मेमो/स्था0नि0/न0पं0कि0/2024–25 दिनांक – 25/6/2024

शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिये नगर क्षेत्र में निर्माण / विध्वंश में जनित मलबा / कूड़ा की सफाई हेतु नगर पालिका / नगर पंचायत कार्यालय के टोल फी नम्बर–1533 / मो0नं0 7800641208 पर काल करके सुविधा का टैंक की सफाई का कार्य करा सकते हैं। उक्त के क्रम में यूजर चार्ज 200 से 500 तक रूपया कार्यालय में देय/जमा होगा।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा
अम्बेडकरनगर

अमृत विचार
www.amritvichar.com

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से कटा गया जंगल पुन: हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटु वचन से बना घाव कभी नहीं भरता।

संपादकीय

पर्यावरणीय जोखिम

जल की कमी एक गंभीर वैश्विक चिंता है। परंतु भारत में पानी की बढ़ती कमी कृषि तथा उद्योग क्षेत्र को प्रभावित कर सकती है जो देश की ऋण क्षमता के लिए हानिकारक है, क्योंकि खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि और लोगों की आय में गिरावट होगी। परिणामस्वरूप खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ सकती हैं। कहा जा सकता है कि जल संकट के देश में दूरगामी परिणाम होंगे। भारत जैसे देश में जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। उपलब्ध जल संसाधन आबादी की ज़रूरतों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन में तेजी के कारण पानी का तनाव बिगड़ रहा है, जिससे सूखा, गर्मी की लहर और बाढ़ जैसी तीव्र और लगातार चरम जलवायु घटनाएं हो रही हैं। तेजी से आर्थिक विकास और जलवायु परिवर्तन के कारण लगातार प्राकृतिक आपदाओं के बीच पानी की खपत बढ़ने से भारत पानी की कमी का सामना कर रहा है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में बढ़ते जल संकट के कारण विरोध प्रदर्शन हो रहे और राजनीतिक मुद्दा बन गया है। कम वर्षा और शुष्क परिस्थितियों के कारण राजस्थान, गुजरात और दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में जल की कमी विशेष रूप से गंभीर है। निश्चित रूप से पानी की कमी का देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि पर असर पड़ता है। कृषि पर अत्यधिक निर्भर क्षेत्रों का सामाजिक-आर्थिक ताना-बाना गंभीर रूप से तनावपूर्ण होता है।

पानी की गंभीर कमी का सामना कर रहे कुछ राज्यों ने जल प्रबंधन में निवेश के लिए धन जुटाने के लिए स्थायी वित्त बाजार का उपयोग किया है। भारत दुनिया की सबसे तेज गति की अर्थव्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है। दुनिया की हर एजेंसी भारत की अर्थव्यवस्था पर भरोसा जता रही है। जल संकट भारत के विकास में अस्थिरता को बढ़ा सकता है और अर्थव्यवस्था की झेलने की क्षमता को कमजोर कर सकता है। भारत के समक्ष पर्यावरणीय जोखिम से संबद्ध चेतावनी को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। जल संकट को कम करने के लिए, टिकाऊ दीर्घकालिक समाधानों के लिए स्थायी जल आवंटन और प्रबंधन को बढ़ावा देने वाली नीतियां आवश्यक हैं। जल उपचार और बुनियादी ढांचे में निवेश करने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने और समान जल वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी नीतियों को लागू करने की आवश्यकता है। जनता के बीच जल संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदारी से पानी के उपयोग को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है।

जब संविधान की प्रति मांगने पर कहा जाता कि छपना बंद है



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा के एक अदालती फैसले ने देश में भूचाल ला दिया था। इस फैसले ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रायबरेली से लोकसभा का निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोपों में अवैध घोषित कर दिया था।

2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के फिर से सत्ता में आने पर संविधान को बदले जाने के खतरे के सवाल को विपक्ष ने जोर-शोर से उठाया। इसकी गरमाहट अभी भी बनी हुई है। 18 वीं लोकसभा के शुरुआती दिन अनेक विपक्षी सांसद संविधान की रक्षा के संकल्प के तौर पर उसकी प्रति साथ लिए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव प्रचार के दौरान बार-बार दोहराते रहे कि संविधान को कोई बदल नहीं सकता। एनडीए के नेता पद के चुनाव की बैठक में प्रधानमंत्री ने सबसे पहले भारत के संविधान के सम्मुख मस्तक नवाया। उधर राहुल गांधी इस सवाल पर मोदी और भाजपा पर लगातार हमलावर है।

फिलहाल तो संविधान में "बदलाव की आशंका में" आस्तीनें चढ़ी हुई हैं,लेकिन आजाद भारत में 21 महीने का ऐसा भी दौर आया था,जब देश का संविधान बेमानी हो गया था। उसमें मनमाने फेर बदल किए गए। मूल ढांचे पर आघात किया गया। अदालतें पंगु हो गईं थीं। तब संविधान की प्रति मांगने पर बुक सेंटर्स पर कहा जाता था कि "वो छपना बंद हो गया।" क्यों और क्या हुआ था तब?

12 जून 1975 को इलाहाबाद हाइकोर्ट के जस्टिस जगमोहन लाल सिन्हा के एक अदालती फैसले ने देश में भूचाल ला दिया था। इस फैसले ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रायबरेली से लोकसभा का निर्वाचन चुनावी कदाचार के आरोपों में अवैध घोषित कर दिया था। गुजरात, बिहार के छात्र युवा इस फैसले के पहले से ही सड़कों पर थे। सर्वोदय नेता जयप्रकाश नारायण उनकी अगुवाई संभाल चुके थे। इसी के साथ उत्तर भारत के अन्य राज्यों में भी भ्रष्टाचार विरोधी "संपूर्ण क्रांति आंदोलन" का विस्तार हो चुका था। अनेक विपक्षी दल इस आंदोलन के साथ थे। अदालती फैसले ने इंदिरा गांधी पर इस्तीफे का दबाव और बढ़ा दिया। जवाब में इंदिरा जी ने विपक्ष को कुचलने का रास्ता अपनाया। आंतरिक इमरजेंसी लगाई। असहमति के हर स्वर का मुंह बंद किया। प्रेस पर सेंसरशिप थोपी। 25 जून की रात जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, चंद्रशेखर, राजनारायण सहित तमाम विपक्षी नेता जेल में ठूंस दिए गए। गिरफ्तारियों का सिलसिला देशव्यापी था जिसमें विपक्ष के बड़े नेताओं से लेकर सरकार विरोधी

> दहशत के बीच इमरजेंसी की शुरुआती कामयाबी कुछ महीने बीतने तक लापता हो चुकी थी। हर तरफ से सरकारी मशीनरी के जुल्म और लूट की शिकायतें थीं। नैतिक बल खो देने के कारण सरकार अपनी चमक खो चुकी थी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिरा गांधी की छवि और विश्वसनीयता को गहरा धक्का लगा था।

लाखों लोग शामिल थे। विपक्षियों को जेल में डालने के बाद अदालतों को हदों में बांधने का अभियान शुरु हुआ। 22 जुलाई 1975 को संविधान का 38 वां संशोधन लाया गया। उसके जरिए इमरजेंसी की घोषणा को न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर कर दिया गया। राष्ट्रपति/राज्यपाल/केंद्र शासित प्रमुखों द्वारा जारी अध्यादेशों को अविवादित मानते हुए,उन्हें न्यायिक पुनर्विचार से पृथक माना गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील के फैसले का इंतजार नहीं किया गया। 10 अगस्त 1975 को पेश 39 वें संशोधन ने राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा लोकसभा स्पीकर के निर्वाचन से संबंधित विवादों को न्यायिक परीक्षण से मुक्त कर दिया।

28 अगस्त 1976 को प्रस्तुत 42 वें संशोधन का दायरा व्यापक था। संविधान की प्रस्तावना में "समाजवादी","धर्मनिरपेक्ष","एकता","अखंडता" शब्द जोड़े गए। मूल अधिकारों पर संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांतों की सर्वोच्चता सुनिश्चित की गई। 10 मौलिक कर्तव्यों को अनुच्छेद 51(क)(भाग-iv क) में जोड़ा गया। इसके द्वारा संविधान को न्यायिक परीक्षण से मुक्त किया गया। सभी लोकसभा-विधानसभा की सीटों को शताब्दी के अंत तक के लिए स्थिर किया गया। 1971 में चुनी लोकसभा का कार्यकाल 1976 में पूर्ण हो रहा था। उस समय तक इंदिराजी चुनाव को लेकर मन नहीं बना पाईं थीं। 42 वें संशोधन ने लोकसभा के कार्यकाल को भी पांच वर्ष से बढ़कर छह वर्ष कर दिया। सत्ता की मनमानी और उसे मजबूत करने की कोशिशों ने संविधान को मखौल में बदल दिया। किसी बुक सेंटर पर भारतीय संविधान की प्रति मांगने पर अजूबे के तौर पर देखा जाता था। एक आहत दुकानदार का जवाब था," अब यह छपना बंद हो चुका है।" विपक्ष जेल में था। अदालतें डरी हुई थीं। प्रेस पाबंदियों में जकड़ा हुआ था।

इमरजेंसी की वैधता का सवाल सुप्रीम कोर्ट के सामने उठा। चीफ जस्टिस एएन रे की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय बेंच ने सुनवाई की। अन्य जज थे-एच.आर.खन्ना, एमएच बेग, वाईवी. चंद्रचूड़ और पीएन.भगवती। इस सवाल से जुड़ी याचिकाओं को खारिज करने की मांग करते हुए सरकार का तर्क था कि राष्ट्रपति ने आपातकाल लागू करके अनुच्छेद 21 स्थगित कर दिया है। अतः उससे जुड़ा कोई मामला अदालत के सामने नहीं लाया जा सकता। सी.के.दफ्तरी का प्रतिवाद था,"कानून का शासन न तो स्थगित किया जाता है और न किया जा सकता है। अनुच्छेद 21 जीवन, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और किसी अदालत में मुकदमा दायर करने का अधिकार देता है। अगर उसे स्थगित कर दिया जाए तो कैदियों के बचाव का कोई उपाय ही नहीं बचता।" नानी पालकीवाला ने कहा कि अगर कार्यपालिका संविधान प्रदत्त मौलिक संस्थाओं को ही कुचलने पर तुली हुई है तो भारत को प्रजातंत्र को अलविदा कह देना चाहिए। मूलभूत अधिकार सरकार की देन नहीं हैं,अपितु आजादी की लड़ाई में जनता के संघर्ष के परिणाम हैं।

बहुमत से भिन्न निर्णय करने वाले इकलौते जस्टिस खन्ना थे। उनके अनुसार इमरजेंसी की हालत में भी किसी व्यक्ति को जीवन या उसके वैयक्तिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता। उन्होंने लिखा कि प्रश्न यह नहीं है कि क्या वैयक्तिक स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया जा सकता है,बल्कि यह कि क्या इस तरह के सार्वजनिक खतरे को देखते हुए कानून को पूरी तौर पर खामोश किया जा सकता है। गिरफ्तारी आदेश के विरुद्ध किसी याचिका को कानून की अनिवार्य आवश्यकताओं जिसके तहत उसे पारित किया गया,के प्रतिकूल होने के आधार पर अथवा दुर्भावना के आधार पर स्वीकार न करना अनुच्छेद 359 की सीमा के बाहर है। उन्होंने निर्णय दिया कि राष्ट्रपति को भी कानून के शासन को निलंबित करने का अधिकार नहीं है। भय और आतंक के उस माहौल में जस्टिस खन्ना के साहस की हर ओर सराहना हुई। न्यूयार्क टाइम्स ने लिखा कि न्यायिक इतिहास में उनका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। पालकीवाला ने अपने एक लेख में लिखा कि जस्टिस खन्ना की प्रतिमाएं जगह-जगह लगाई जानी चाहिए। उम्मीद के मुताबिक जस्टिस खन्ना को इस फैसले की कीमत चुकानी पड़ी। उनकी सीनियारिटी को दर किनार कर जूनियर जस्टिस बेग को चीफ जस्टिस बनाया गया।

खन्ना ने इस्तीफे की जगह अपना शेष कार्यकाल भी निर्भीक और निष्पक्ष जज के रूप में पूरा किया,लेकिन जोर-जबरदस्ती की भी एक सीमा थी। दहशत के बीच इमरजेंसी की शुरुआती कामयाबी कुछ महीने बीतने तक लापता हो चुकी थी। हर तरफ से सरकारी मशीनरी के जुल्म और लूट की शिकायतें थीं। नैतिक बल खो देने के कारण सरकार अपनी चमक खो चुकी थी। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इंदिराजी की छवि और विश्वसनीयता को गहरा धक्का लगा था। खुशामदी उन्हें जीत के प्रति आश्वस्त कर रहे थे। खुफिया एजेंसियों के लोगों को नौकरी बचानी थी। उन्होंने भी आसमानी अनुमान पेश किए। संविधान अपने अनुकूल ढाला जा चुका था। जीत तय मानी गई।

18 जनवरी 1977 को लोकसभा चुनाव के फैसले की घोषणा कर दी गई। तारीखें 20-24 मार्च 1977 की थीं। विपक्षियों की रिहाई शुरु की गई। हिसाब लगाया गया था कि उन्नीस महीने जेल में बिता कर निकले नेताओं को संभलने का मौका ही नहीं मिलेगा,लेकिन इमरजेंसी की ज्यादतियों से नाराज जनता के लिए पार्टी और उम्मीदवार बेमानी थे। जयप्रकाशजी की कोशिशों से बिखरे विपक्षियों ने चरण सिंह के भारतीय लोकदल का चुनाव निशान हलधर लिया। जनता पार्टी का नाम चुना। जनता ने सिर्फ कांग्रेस को सत्ता से बेदखल नहीं ही किया, बल्कि रायबरेली जहां से पिछली बार 1974 में इंदिराजी जीतकर 1975 में अदालत से हारी थीं,को इस बार जनता ने हराया। बाजू की अमेठी लोकसभा सीट पर संजय गांधी पराजित हुए। पूरे उत्तर भारत से कांग्रेस साफ थी। जनता पार्टी की लोकसभा सीटें 298 थीं।

प्रसंगवश

भ्रामक है स्थायित्व की गणित

अठारहवीं लोकसभा का सत्र पहला दिन खूब गहमागहमी युक्त और हलचल भरा रहा। दोनों तरफ से आस्तीनें समेटी गईं। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपनी पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं है,अतः अस्थिरता की आशंकाओं के निवारणार्थ उन्होंने धर्म ग्रंथों का सहारा लेकर अपनी सरकार को स्थिर साबित करने की गणित पेश की। चूंकि यह लोकसभा अठारहवीं है और आठ व एक का योग नौ होता है,अतः इन दो अंकों का सहारा लेकर उन्होंने अपने विषय को प्रतिपादित करने की कोशिश की। नौ इसलिए संदर्भित किया, क्योंकि इसके पहाड़े के सभी अंकों का योग नौ ही रहता है। अठारह के अंक के लिए उन्होंने गीता को अठारह अध्यायों वाली बताया और पुराणों तथा उप-पुराणों की संख्या अठारह बताकर अपनी सरकार स्थिर बताई। इस संबंध में मुझे यह कहना है कि यह गणित भ्रामक और विश्लेषण औचित्यपूर्ण नहीं है। पहले तो यह कि लोकसभा अठारहवीं है, सरकार नहीं। लोकसभा कार्यकाल पूरा कर ले,किंतु सरकार न कर पाए। साथ ही अठारह से जो निष्कर्ष निकाला गया,वह खींचातानी भरा और तर्क संगत नहीं है। गीता के अध्याय अठारह हैं तो गीता संदेश क्या देती है? सत्ता के विरुद्ध लड़ने के लिए अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण ने प्रेरित किया। युद्ध हुआ और सत्ता पराजित होकर विनष्ट हुई। नई सत्ता आ गई। मालूम हो कि दोनों तरफ की सेना भी आठारह अक्षौहिणी थी,जो नष्ट हो गई। युद्ध भी अठारह दिन ही चला। तत्समय भी बहुमत सत्ताधारी पक्ष यानी कौरव दल का ही था जिनके पास ग्यारह अक्षौहिणी सेना थी। पांडवों के पास कम,यानी केवल सात अक्षौहिणी,लेकिन बहुमत हारा। अतः गीता वाले अठारह का उदाहरण तो उल्टा बैठ रहा है। पुराण अठारह जरूर हैं,किंतु उप पुराण 55 हैं। मुख्य उप-पुराण 18 हैं तो 18+18 का योग तो 36 होता है,जो निरंतर विरोध का ही प्रतीक है। एक बात और। यदि अठारह और नौ के आधार पर यह कार्यकाल पूरा करेंगे तो मोदी का पिछला कार्यकाल कैसे पूरा हुआ? तब तो ये अंक क्रमशः 17 और 8 थे। एक अन्य सोच के अनुसार अब तक हुए हिंदुओं के नौ अवतारों में नवें गौतम बुद्ध थे,जो राजपाट छोड़कर चले गए थे।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इसरो की अंतरिक्ष यान तकनीक

भारत तीसरा मुल्क है जिसने स्पेस शटल बनाने का उपक्रम किया है। अमेरिका ने कई साल तक स्पेस शटल चलाई, रूस ने अपनी स्पेस शटल 'बुरान' का सफलतापूर्वक टेस्ट किया,लेकिन सन 1988 में इस प्रोग्राम को बंद कर दिया। और जब 1991 में सोवियत संघ टूट गया तो अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए धन भी कम हो गया। रूस ने 1993 में निर्माण के विभिन्न चरणों में चार अन्य अंतरिक्ष शटल वाहनों के साथ बुरान कार्यक्रम को आधिकारिक तौर पर रद कर दिया।

अमेरिका की दो स्पेस शटल दुर्घटनाग्रस्त हुईं और यह यान जिसका काम अंतरिक्ष में सामान पहुंचाना,अंतरिक्ष में 'नियर अर्थ ऑर्बिट में चक्कर लगाने वाले सैटेलाइट्स और शक्तिशाली दूरबीनों की मरम्मत करना और स्पेस स्टेशन से मलबे और कूड़े को वापिस लाना था। अंततः अनेक समस्याओं के कारण बंद करना पड़ा। पूरा प्रोग्राम यादों का अब एक म्यूजियम मात्र है। स्पेस शटल कार्यक्रम अमेरिकी नासा द्वारा चलाया गया चौथा मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम था जिसने 1981 से 2011 तक पृथ्वी से कक्षा में चालक दल और कार्गो के लिए नियमित परिवहन पूरा किया। इसका आधिकारिक नाम,स्पेस ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (एसटीएस), पुनः प्रयोज्य अंतरिक्ष यान की एक प्रणाली के लिए 1969 की योजना से लिया गया था जिसमें से यह विकास के लिए वित्त पोषित एकमात्र वस्तु थी। इसने 135 मिशनों में उड़ान भरी और 16 देशों के 355 अंतरिक्ष यात्रियों को ले गया जिनमें से कई-कई यात्राओं पर थे। दो पुनः प्रयोज्य ठोस रॉकेट बूस्टर और एक डिस्पोजेबल बाहरी ईंधन टैंक के साथ लांच किए गए। ऑर्बिटर से बना स्पेस शटल, आठ अंतरिक्ष यात्रियों और 50000 पाउंड (23,000 किलोग्राम) तक के पेलोड को कम पृथ्वी की कक्षा (एलईओ) में ले गया। जब इसका मिशन पूरा हो जाता था तो ऑर्बिटर पृथ्वी के वायुमंडल में फिर से प्रवेश करता और कैनेडी स्पेस सेंटर या एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस पर ग्लाइडर की तरह उतर जाता था। यह बहुत खर्चीले और जोखिमपूर्ण अभियान थे। इसे बंद कर दिया गया। अमेरिका ने स्पेस शटल प्रोग्राम की घोषणा जनवरी 1972 में की थी। तब यूएस कांग्रेशनल कमेटी ने इसकी कास्ट तो बेनिफिट स्टडी की थी । मालूम हुआ की सन् 1984 तक नासा इस प्रोग्राम पर 43 बिलियन यूएस डॉलर (सन् 1971 की डॉलर मूल्य के अनुसार) खर्च करेगा,लेकिन हुआ चार-पांच गुणा। शटल कक्षा में उतरने और उतरने वाला एकमात्र पंखों वाला चालक दल वाला अंतरिक्ष यान है और पहला पुनः प्रयोज्य चालक दल अंतरिक्ष यान है जिसने कक्षा में कई उड़ानें भरीं। इसके मिशनों में अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) सहित विभिन्न कक्षाओं में बड़े पेलोड ले जाना शामिल था। अंतरिक्ष स्टेशन के लिए क्रू रोटेशन प्रदान करना और हबल स्पेस टेलीस्कोप पर सेवा मिशन निष्पादित करना। ऑर्बिटर ने उपग्रहों और अन्य पेलोड (जैसे आईएसएस से) को भी कक्षा से बरामद किया और उन्हें पृथ्वी पर लौटा दिया, हालांकि इस क्षमता में इसका उपयोग दुर्लभ था। कार्यक्रम के चरम पर 'प्रति माह लांच' की उम्मीद थी,लेकिन अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के विकास में व्यापक देरी होने की वजह से ऐसा कभी हो नहीं पाया। स्पेस शटल प्रोग्राम के सक्रिय होने से पहले नासा ने 'एक्सप्लोरिंग द अननॉन' में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम के इरादों के बारे में जानकारी दी थी। हरेक अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए टेक्नोलॉजीज के डेवलपमेंट पर, प्रोटोकॉल विकसित करने पर और प्रोग्राम के सक्रिय हो जाने के बाद वास्तविक ऑपरेशनल डेटा के बारे में कितना डॉक्यूमेंटेशन करना होता यह आम आदमी को अंदाजा नहीं होता।

विश्वास है कि इसरो ने नासा और रूस के स्पेस शटल टेक्नोलॉजीज से संबंधित डेटा का पूरा अध्ययन करके ही 'पुष्पक' जैसा छोटा प्रोटोटाइप पहले लांच किया है। इसे एक ऐसी टेक्नोलॉजीज विकसित करने के इरादे से डिजाइन किया गया है और जिसमें उत्तरोत्तर सुधार किया जाएगा और जिसे एक पुनर्प्रयुक्त किए जाने वाले लांचर के रूप में इस्तेमाल किया जा सके। अर्थात इसे निकट अंतरिक्ष में भेजा जाएगा और यह अपना काम करके वापिस एक यान की भांति धरती पर उतरेगा। इसे बार-बार इस्तेमाल किया जा सकेगा और जरूरत होगी तो रिपेयर किया जाएगा ताकि हरेक बार एक नए लांचर के निर्माण पर पैसा न खर्च करना पड़े।

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

> विश्वास है कि इसरो ने नासा और रूस के स्पेस शटल टेक्नोलॉजीज से संबंधित डेटा का पूरा अध्ययन करके ही 'पुष्पक' जैसा छोटा प्रोटोटाइप पहले लांच किया है।

सोशल फोरम

भ्रष्टाचार में शीर्ष पर कौन

बत्तीस साल पहले की बात है,तब बागेश्वर जिले का जन्म नहीं हुआ था। ग्राम विकास सचिव झा साहब ने भ्रमण के लिए दूरस्थ विकास खंड का चयन किया और मैं उनके साथ बतौर एडीएम हो लिया। सज्जन व्यक्ति थे। दिन भर के भ्रमण के बाद रात्रि विश्राम कौसानी में रखा गया।

कौसानी अल्मोड़ा जिले में एक रमणीक स्थल है और यहां से हिमालय पर्वत की छटा सुंदर दिखती है। शाम को राज्य अतिथि गृह के बाहर लान में हिमालय दर्शन के दौरान झा साहब ने कहा,"पाठक जी हम लोगों ने पढ़-लिखकर गांव छोड़ दिया है और गांवों में गुंडा राज हो गया है।" उस समय उनकी यह बात मुझे एक कैजुअल टिप्पणी लगी और सोचा कि वे अपने राज्य बिहार के बारे में कह रहे हैं। उस दौरान बिहार भ्रष्टाचार के मानकों में सबसे शीर्ष पर हुआ करता था। उनकी यह बात मुझे बार-बार याद आ जाती थी। पिछले दो-तीन साल से पांच-छः महीने पैतृक गांव में रहता हूं। दो महीने से गांव में हूं और झा साहब की बात याद आ गई। गांव में पानी के श्रोतों की भरमार के बाद भी वर्षा जल संचयन से टायलेट में काम चलाया जा रहा है। पीने का पानी धारे से ला रहा हूं या मंगवा रहा हूं।

पेयजल आपूर्ति के लिए पुरानी योजना बनी हुई है,लेकिन स्थानीय असामाजिक तत्वों ने कुछ ऐसे उपाय कर रखे हैं कि पीने का पानी ही सुलभ नहीं हो रहा है। मेरे इस गांव में धान की रोपाई होती है, गेहूं भी सिंचाई कर बोया जाता है, लेकिन बाहरी ठेकेदारों ने स्थानीय गुंडों की मदद से जलस्रोतों का ऐसा विखंडन कर दिया है कि तल्ला डौणूं में तो नर्सरी के लिए ही पानी नहीं है और मल्ला डौणू में पेयजल आपूर्ति ही घरों में नहीं हो रही है। यह सब सरकारी योजनाओं के नाम पर हो रहा है। मुझे तो रिटायर हुए ग्यारह वर्ष हो गए हैं और एक प्रकार का संन्यासी जीवन है,लेकिन क्या कोई बता सकता है कि भ्रष्टाचार के मानकों के आधार पर इस समय शीर्ष पर कौन है?

-फेसबुक वॉल से

रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

जिंदगी जिंदगी से बड़ी है

हर व्यक्ति की अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग प्रकृति प्रदत्त क्षमता होती है। सभी की क्षमता सभी क्षेत्रों में नहीं हो सकती। प्रकृति की योजना। यह योजना हमारे लिए अनुत्क्रमणीय है। इस सीमा को महसूस करना और क्षेत्र-सापेक्ष क्षमता का आकलन करना ही हमारे लिए शक्य है। यह जीवन की एक अकाट्य शर्त है। उसकी सीमा भी। दृढ़ संकल्प से क्षेत्र विशेष में सीमा के विस्तार की संभावना रहती है,किंतु कोई भी विस्तार असीमित नहीं है। इस दृश्य और गम्य संसार में कुछ भी असीमित नहीं है। वह वस्तु या पदार्थ हो,शक्ति या ऊर्जा हो, व्यक्ति या परिघटना हो, कुछ भी असीमित नहीं है। संभवतः इसी रिक्तता को भरने के लिए परम, निःसीम, कालातीत, पूर्ण, अनादि-अनंत परम सत्ता, परम शक्ति,परम चेतना, परम सत्य, ईश्वर की अवधारणा विकसित हुई हो। लोकोत्तरवाद, स्वर्ग-नर्क, मोक्ष, रहस्यवाद, अंतिम फैसला वगैरह की परिकल्पनाएं इसी रिक्तता से निकली हों। विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है। अंतिम सांस तक बनी रहनी है। आकांक्षा और क्षमता के बीच द्वंद्व में तालमेल बिठाने का प्रयास ही जिंदगी है। यह प्रयास अंतिम सांस तक चलना है। एक वस्तुगत भुलावे को भुलावा न मानकर लगातार उसे धक्का देने,किसी न किसी प्राप्य को लक्ष्य बनाने और निरंतर उसको प्राप्त करने की ओर आगे बढ़ने के प्रयास का नाम ही जिंदगी है। इसी में पूरी जिंदगी निकल जानी है। जिंदगी का अंत कब आएगा? पता नहीं। किंतु नए-नए मंसूबे बनाना,उनके लिए नई-नई योजनाएं तैयार करना, उन पर आगे बढ़ने की कोशिश करना, जिंदगी के अंत तक जारी रहेगा। जीने की प्यास अंत तक बनी रहेगी। अपने सामर्थ्य के घिसते,बिखरते जाने के बावजूद बनी रहेगी। जिंदगी की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति की आकांक्षाएं, उनकी पूर्ति के लिए किए गए प्रयास की आकांक्षाएं अंतिम सांस तक बनी रहेंगी।

> विडंबना यह है कि इन तमाम परिकल्पनाओं के बावजूद अपनी क्षमता का सीमांत किसी को ज्ञात नहीं। क्षमता हो, न हो, कुछ करने, कुछ पाने की आकांक्षा बनी रहनी है।

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

आरक्षण के जनक छत्रपति साहूजी महाराज

छत्रपति साहूजी महाराज कोल्हापुर के राजा थे। फिर भी रूढ़िवादी लोग उनको शूद्र कहते थे। राजा के संस्कार उनके पुरोहित वैदिक पद्धति से न कराकर पौराणिक पद्धति से कराते थे। समाज में जातिवाद का जबरदस्त प्रभाव था,जबकि साहूजी समानता का व्यवहार चाहते थे। साहूजी राजा ने अपने राज्य में जनसाधारण के लिए जो कार्य किए वे आजाद भारत मे संविधान के अंग बने। छत्रपति साहूजी महाराज जब 2 जून 1902 को इंग्लैंड की यात्रा गए थे। तब वे राज्य की जिम्मेदारी भास्कर राव जाधव को दे गए थे।

लंदन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में उनका स्वागत समारोह हुआ जिसकी उनके गुरु भाई सर अल्फ्रेड वीज ने व्यवस्था की और उनको एलएलडी की मानद उपाधि प्रदान की गई। उनके राज्य में कर्मचारी जिनकी संख्या सत्तर से नब्बे तक विभिन्न पदों पर थी। भास्कर राव जाधव को राज चलाने नहीं दे रहे थे जिसकी सूचना उनको इंग्लैंड प्रवास के दौरान दी गई। उन्होंने वहीं से 26 जुलाई 1902 को एक गजट जारी किया जिसमें घोषणा की कि शासन-प्रशासन की सेवाओं में पचास प्रतिशत आरक्षण पिछड़े वर्गों के लिए घोषित किया जाता है। उस घोषणा में दलित वर्ग भी सम्मिलित था। यह भारत के इतिहास में पहली और अनोखी कार्यवाही थी। बहुजनों को बड़ा तोहफा था। हालांकि कुछ लोगों ने योग्यता की दुहाई देकर विरोध भी किया।

26 जुलाई 1919 को इसकी सीमा बढ़ाकर नब्बे प्रतिशत तक कर दी गई। इस व्यवस्था को अन्य राज्यों ने भी अपनाया और संविधान में भी व्यवस्था की गई। अभी संपन्न हुए चुनाव में भी आरक्षण और संविधान का मुद्दा छाया रहा। साहूजी ने छात्रावासों की भी स्थापना की जिसमें अछूतों के लिए भी छात्रावास बनाया जिसका नाम मुंबई के राज्यपाल की दिवंगत बेटी जो कि अछूतों से हमदर्दी रखती थी,वहायलेट क्लार्क के नाम पर रखा गया। मुस्लिमों की शिक्षा उन्नति के लिए 'मुस्लिम शिक्षा समिति' की स्थापना की। उनके लिए अलग छात्रावास का निर्माण कराया। यूसुफ अब्दुल्ला को अपने यहां नौकरी इसलिए दी कि ईमानदारी से छात्रवास और शिक्षा की व्यवस्था देखें।

पिछड़े वर्गों के सरकारी सेवाओं को मंडल कमीशन के एक भाग को वीपी सिंह के प्रधामंत्रित्व काल में आरक्षण को सत्ताईस प्रतिशत की व्यवस्था हुई। साहूजी पिछड़े वर्गों के हितों के लिए अपने जीवनकाल में संघर्ष करते रहे। महापुरुषों को अब भी इतना सम्मान नहीं मिला,बल्कि उनको याद करने वाले भी कम ही लोग हैं।

सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

रोग निवारक एवं परमौषधि योग

योग अमृतयुत परम स्वास्थ्य औषधि है,सकल शरीर विज्ञान है,चरम विज्ञान के साथ ही एकाग्रभाव का मुख्य स्रोत है,मन-आत्मा-शरीर का संयोजक है, आत्मशक्ति का परिचायक है, चेतनता, समरसता, ज्ञान और कर्म का शिक्षक है।

सर्वविदित है कि भारतीय वैदिक/पौराणिक युग से ही योग की जड़ें जुड़ी हुई हैं, शास्त्रों में उपलब्ध है कि आदि योगी के नाम से भगवान शिव थे, जिन्होंने इस कला को जन्म दिया। 200 ईसा पूर्व महर्षि पतंजलि ने योगसूत्र में 195 योगसूत्रों का प्रणयन करके योग की परंपरा को विधिवत आगे बढ़ाया। दुनिया के सभी योग गुरुओं के लिए योगसूत्र प्रेरणा एवं मार्गदर्शन का कार्य करते आए हैं। प्राचीन भारतीय ऋषिमुनियों और तत्ववेत्ताओं द्वारा प्रतिपादित योग एक विशिष्ट आध्यात्मिक प्रक्रिया है। महर्षि पतंजलि ने "योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः" अर्थात् चित्त की वृत्तियों में निरोध/ नियंत्रण करना ही योग बताया है। वहीं भगवान श्री कृष्ण ने श्रीमद्भगवद्गीता में 'योगः कर्मसु कौशलम्' और "समत्वं योग उच्यते" दो मुख्य परिभाषाओं से योग का महत्व प्रतिपादित किया है। योग व्यक्ति को आंतरिक एवं बाह्य दोनों रूप से स्वस्थ, समृद्ध एवं विकसित करने का एक परम साधन है। योग अनुशासित-पवित्र जीवन के साथ असाधारण कार्य करने की क्षमता रखता है। निद्रा-तन्द्रा-आलस्य से मुक्त होकर वर्ण,लिंग,जाति,धर्म, अस्पृश्यता के भेद से मुक्त हो जाता है।

बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक, स्वस्थ्ता की इच्छा के साथ ही दुर्गुणों की निवृत्ति के साथ सद्गुणों की प्रवृत्ति के लिए तथा विभिन्न रोग, संदेह, भ्रम, व्यसन, मिथ्याडंबर, भूत-प्रेत बाधादि के निवारण के साथ आदि दैविक, भौतिक, आध्यात्मिक दुःखों की निवृत्ति के लिए योग मार्ग मंगल पथ है तथा परमौषधि है। सभी जाति-धर्मों के युवा,प्रौढ़,पुरुष और महिलाओं को इस मार्ग का आचरण-अनुसरण करना चाहिए। यही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य भी है।

डॉ. हेमंत कुमार जोशी
नैनीताल

शेरनी नीरजा के शावक की मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। इटावा सफारी पार्क में शेरनी नीरजा के एक शावक की मंगलवार को मौत हो गई। नीरजा ने 31 मई/ 1 जून को एक मृत शावक सहित चार शावकों को जन्म दिया था। नीरजा के दो अन्य शावक स्वस्थ हैं। इस शावक की तीन दिन पहले तबीयत खराब हुई थी। इसको नीरजा ने दूध नहीं पिलाया था। आमतौर पर यह माना जाता है कि शेरनी जिस शावक को दूध नहीं पिलाती है उसका जीवन बचना मुश्किल हो जाता है।

31 मई/1 जून को पैदा हुए शावकों में से 2 शावकों को शेरनी नीरजा ने दूध नहीं पिलाया था। जिसके कारण उन्हें कीपरों द्वारा नियमित रूप से दूध पिलाया जा रहा था। इनमें से एक शावक 21 जून को कुछ अस्वस्थ हुआ तथा दूध कम मात्रा में पी रहा था। इस शावक की पशु डाक्टरों व कीपरों द्वारा लगातार देखभाल की जा रही थी। उसके स्वास्थ्य में थोड़ा सुधार प्रतीत हो रहा था। यह शावक 25 जून की सुबह तक हलचल कर रहा था, परंतु सुबह 6 बजे दूध पिलाने के लिए जब कीपर पहुंचे तो उस शावक को मृत पाया। मृत शावक को पोस्टमार्स्टम के लिए आईवीआरआई बरेली भेजा गया है।

सीसीटीवी से की जा रही निगरानी

■ सफारी में डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विनय कुमार सिंह ने बताया कि सफारी में सीसीटीवी की सहायता से शेरनी नीरजा एवं उसके शावकों की 24 घंटे मानिटरिंग की जा रही है। शावकों की देखभाल करने वाली टीम में पशुपालन विभाग के डॉ. आरके सिंह, डॉ. रोबिन सिंह, डॉ. शैलेंद्र सिंह, कीपर आसिफ और अजय शामिल है।

17 मई को हुई थी रूपा के चार शावकों की मौत

■ सफारी में पिछले महीने शेरनी रूपा ने चार मृत शावकों को जन्म दिया था। तब बताया गया था कि शेरनी रूपा ने समय से पहले ही शावकों को जन्म दे दिया जिसके कारण यह घटना हो गई। रूपा ने इससे पहले 3 सितंबर को दो शावकों को जन्म दिया था। इनमे से एक शावक की मौत हो गई थी और दूसरे को रुपा ने दूध नही पिलाया था। हालांकि यह शावक अब नौ माह से अधिक का हो गया है।

अंतिम सफर पर कानपुर का बलिदानी, जुबां पर जयघोष व आंखों में पानी

कानपुर, अमृत विचार : छत्तीसगढ़ के सुकमा व बीजापुर बॉर्डर पर नक्सली हमले में बलिदान कानपुर के नौगवां गौतम गांव निवासी जवान शैलेंद्र कुमार का पार्थिव शरीर मंगलवार दोपहर गांव पहुंचा। घर से लेकर गांव में हर तरफ चीख पुकार मच गई। हजारों लोगों ने तिरंगे के साथ बलिदानी की शव यात्रा निकाली और भारत माता की जय के नारे लगाए। डीएम राकेश कुमार सिंह, राज्यमंत्री अजीत पाल, आईजी सीआरपीएफ सतपाल रावत, डीआईजी सीआरपीएफ एसपी सिंह व सेना के अधिकारी समेत पुलिस के अफसर पहुंचे। राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मंगलवार को सैकड़ों युवा, परिजन और ग्रामीण सुबह से ही बलिदानी शैलेंद्र के पार्थिव शरीर की प्रतीक्षा कर रहे थे। जैसे ही सैन्य अफसरों का काफिला कानपुर सीमा में पहुंचा तो सैकड़ों की संख्या में युवा बलिदानी शैलेंद्र के पार्थिव शरीर के वाहन के साथ नौगवां गौतम स्थित आवास पर साथ आए।

एक नजर

फरार हत्यारोपी पर 10 हजार का इनाम

बांदा, अमृत विचार : संपत्ति के लालच में दो महिलाओं की हत्या के मामले में फरार हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। एसपी ने मोबाइल नंबर जारी कर अभियुक्त की लोकेशन की सूचना देने को कहा है। 18 जून 2022 को गिरवां थाना अंतर्गत महुआ निवासी कालीचरण ने दी तहरीर में बताया था कि अतर्रा थाना के लुधौरा गांव निवासी उसके जीजा रामनरेश त्रिपाठी व महुआ गांव निवासी चाचा संतोष उर्फ चुनवादिया ने संपत्ति की लालच में उसकी मां उर्मिला देवी व नानी मालती देवी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सुसगंत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। हत्याकांड के कुछ दिनों बाद पुलिस ने एक आरोपी रामनरेश त्रिपाठी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि दूसरा अभियुक्त संतोष उर्फ चुनवदिया पुत्र रामसजीवन फरार चल रहा है। फरार हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। फरार अभियुक्त की सूचना देने वाले व्यक्ति को इनाम दिया जायेगा।

बेटे का शव मंगवाने को सीएम से लगाई गुहार

हसनगंज, उन्नाव : हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर बकिया गांव के मजरा निजामखेड़ा निवासी एक युवक की विदेश में नौकरी करते हुए मौत हो गई थी। युवक के पिता ने मुख्यमंत्री से बेटे का शव विदेश से मंगाने की मांग की है। निजामखेड़ा निवासी सूबेदार (26) बीते 5 वर्ष पूर्व दुबई मजदूरी करने गया था। बीते शनिवार नन्हक्के को बेटे के साथ नौकरी करने वाले व्यक्ति ने बेटे की मौत की सूचना दी। जानकारी करने पर सूचना देने वाले ने बताया कि उसकी हार्टअटैक से मौत हो गई है। बेटे का शव मंगाने के लिए पिता शनिवार से भटक रहा है। अब उसने मुख्यमंत्री पोर्टल-1076 पर बेटे का शव मंगवाने के लिए गुहार लगाई है।

मुंशीगंज थानाध्यक्ष समेत पांच आरोपी कोर्ट में तलब

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः अधिवक्ता की भूमि पर अतिक्रमण कर जबरदस्ती कब्जा कराने और शांतिभंग में चालान करने के आरोपों में मानवाधिकार की विशेष कोर्ट ने मुंशीगंज थानाध्यक्ष समेत पांच लोगों को मुकदमे में समन किया है। दीवानी के अधिवक्ता नंदलाल की याचिका पर न्यायाधीश संतोष कुमार ने आरोपियों को तलब कर एक जुलाई को सुनवाई नियत की है।

अमेठी जिले के मुंशीगंज थाना क्षेत्र के पूरे इबादुल्ला ग्राम पंचायत के खांखरदेई निवासी अधिवक्ता नंदलाल ने विशेष कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। याची के अधिवक्ता अच्छे राम यादव के मुताबिक आरोपियों ने गांव के रिटायर्ड फौजी सूर्यनाथ मिश्र की साजिश से नंदलाल की संपत्ति में अतिक्रमण कर बीते 12 जून को जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश की। मना करने पर थानाध्यक्ष मुंशीगंज शिव नरायन सिंह, दरोगा ओंकार नाथ सिंह, लेखपाल अजय वर्मा, ट्रैक्टर मालिक चन्द्र प्रकाश तिवारी समेत कई लोगों ने गाली गलौज कर अपमानित किया और धमकी दी। थानाध्यक्ष ने कस्टडी में लेकर अधिवक्ता नदलाल का शांतिभंग में चालान कर मौलिक अधिकारों का हनन किया।

धोखाधड़ी में कार्रवाई न करने पर दरोगा तलब

संवाददाता, सुलतानपुर : कोतवाली नगर थानाक्षेत्र के निजामपट्टी में दो साल पूर्व धोखाधड़ी समेत अन्य आरोपों में दर्ज मुकदमे में आरोपी गोविंद प्रसाद के खिलाफ कार्रवाई न करने पर सीजेएम कोर्ट ने विवेचक दरोगा हरेन्द्र सिंह को मय केस डायरी 27 जून को तलब किया है। वादी पक्ष के वकील रचित पांडेय ने बताया बढैयाबीर निवासी शिक्षक वादी चन्द्रसेन यादव ने जमीन बैनामे के लिए दो साल पूर्व 23 मार्च को आरोपी गोविंद प्रसाद को लगभग तीन लाख रुपए दिए थे, परन्तु आरोपी ने जमीन का बैनामा नही किया तथा रुपये मांगने पर अपमानित कर वादी को हत्या की धमकी भी दी। थाने व एसपी के यहां से कार्रवाई न होने पर कोर्ट के आदेश पर कोतवाली नगर में आरोपी गोविंद प्रसाद के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य आरोपों में बीते माह 25 अप्रैल को केस दर्ज किया गया।

सरेराह दो दोस्तों को मारी गोली, लखनऊ रेफर

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः निमंत्रण से घर लौटे दोस्त ने दूसरे दोस्त को जब घर छोड़ने जा रहा था तभी तीन अज्ञात लोगों ने रोककर गोली मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भेजा। जहां मौजूद चिकित्सक ने मेडिकल कालेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज के चिकित्सकों ने दोनों को लखनऊ रेफर कर दिया।

स्थानीय थाना क्षेत्र के बेथरा गांव निवासी 22 वर्षीय दीपक कुमार गौतम, छावनी निवासी 17 वर्षीय बृजेश उर्फ माइकल सोमवार को गोपालपुर खुर्द गांव में निमंत्रण में गए थे। भोज के बाद दोनों दोस्त बाइक से बेथरा गांव आए। जहां से दीपक, बृजेश को छोड़ने दोस्तपुर नगर पंचायत छावनी बाइक से जा रहा था। रात करीब साढ़े नौ बजे जैसे ही उनकी बाइक मकरहा खुर्द गांव के समीप नरसिंहपुर मोड़ पर पहुंची तभी तीन अज्ञात लोगों ने रोक कर फायर झोंक दिया। गोली बृजेश के बाएं हथेली को चीरते हुए दीपक के कंधे के नीचे सीने में घुस गई। गोली लगते ही दीपक जमीन पर गिर गया। वहीं, हमलावर भाग निकले।

उरई में पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में लगी गोली

कार्यालय संवाददाता उरई

अमृत विचार। मंगलवार को थाना डकोर पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई, जिसमें दो बदमाशों के पैर में लगी गोली लग गई और एक अन्य बदमाश गिरफ्तार किया गया, जबकि दो बदमाश भागने में सफल रहे ।

थाना डकोर पुलिस टीम द्वारा हाईवे आदि पर लूट पाट करने वाले 3 शातिर अंतर्जनपदीय अभियुक्तों को लूट की योजना बनाते समय पकड़ा गया, तो बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग करना शुरू कर दिया,आत्मरक्षार्थ में पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाश गोली लगने से जमीन में गिर गए जिन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया, और भाग रहे एक बदमाश को पुलिस ने घेरा बंदी कर पकड़ लिया। अभियुक्तों के कब्जे से 3 तमंचा 315 बोर , 3 खोखा 315 बोर व 5 ज़िंदा कारतूस 315 बोर और दो बाइक घटनास्थल से बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार थाना डकोर की टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी । मुखबिर द्वारा सूचना मिली लोग राठ जाने वाले हाईवे पर असलाहों के साथ आने-जाने वाले लोगों से रंगदारी व ट्रकों से लूटपाट की घटना की योजना बना रहे हैं।

ट्रक, डंपर चालकों से करते थे वसूली

गिरफ्तार बदमाशों ने बताया कि हम लोग जनपद में मौरंग परिवहन करने वाले ट्रक/डंपर के चालकों को डरा धमकाकर रुपयों की वसूली करते थे । अभी पूर्व में दिनांक 23/24-06-2024 की रात्रि में भी हम सभी साथियों द्वारा थाना डकोर क्षेत्रान्तर्गत डंपर चालकों के साथ वसूली हेतु गये थे, जहां डंपर चालकों द्वारा रुपये न देने पर उनके साथ मारपीट की घटना की गयी थी, गिरफ्तार अभियुक्तों ने ही बताया कि मुठभेड़ के समय उनके साथ निखिल पुत्र दीपक दोहरे निवासी सुंदरपुर रिथौरा थाना रेडर जनपद जालौन तथा राहुल निवासी ग्राम सिमिरिया थाना डकोर जनपद जालौन पुलिस पर फायरिंग करने में शामिल थे जो मौके से भाग गए है।

श्रीलंका में निशाना लगाएंगे देवेश

अयोध्या, अमृत विचारः भवदीय शूटिंग रेंज के प्रतिभावान एयर पिस्टल शूटर देवेश कुमार का चयन श्रीलंका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। भवदीय शूटिंग रेंज अध्यक्ष व कोच शनि कुमार वर्मा ने बताया कि 29 जून से श्रीलंका में आयोजित प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम बुधवार को रवाना होगी। भारतीय टीम का प्रतिनिधत्व करने वाले देवेश ने उपलब्धि हासिल कर जिले का मान बढ़ाया है। अब तक राष्ट्रीय स्तरीय व स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता के 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में अपनी प्रतिभा से कई पदक हासिल कर चुके मध्यम वर्गीय परिवार के देवेश ने इस उपलब्धि के लिए कड़ी मेहनत की है। भवदीय पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अवधेश वर्मा ने देवेश के श्रीलंका टूर में मदद की।

जीडी में तस्करा डालने से परेशान था सिपाही देवांश

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

अमृत विचार। सिपाही देवांश के आत्महत्या करने की सूचना पर एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा हसनगंज पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। वहीं मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की। एसपी ने सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले और मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। आरोप है कि जीडी में खुद के विरुद्ध तस्करा डाले जाने से वह परेशान था।

मृतक देवांश दो भाइयों में छोटा था। उसकी मौत से बड़े भाई विक्की व मां सुनीता बेहाल रहे। बड़े भाई विक्की ने फोन पर बताया कि सोमवार रात उसकी भाई से बात हुई थी। तब वह एकदम खुश था। पापा की तबीयत के बारे में पूछ रहा था। उसने बताया कि 10-12 दिन पहले उसने फोन पर बताया था कि उसके विरुद्ध बेवजह जीडी में तस्करा डाल दिया गया है। जिससे वह परेशान था। यह भी बताया कि सोमवार को पूर्व में हुए हादसे की वजह से पैर में दिक्कत थी। इंस्पेक्टर छुट्टी पर थे। चार्ज संभाल रहे एसएसआई से इलाज के लिए छुट्टी मांगी थी।

पुलिस ने उसके कमरे की जांच पड़ताल की: सिपाही देवांश की आत्महत्या की वजह अभी साफ नहीं हुई है। पुलिस ने उसके कमरे की भी जांच की है। एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने बताया कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पारिवारिक जानकारी के अनुसार अभी देवांश की शादी नहीं हुई थी।

सीएनजी डीलरशिप के नाम पर 36.39 लाख की ठगी

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचारः अदानी टोटल गैस की सीएनजी रिटेल आउटलेट डीलरशिप के नाम पर 36.39 लाख रूपये की ठगी और धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महिला के पति ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर कोतवाली के ग्राम पूरे हुसैन खां स्थित टीचर्स कॉलोनी निवासी रविशंकर का कहना है कि उनकी पत्नी रोली यादव अवयुक्ता चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक न्यासी है। उन्होंने नेट पर फरवरी माह में अदानी टोटल गैस लिमिटेड शान्ती ग्राम निकट वैष्णव देवी सर्किल अहमदाबाद गुजरात के सीएनजी रिटेल आउटलेट डीलरशिप का विज्ञापन देखा और कारोबार के लिए न्यास के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर दिया। आवेदन के बाद उनको व्हाट्सएप पर ब्रोशर भेजा गया और विभिन्न प्रकार की फीस जमा कराई गई। अपने बैंक खातों से 14 फरवरी को साइनिंग फीस 49,500 रुपये, 26 फरवरी को डीलरशिप लाइसेंस एवं सर्टीफिकेट फीस 2,95,000 रुपये जमा कराए।

कार्यालय ग्राम पंचायत महुगढ़, विकास खण्ड हलिया मीरजापुर

पत्रांकः मेमो/ग्रा0पं0 निविदा सत्र 2024–25 दिनांक 24.06.2024

निविदा सूचना

ग्राम पंचायत महुगढ़, विकास खण्ड हलिया मीरजापुर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में पंचम रा0वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत/स्वच्छ भारत मिशन, SLWM फेज–2 के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यो के लिए निम्नलिखित कार्यो सी0सी0 रोड, इण्टरलांकिग खड़ंजा, नाली, पुलिया, बाउन्ड्री वाल, हैण्डपम्प मरम्मत, प्लेटफार्म एवं शौचालय, सोख्ता, गड्ढा, आर0सी0सी0 सेंन्टर, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केन्द्र, आर0जी0एस0ए0 व अन्य मदो/योजना अन्तर्गत निर्माण हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्री कय हेतु/आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। जैसे ईट 150 एमएम प्रथम श्रेणी, सीमेंट प्रति बोरी, मोटी बालू, महीन बालू प्रति घनमी0, गिट्टी 22.4, 63 एमएम, डालाग्रीट 19 एमएम, सरिया, आयरन, स्टील, टीनशेड, ह्यूम पाइप, 150एमएम से 450 एमएम, ह्यूम पाइप कालर, पटिया एवं पटिया दाब प्रति नग, कोटा स्टोन/स्टोन बोल्डर, डाला डस्ट मोरम, जी0एस0बी0 प्रति घनमी0, इण्टरलांकिग ईट, कंकीट, ब्रेच, साईन बोर्ड, स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट, एस्वेस्टशीट/ टीशेड, कूड़ा गाड़ी, ई–उचयरिक्शा, सगड़ी, हैण्डपम्प सामग्री, सबमर्सिबल, टाइल्स, फलाइबुड/डस्टबीन, कोविड कीट, स्वच्छता कीट, पी0वी0सी0 पाईप, जी0आई0 पाईप, हैण्डपम्प रिबोर, विद्युत सामग्री, फर्नीचर वाल राइटिंग इत्यादि का आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु दरें आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता अपने लेटर हेड पर संलग्न बन्द लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 24.06.2024 से दिनांक 29.06.2024 तक निविदा प्रस्तुत कर सकते है तथा जो दिनांक 29.06.2024 को अपराह्न 3.00 बजे से कय समिति/निर्माण समिति के सदस्यो के समक्ष स्वीकृति हेतु खोली जायेगी। निविदा के शर्ते एवं आवेदन पत्र सम्बन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रातः 10.00 बजे से 2.00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है।

विविध भारती पाण्डेय
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत महुगढ
विकास खण्ड हलिया मीरजापुर

प्रज्ञान शुक्ला
ग्रा0वि0अ0/ग्रा0पं0अ0/सचिव
ग्राम पंचायत महुगढ़
विकास खण्ड हलिया मीरजापुर

13 जिलों के 800 युवाओं ने लगाई दौड़

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : डोगरा रेजीमेन्टल सेन्टर में एआरओ अमेठी के तत्वावधान में चल रही अग्निवीर भर्ती रैली के दूसरे दिन मंगलवार को 13 जिले के 800 युवाओं ने दौड़ में शामिल हो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भर्ती रैली मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को अंबेडकरनगर, बस्ती व महराजगंज जिले के युवाओं की जनरल ड्यूटी श्रेणी के पद के लिए भर्ती होगी। अभ्यर्थियों को दलालों से विशेष सावधान रहने तथा किसी तरह की जानकारी होने पर तत्काल सूचित करने की अपील की गई है।

अग्निवीर भर्ती रैली के दूसरे दिन फिजिकल टेस्ट के चिनअप स्पर्धा में प्रतिभाग करते युवा।

सेना भर्ती रैली में मंगलवार को अंबेडकरनगर, अमेठी, अयोध्या, बस्ती, कौशांबी, कुशीनगर, महराजगंज, प्रयागराज, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुलतानपुर, संतकबीर नगर व सिद्धार्थ नगर के युवाओं की भर्ती प्रक्रिया हुई। इसमें कार्यालय सहायक व एसकेटी तकनीकी श्रेणी पद के लिए युवाओं ने अपना दम-खम दिखाया। सुबह लगभग तीन बजे से युवाओं को भर्ती ग्राउन्ड में प्रवेश शुरू हुआ। भली भंति जांच-परख के बाद अभ्यर्थियों को भर्ती स्थल मैदान के लिए अनुमति प्रदान की गई। भर्ती रैली में पहुंचे युवाओं ने पहले 1600 मीटर दौड़ परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।इसमें 5.45 मिनट के अंदर दौड़ पूरी करने वाले अभ्यर्थी ही अगले चक्र के लिए चयनित हुए। इसमें सफल रहे युवाओं का जिग जैग बैलेंस, नौ फीट डिच, बीम व चिन अप के जरिए फिजिकल टेस्ट हुआ जिसमें फिजिकल टेस्ट में सफल रहे।

कार्यालय नगर पंचायत कोरांव–प्रयागराज

पत्रांक– मेमो/न0पं0को0 / 2024–25 दिनांक – 10/06/2024

थोक कचरा उत्पादकों (बल्क वेस्ट जेनरेटर) सूचना

भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिर्वतन मंत्रालय द्वारा सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट रुल्स 2016 में उल्लिखित प्राविधानों के अनतर्गत नगर पालिका सीमान्तर्गत ऐस समस्त संस्थानों, होटल्स, मैरिज लॉन्स, विश्वविद्यालयों, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशनों, वस स्टेशनों आदि जो प्रतिदिन 100 किलोग्राम से अधिक कचरे का उत्पादन करते है, को बल्क वेस्ट जेनरेटर की श्रेणी में रखते हुए इनकी भूमिकाओं एवं उत्तरदायित्वों को निम्न रूप से निर्धारित किया गया है।

1. सभी बल्क वेस्ट जेनरेटर स्थानीय निकाय के साथ भागीदारी करके नियमानुसार स्त्रोत पर ही उत्पादकों द्वारा अपशिष्ट का पृथकिरण तीन विभिन्न प्रकारों में यथा जैव निम्नीकरण (बायोडीग्रेडेबल), अजैव–निम्नीकरणीय, (नॉन–बायोडीग्रेडेबल) खतरनाक घरेलू कचरे में सुनिश्चित करेंगे। पृथकीकृत कचरा को भिन्न रूप में संग्रहीत किये जाने में सहायता प्रदान करेंगे। पृथकीकृत कचरा को भिन्न रूप में संग्रहीत किये जाने में सहायता प्रदान करेंगें और पुनर्चक्रण योग्य पदार्थो को या तो अधिकृत पुनर्चक्रणकर्ता को सौपेंगे। जहाँ तक संभव हो कचरे के जैव–निन्नीकरण (बायोडीग्रेडेबल) अंश को परिसर के अन्दर ही कम्पोस्टिंग अथवा जैव–मिथिनेशन के माध्यम से प्रसंस्करित, शोधित व निस्तारित किया जायेगा। कचरे के अवशिष्ट अंश को स्थानीय निकाय द्वारा निर्देशित अपशिष्ट संग्राहकों अथवा अभिकरण संस्था को सौंपा जायेगा।

2. प्रत्येक कचरा उत्पादक ठोस कचरा प्रबंधन हेतु ऐसे उपभोक्ता शुल्क का भुगतान करेगा जैसा कि स्थानीय निकाय की उपविधि में विनिर्दिष्ट किया जायेगा। कोई भी व्यक्ति स्थानीय को सूचित किए बिना किसी भी अनुज्ञार्पित स्थल पर 100 से ज्यादा लोगों का न तो कोई समारोह आयोजित करेगा न ही इन्हे एकत्रित करेगा, यदि कोई संस्थान, होटल, मैरिज लॉन एवं अन्य उक्त प्राविधानों का उल्लंघन करते पाया जाता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कोरांव–प्रयागराज

महाप्रबंधक ने की कार्य प्रगति की समीक्षा

संवाददाता, नई दिल्ली

शोभन चौधुरी।

अमृत विचारः उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों व मंडल रेल प्रबंधकों के साथ रेलवे की कार्य प्रगति की समीक्षा की। उत्तर रेलवे मुख्यालय में आयोजित बैठक में मानसून के मद्देनजर संरक्षा बढ़ाने, समयपालन बद्धता और परिचालन की दक्षता पर जोर दिया गया।

जीएम ने सभी संबंधित विभागों को मानसून से निपटने के लिए बुनियादी ढांचे, उपकरणों और रेलगाड़ियों के सुचारू परिचालन की तैयारियों का आंकलन करने का निर्देश दिया। उन्होंने रेलपथों पर विद्युत संरक्षा के साथ-साथ रेलगाड़ियों की निर्बाध आवाजाही के लिए रिले और पैनल रूम में संरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने पर बल दिया।

महाप्रबंधक ने क्रू-चेंजिंग पॉइंट पर क्रू-चेंज के कारण रेलगाड़ियों के रुकने मामलों का जायजा लिया और मण्डलों को निर्देश दिया कि वे क्रू-चेंजिंग को यथासंभव कम समय में पूरा करें ताकि क्रू-चेंजिंग के कारण रेलगाड़ियों के चलने में होने वाली देरी को कम किया जा सके। उत्तर रेलवे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

जीएम ने दो कर्मियों को मैन आफ द मंथ घोषित किया

संवाददाता, गोरखपुर, अमृत विचारः जीएम पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे यात्रियों की सुरक्षा में अनेक कदम उठाये गये हैं। सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य सम्पादन को कर्मचारियों को सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। जीएम ने 25 जून को दो कर्मचारियों को संरक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए 'मैन ऑफ द मंथ' घोषित कर प्रशस्ति पत्र दिया। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में वाराणसी मंडल के कुसुम्ही स्टेशन पर टैक मेन्टेनर पद पर कार्यरत श्रवण कुमार ने 03 अप्रैल,2024 को कुसुम्ही-सरदारनगर के मध्य कार्य के दौरान डाउन लाइन पर किमी. सं0-486/28-30 पर रेल क्रैक देखकर इसकी सूचना तत्काल स्टेशन मास्टर एवं सम्बन्धित सुपरवाइजर को दी।

कोतवाली में सिपाही ने सरकारी पिस्टल से गोली मारकर जान दी

संवाददाता, हसनगंज (उन्नाव)

- जिला बुलंदशहर के गुलावटी का रहने वाला था सिपाही
- लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया, इलाज के दौरान मौत

अमृत विचार : हसनगंज कोतवाली में मंगलवार की सुबह एक सिपाही ने सरकारी पिस्टल अपनी कनपटी में लगाकर गोली मार ली। साथी सिपाहियों ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां से लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। फील्ड यूनिट टीम ने उसका मोबाइल कब्जे में लिया है। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीणा भी थाने पहुंचे और पुलिसकर्मियों से पूछताछ की।

जिला बुलंदशहर के गुलावटी निवासी देवांश तेवतिया (25) पुत्र मेघराज 2019 में सिपाही पद पर भर्ती हुआ था। वर्ष 2020 से वह हसनगंज कोतवाली में तैनात था। इस समय वह क्राइम मुंशी था। देवांश मंगलवार सुबह करीब 8 बजे ड्यूटी पर आया और 10 बजे किसी से फोन पर बात करते आवेश में आ गया और चिल्लाते हुए उसने बक्से में रखी सरकारी पिस्टल निकाली और अपनी दाईं कनपटी से सटाकर फायर कर दिया। गोली लगते ही वह लहूलुहान होकर फर्श पर गिर गया। फायर की आवाज सुन मौजूद पुलिस कर्मी दौड़े और उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां से डाक्टरों ने उसे लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेज दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सीओ संतोष कुमार सिंह, फील्ड यूनिट टीम ने जांच की। बताते हैं कि देवांश का करीब छह महीने पूर्व हादसे में पैर में फ्रेक्चर हुआ था। इससे वह चिकित्सीय अवकाश पर था। करीब 20 दिन पहले उसने ज्वाइन किया था। पैर में चोट होने से उसे कार्यालय में क्राइम मुंशी बना दिया गया था। सीओ ने बताया कि घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। सिपाही का मोबाइल कब्जे में लिया गया है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज और कोतवाली से करीब 400 मीटर दूर उसके किराये के कमरे में भी जांच की गई। परिजनों को घटना की सूचना दी गई है। लखनऊ में ही उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

सांसद के रूप में अमृतपाल सिंह शपथ नहीं ले सके

चंडीगढ़ : कट्टरपंथी उपदेशक और खडूर साहिब लोकसभा सीट से निर्वाचित अमृतपाल सिंह संसद सदस्य के रूप में शपथ नहीं ले सके क्योंकि वह राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत असम की जेल में बंद हैं। पंजाब से निर्वाचित 12 अन्य सांसदों को मंगलवार को संसद में शपथ दिलाई गई। पंजाब में 13 लोकसभा क्षेत्र हैं। संसद में कांग्रेस नेता गुरजीत सिंह औजला के शपथ लेने के बाद सिंह का नाम पुकारा गया, लेकिन वह उपस्थित नहीं थे। इसी तरह, बारामूला लोकसभा सीट से निर्वाचित इंजीनियर राशिद सोमवार को सांसद के रूप में शपथ नहीं ले सके क्योंकि वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।

मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित पेंच अभ्यारण्य में गंभीर रूप से घायल पाए गए बाघ को वनकर्मियों ने मंगलवार को स्वस्थ होने पर वापस जंगल में छोड़ दिया। : एजेंसी

ड्रोन रख रहा ट्रैफिक पर नजर मैसेज मिलते ही पहुंच रही पुलिस

शिमला, ,एजेंसी

- 300-400 मीटर की ऊंचाई से यातायात पर रखी जा रही नजर

हिमाचल के पर्यटन स्थलों में अब ड्रोन से ट्रैफिक पर नजर रखी जा रही है। हिमाचल प्रदेश ट्रैफिक टूरिस्ट एंड रेलवे पुलिस (टीटीआर) शिमला, मनाली, धर्मशाला, चंबा आदि पर्यटन स्थलों को जाने वाली सड़कों पर ड्रोन से जाम का पता लगा रही है। जिस क्षेत्र में ट्रैफिक जाम लग रहा है, वहां के संबंधित ट्रैफिक कंट्रोल रूम में इसका मैसेज भेजा जा रहा है। इसके बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच रही है।

टीटीआर के मुताबिक यह ड्रोन 300-400 मीटर ऊपर जा रहा है। पांच किलोमीटर तक के एरिया में जाम की स्थिति के बारे में इससे नजर रखी जा रही है। हिमाचल ट्रैफिक टूरिस्ट रेलवे पुलिस शिमला के पास इसका कंट्रोल है। जमा लगने पर तुरंत संबंधित ट्रैफिक कंट्रोल रूम में मैसेज भेजे जा रहे हैं। ऐसे में इन कंट्रोल रूम से जाम खोलने के लिए पुलिस को भेजा जा रहा है। एक से 23 जून तक बाहरी राज्यों से शिमला में 1,65,659 गाड़ियां प्रवेश हुई हैं।

वहीं शिमला से सोलन के लिए 1,44,807 गाड़ियां गईं, जबकि सोलन से शिमला की ओर 1,83,403 गाड़ियां आई हैं। दरअसल पर्यटन सीजन के चलते हिमाचल के पर्यटन स्थलों पर घंटों लोग जाम में फंस रहे हैं। इससे लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही हैं।

हार पक्की दिखने पर कांग्रेस दलित को बना देती है उम्मीदवार

नई दिल्ली : केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि महत्वपूर्ण पदों पर जब उसे हार सुनिश्चित दिखती है तो वह किसी दलित नेता को 'प्रतीकात्मक उम्मीदवार' के रूप में मैदान में उतार देती है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव में विपक्षी दलों की ओर से कोडिकुन्नील सुरेश को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद दलित नेता पर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यह टिप्पणी की है। लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के लिए मतदान बुधवार को होगा।

हिंदुजा परिवार के चारों सदस्यों के खिलाफ आरोप खारिज

नयी दिल्ली, एजेंसी

- हिन्दुजा परिवार के प्रवक्ता ने दी जानकारी

ब्रिटेन के सबसे धनाड्य हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों पर घरेलू नौकरों के शोषण करने का आरोप लगने के बाद से यह परिवार सुर्खियों में है। स्विट्जरलैंड की ऊपरी अदालत ने हिंदुजा परिवार के चारों सदस्यों को राहत देते हुए उन पर मानव तस्करी के आरोपों को खारिज करते हुए सभी को बरी कर दिया है। हिंदुजा परिवार के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है।

स्विट्जरलैंड की एक निचली अदालत ने 21 जून को हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को नौकरों के शोषण मामले में जेल की सजा सुनाई थी। परिवार के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों कमल और प्रकाश हिंदुजा, नम्रता और अजय हिंदुजा पर दोष सिद्ध नहीं होने पर उन्हें किसी किस्म का कारावास या सजा नहीं दी गयी है और ना ही हिरासत में लिया गया है। दरअसल, हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को स्विट्जरलैंड की एक निचली अदालत ने दोषी करार देते हुए साढ़े चार-साढ़े चार साल जेल की सजा सुनाई थी। सजा पाने वालों में प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी कमल और बेटे अजय के साथ ही उनकी बहू नम्रता का नाम शामिल थी। इसके बाद परिवार ने निचली अदालत के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी, जहां से उन्हें राहत मिली है। बयान में कहा गया है कि स्विट्जरलैंड की कानून प्रक्रियाओं के अनुसार निचली अदालत का निर्णय उस समय तक अप्रभावी और निष्क्रिय रहता है, जब तक कि शीर्ष न्यायालय द्वारा अंतिम फैसला नहीं लिया जाता। प्रवक्ता ने कहा कि उनके खिलाफ़ सबसे गंभीर आरोप मानव तस्करी का है, जिसे अदालत ने पूरी तरह से ख़ारिज कर दिया है।

अजय राय के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही रोकने से इनकार

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रमुख अजय राय के खिलाफ वाराणसी की एक अदालत में शुरू की गई आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार कर दिया। राय के खिलाफ यह कार्यवाही 2010 में गैंगस्टर अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में शुरू की गई है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की एक अवकाशकालीन पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ राय द्वारा दायर याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई 15 जुलाई को होगी।

राहुल गांधी के विरुद्ध स्पेशल कोर्ट में वाद

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ एमपी/एमएलए कोर्ट की स्पेशल जज शांभवी ने वाद दर्ज कर कोतवाली पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। राहुल गांधी पर यह केस जातिगत जनगणना पर दिए भाषण से लोगों की भावनाओं को भड़काने और सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने के आरोप में दर्ज कराया गया है। कोर्ट ने सुनवाई की तिथि 4 जुलाई नियत की है।

सुभाषनगर निवासी पंकज पाठक ने अधिवक्ता अनिल द्विवेदी के जरिए अदालत में अर्जी देकर बताया कि 28 मई को दोपहर 2 बजे कचहरी प्रांगण में टीवी पर राहुल गांधी का जातिगत जनगणना भाषण देखा और सुना था। राहुल गांधी ने राजनीतिक लाभ के लिए सोची-समझी रणनीति के तहत वोटों के बंटवारे के लिए भारत की अखंडता को चोट पहुंचाने के लिए यह भड़काऊ बयान दिया। कचहरी पर कई लोगों ने भाषण सुनकर राहुल गांधी की बात को सही बताया। प्रतिक्रिया दी, अब देखेंगे धन्ना सेठों और बंगले वालों को जिनके घर में दो लोग नहीं हैं, बैंकों में करोड़ों रुपये हैं। यहां हम गरीब और दूसरी जाति के लोग मुश्किल से जीवनयापन कर पाते हैं।

हमारे घर में सारे सदस्यों के लेटने-बैठने तक की जगह नहीं है। राहुल की बात सही है। आरोप है कि राहुल ने यह बयान सांप्रदायिक तनाव पैदा करने के साथ धर्म-जाति, विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता बढ़ाने और निजी लाभ के लिए दिया है।

इन धाराओं का लिया आधार

भारतीय दंड संहिता की धारा 153, 153ए जिनके अंतर्गत यह दंडनीय अपराध है। गवाहों की गवाही पूरी होने और तलबी आदेश के बाद प्रावधान के तहत अपराध के संज्ञान के समय 196 सीआरपीसी भी लागू होगी जिसमें राज्य के विरुद्ध अपराध के लिए और आपराधिक षडयंत्र की योजना बनाने के लिए उम्रकैद तक का प्रावधान है।

- लोगों की भावनाओं को भड़काने और सामाजिक ताने-बाने को बिगाड़ने का आरोप

सात कान वाली बछिया ने लिया जन्म

- बछिया को देखने के लिए इकट्ठा हुए आसपास के गांवों के लोग

संवाददाता, रहरा (अमरोहा)

अमृत विचार : गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव छपना निवासी किसान विजेंद्र की गाय ने बछिया को जन्म दिया। जब उसने बछिया को देखा तो उसके सात कान थे। बछिया के सात कानों की खबर सुनते ही खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई और आसपास के गांव के ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

शुक्रवार को जन्म के बाद से ही बछिया बीमार चल रही है, उसका इलाज भी चल रहा है। बछिया के सात कानों की खबर सुनकर कई खरीदार भी आ चुके हैं। जिसमें एक खरीदार ने बछिया की कीमत एक लाख रुपये लगा दी है। लेकिन बिजेंद्र ने बेचने से मना कर दिया है।

तेलंगाना : दफन किए जाने से पहले मृतक व्यक्ति जिंदा पाया गया

हैदराबाद, एजेंसी

- मृतक के पास से बरामद हुआ था जिंदा व्यक्ति का मोबाइल

एक मृत व्यक्ति की गलत पहचान के चलते तेलंगाना के विकाराबाद जिले में अंतिम संस्कार के समय एक व्यक्ति के जीवित पाए जाने का मामला सामने आया है।

राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि यह घटना विकाराबाद जिले के नवंदगी गांव में हुई जहां मृतक के परिजन उसे दफनाने की तैयारी कर रहे थे। पेशे से दिहाड़ी मजदूर पी. येलप्पा (40) के परिवार के सदस्यों को उसकी मौत के बारे में सूचित किया गया था। एक शव के साथ येलप्पा का मोबाइल फोन पाया गया था जिसके बाद येलप्पा को मृत मान लिया गया था। अधिकारी ने कहा कि जीआरपी कर्मियों को 22 जून की रात विकाराबाद रेलवे स्टेशन पर पटरियों पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला जिसका सिर कुचला हुआ था और पहचान से परे था। शव के पास एक मोबाइल फोन मिला और पुलिस अधिकारियों ने उस फोन से परिवार के सदस्यों को फोन किया, तो उन्होंने बताया कि यह येलप्पा का है।

अधिकारी ने कहा कि येलप्पा की पत्नी और उसके परिवार के सदस्य 23 जून को विकाराबाद के सरकारी अस्पताल पहुंचे और शव की पहचान' करके बताया कि यह येलप्पा का है। जब परिवार और रिश्तेदार शव को दफनाने की तैयारी कर रहे थे, तो दोपहर के समय कुछ ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि उन्होंने जिले के तंदूर शहर में येल्लप्पा को जीवित देखा है। इस बीच, येलप्पा ने भी घर लौटकर परिजनों को चकित कर दिया। अधिकारी ने बताया सूचना मिलते ही पुलिस गांव पहुंची और शव को वापस लाकर विकाराबाद के सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया।

उत्तराखंड

डंपरों में भिड़ंत से लगी आग चालक जिंदा जला, क्लीनर भी घायल

संवाददाता, जसपुर

- दूसरे डंपर के चालक-क्लीनर फरार, हाईवे पर जाम

चालक रवि कुमार (फाइल फोटो)

अमृत विचार : नेशनल हाईवे-74 पर मंगलवार सुबह दो डंपरों में आमने-सामने हुई भिड़ंत के बाद दोनों में आग लग गई। एक डंपर का चालक जिंदा जल गया, जबकि क्लीनर गंभीर रूप से घायल है। दूसरे डंपर के चालक व क्लीनर हादसे के बाद फरार हो गए।

काशीपुर के अंतर्गत गांव धनौरा भुड़िया फॉर्म निवासी मनकीरत सिंह संधू का डंपर उप्र के बिजनौर जिले के गांव शादीपुर में रेत उतारने के बाद नेशनल हाईवे-74 से काशीपुर जा रहा था। सुबह पांच बजे वह जसपुर से करीब 5 किमी दूर गोविंदपुर व शिवराजपुर पट्टी के पास पहुंचा, तभी सामने से उल्टी दिशा से आ रहे रेत से लदे डंपर से जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही दोनों डंपर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और उनमें आग लग गई। इससे मनकीरत सिंह संधू के डंपर का चालक गांव प्रेमपुरी कालागढ़ निवासी रवि कुमार (28) जलते ट्रक के अंदर फंस गया। जिससे उसकी मौत हो गई। डंपर का क्लीनर मानपुर, काशीपुर निवासी विक्की भी झुलसने की वजह से गंभीर रूप घायल हुआ है। उसे काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि दूसरे डंपर का चालक व क्लीनर फरार हो गए।

सरोवर नगरी में बारिश से गिरा पारा, 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज

- लगातार चौथे दिन भी जारी रहा सिलसिला

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : प्री मानसून सक्रिय होने से नगर में लगातार चौथे दिन भी बारिश का दौर जारी रहा। इससे नैनीझील के जलस्तर में वृद्धि होने लगी है। वहीं सूखने के कगार पर पहुंच चुके प्राकृतिक जल स्रोत भी पुनर्जीवित होने लगे हैं।

मंगलवार को भी नगर में सुबह से गुनगुनी धूप खिली थी तभी अचानक दोपहर दो बजे बाद आसमान में काले बादल छाने लगे और चार बजे से तेज बारिश का दौर शुरू हो गया जो करीब एक घंटे तक जारी रहा। इस दौरान नैनीताल पहुंचे पर्यटकों को बारिश से बचने के लिए पंत पार्क से छाता खरीदने पड़े। वहीं बारिश के चलते माल रोड में गाड़ियों का भी जाम लग गया। मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार को नगर का अधिकतम तापमान 22 डिग्री व न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

नैनीताल में बारिश के दौरान छाता लेकर घूमते पर्यटक। ● अमृत विचार

नैनीताल जिले में 79 प्रतिशत कम हुई बारिश

हल्द्वानी : जून माह में अब तक नैनीताल जिले में काफी कम बारिश हुई है। खासतौर से इस बार हल्द्वानी में कम बारिश होने की वजह से गर्मी का काफी कहर रहा। नैनीताल जिले में जून माह में 25 जून तक सामान्य तौर पर 198 .1 मिमी बारिश होती है। जबकि इस बार 42 .5 मिमी बारिश ही हुई है। जून माह में करीब 14 दिनों तक लगातार हीट वेव चली थी और 12 दिन तक तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया था। वहीं दूसरी ओर मंगलवार की दोपहर तक हल्द्वानी में लोगों को उमस भरी गर्मी झेलनी पड़ी। अपरान्ह के बाद करीब आधे घंटे तक बारिश हुई। हल्द्वानी से सटे ग्रामीण इलाकों में झमाझम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने आगे भी बारिश होने का अनुमान जताया है। वहीं दूसरी ओर बारिश के साथ ही उमस बढ़ने से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

जसपुर में बारिश से लोगों को मिली राहत

जसपुर : मंगलवार को जसपुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सांय करीब 5 बजे झमाझम बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं गन्ने व चारे की फसलों को भी काफी लाभ पहुंचा। पिछले काफी दिनों से क्षेत्र में वर्षा न होने से गन्ने व बेमौसमी धान की फसल सूख रही थीं।

हाईटेंशन लाइन से करंट लगने पर हाथी की मौत

संवाददाता, दिनेशपुर

- जंगल से भटककर देर रात आबादी की ओर आते समय हुई घटना

अमृत विचार : 11 केवी हाईटेंशन लाइन के झूल रहे तारों की चपेट में आने से हाथी की मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम के बाद हाथी के शव को जंगल में दफना दिया। मंगलवार सुबह जयनगर नंबर- 3 के ग्रामीणों में गांव के निकट जंगल में हाथी का शव देखकर हड़कंप मच गया। आबादी को आ रही 11 हजार वोल्ट हाईटेंशन की लाइन कई महीनों से सिर्फ 12 फीट की ऊंचाई पर झूल रही है। माना जा रहा है कि सोमवार देर रात उधर से गुजर रहा हाथी करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों व पुलिस को घटना की सूचना दी।

जानकारी मिलते ही एसडीओ मयंक मेहता व एसडीओ शशि देव, टांडा रेंज के रेंजर रूपनारायण गौतम व रेंजर दीवान सिंह रौतेला ने मौके का निरीक्षण किया। हाथी के शव को हाइड्रा की मदद से ट्रैक्टर ट्रॉली में जंगल ले जाया गया। जहां पशु चिकित्सक डॉ. रवि खुल्वे व डॉ. तरुण कुमार गर्ग ने स्टाफ की मदद से पोस्टमार्टम किया। बाद में वन कर्मियों ने शव को जंगल में दफना दिया।

मानसखंड मंदिर माला मिशन के लिए मांगे एक हजार करोड़

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी को महासू मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य के विकास योजनाओं की विभिन्न जानकारियां दी। कहा कि राज्य की विद्युत पूर्ति के लिए खुले बाजार से लगभग 1000 करोड़ की विद्युत प्रतिवर्ष क्रय करनी पड़ती है, जिससे राज्य पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ रहा है। उन्होंने अलकनंदा, भागीरथी तथा सहायक नदियों में प्रस्तावित 24 जल विद्युत परियोजनाओं के बारे में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार गठित विशेषज्ञ समिति-2 की अंतिम रिपोर्ट पर जल शक्ति तथा विद्युत मंत्रालय के साथ पुनर्समीक्षा का अनुरोध किया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन, आईटीबीपी, रेलवे एवं सेना की ओर से सड़क एवं अन्य संरचनाओं के निर्माण में वन संरक्षण एवं सवंर्धन अधिनियम 2023 के तहत क्षतिपूर्ति में दोगुनी गैर वनभूमि वनीकरण का प्रावधान अड़चन बना है। गैर वानिकी परियोजना के लिए अधिसूचित नियम-2017 को यथावत रखते हुए पूर्व की भांति राज्य में उपलब्ध अधिसूचित अवनत वन भूमि में क्षतिपूर्ति वनीकरण कराने व ऐसे लंबित प्रस्तावों को संबंधित मंत्रालयों से अनुमोदन दिलाने का अनुरोध किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महासू मंदिर की प्रतिकृति भेंट करते मुख्यमंत्री धामी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क तथा औद्योगिक विकास के लिए बीएचईएल हरिद्वार से राज्य को भूमि हस्तांतरण का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि मानसखंड मंदिर मंदिर माला मिशन में चिन्हित 48 पौराणिक मंदिरों में 16 में अवस्थापना विकास काम शुरू हो चुका है। इन मंदिर मार्गों के लिए एक हजार करोड़ की सहायता का अनुरोध भी किया।

75 हजार घूस लेते जीएसटी का सहायक आयुक्त पकड़ा

संवाददाता, देहरादून

- रेस्टोरेंट के बिलों में कमियां बता जुर्माने के दबाव में मांगी थी रिश्वत

अमृत विचार : देहरादून की विजिलेंस टीम ने जीएसटी कर विभाग के सहायक आयुक्त को 75 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। रेस्टोरेंट के बिलों में कमियां बताकर भारी जुर्माने के दबाव में रिश्वत मांगी थी। विजिलेंस टीम ने सहायक आयुक्त के देहरादून स्थित आवास की भी तलाशी ली। अब उनकी चल-अचल संपत्ति के बारे में जानकारी की जा रही है।

विजिलेंस के एसएसपी धीरेंद्र गुंज्याल के निर्देशन में टीम ने मंगलवार को जीएसटी कार्यालय लक्ष्मी रोड, डालनवाला में छापा मारकर सहायक आयुक्त शशिकांत दुबे को 75 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि शशिकांत दुबे द्वारा शिकायतकर्ता से रेस्टोरेंट के बिलों में जीएसटी के नियमों के क्रम में कमियां बताकर भारी जुर्माने का दबाव बनाकर रिश्वत मांगी गई थी। रणनीति के तहत शिकायतकर्ता रिश्वत की तय रकम देने पहुंचा तभी टीम ने सहायक आयुक्त को दबोच लिया।

एक नजर

समरीन ने सुमन बनकर किया विवाह

बरेली, अमृत विचार : हाफिजगंज क्षेत्र की युवती ने धर्म परिवर्तन कर प्रेमी से शादी कर ली। युवती की प्रेमी से पांच महीने पहले मुलाकात हुई थी। सेंथल के कुंआ डांडा निवासी समरीन के मुताबिक उसकी इज्जतनगर निवासी मित्रपाल से जान पहचान हुई थी। दोनों में दोस्ती हुई और दोनों प्यार करने लगे। मित्रपाल ने उनसे शादी करने के लिए कहा, तो उन्होंने हां कर दी। सोमवार को दोनों ने सुभाषनगर क्षेत्र के मढ़ीनाथ स्थित अगस्त्य मुनि आश्रम पहुंचे। यहां आचार्य केके शंखधार ने दोनों की शादी कराई। समरीन ने अपना नाम बदलकर अब सुमन यादव रखा है।

ओवैसी के जय फलस्तीन का नारा लगाने की निंदा

बरेली, अमृत विचार : संसद में शपथ लेने के दौरान एआईएमआईएम प्रमुख व सांसद असदुद्दीन ओवैसी की ओर से जय फलस्तीन का नारा लगाने को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि फलस्तीन और इजरायल का मसला काफी पेचीदा है। संसद में ओवैसी ने जय फलस्तीन का नारा लगाया, जो शरीयत के लिहाज से तो गलत है ही, राजनीतिक तौर पर भी इसे सही नहीं कहा जा सकता। इस वक्त फलस्तीन में लोगों को मदद की जरूरत है, लिहाजा मानवता के नाते और इस्लामी रिश्ते की बुनियाद पर ओवैसी को वहां जाकर लोगों की मदद करनी चाहिए। मगर उन्होंने लोगों की भावनाओं को भड़काने का काम किया है।

नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म , मुकदमा दर्ज

बलिया : जिले में एक नाबालिग लड़की से उसके ही चार नाबालिग दोस्तों ने सामूहिक दुष्कर्म किया और घटना के बारे में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मंगलवार बताया कि इस मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया गया।

असाधारण परिस्थितियों में ही दिया जा सकता है डीएनए परीक्षण का आदेश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ **मां को व्यभिचारी सिद्ध करने के लिए बच्चे को मोहरे की तरह इस्तेमाल नहीं कर सकते : कोर्ट**

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने डीएनए टेस्ट से संबंधित एक मामले में अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि ऐसे मामलों में मां को व्यभिचारी सिद्ध करने के लिए बच्चे को एक मोहरे की तरह इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। कोर्ट केवल असाधारण परिस्थितियों में ही डीएनए परीक्षण का आदेश दे सकती है।

वर्तमान मामले में प्रस्तुत डीएनए रिपोर्ट केवल एक कचरा है और इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता है और ना ही शादी के पिछले 4 वर्षों से चल रहे पत्नी के अवैध संबंध को साबित करने के लिए डी नोवो डीएनए रिपोर्ट आयोजित करने के लिए कोई आदेश दिया जा सकता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी की एकलपीठ ने ग्राम न्यायालय, पटियाली, कासगंज द्वारा पत्नी और दो बेटियों को गुजारा भत्ता देने के आदेश को रद करने वाली डॉ. इफ़राक मोहम्मद इफ़राक हुसैन की याचिका खारिज करते हुए पारित किया। कोर्ट ने याची द्वारा रखरखाव का भुगतान करने से बचने के प्रयास में अपनी पत्नी की शुद्धता के खिलाफ निराधार और अपमानजनक आरोप लगाने की भी निंदा की। दरअसल याची और विपक्षी की 12 नवंबर 2013 में मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार शादी हुई। कथित तौर पर अपर्याप्त दहेज के कारण ससुरालवालों के दुर्व्यवहार से त्रस्त होकर वर्ष 2017 में पत्नी अपने मायके जाकर रहने लगी। अपनी पत्नी के विवाहेत्तर संबंध को साबित करने तथा बेटियों के पितृत्व से इनकार करने के लिए उसने गुप्त रूप से अपनी बेटियों में से एक का रक्त नमूना लिया और उसे हैदराबाद के एक निजी डीएनए प्रयोगशाला में भेजा और वहां से एक प्रमाण पत्र प्राप्त किया, जिसमें बताया गया था कि वह उक्त बेटी का जैविक पिता नहीं है।

यह कार्य याची द्वारा तब किया गया, जब उसकी पत्नी ने जुलाई 2019 में अपने और अपनी बेटियों के रखरखाव की मांग के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि निचली अदालत ने याची के दावे को खारिज कर दिया, तब उसने बेटियों के डीएनए टेस्ट के आदेश की मांग करते हुए हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के मामलों का हवाला देते हुए निष्कर्ष निकाला कि कोर्ट को आमतौर पर उस पार्टी की इच्छा के खिलाफ डीएनए परीक्षण जैसे रक्त परीक्षण का आदेश देने से बचना चाहिए, जिस पर इस परीक्षण का प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की सबसे अधिक संभावना हो। इसके साथ ही डीएनए टेस्ट अंतिम उपाय के रूप में होना चाहिए। डीएनए परीक्षण का आदेश अगर सामान्य ढंग से दिया जाने लगा तो यह बेईमान पतियों के लिए अपने वंश के पितृत्व को चुनौती देने वाला भानुमती का पिटारा खोल देने के समान होगा। पति के लिए अपनी पत्नी को व्यभिचारी साबित करना हमेशा खुला है, लेकिन इसके लिए बच्चों की पहचान के अधिकार के बलिदान की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

पप्पू भरतौल के साथ राजीव राणा के कई फोटो वायरल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ **घटना के बाद पूर्व विधायक ने किया था दावा- राणा से मेरा कोई लेना-देना नहीं**

अमृत विचार : प्लॉट पर कब्जे के लिए पीलीभीत बाईपास पर किराए के बदमाशों से दो घंटे तक गोलीबारी कराने के मुख्य आरोपी राजीव राणा के पूर्व भाजपा विधायक पप्पू भरतौल के साथ तमाम फोटो वायरल हो गए हैं। पप्पू भरतौल ने घटना के बाद दावा किया था कि उनका राणा से कोई लेना-देना नहीं है।

राजीव राणा पर पीलीभीत बाईपास पर 15 करोड़ कीमत का प्लॉट कब्जाने के लिए रिठौरा के हिस्ट्रीशीटर सभासद केपी यादव को 30 लाख रुपये में ठेका देने का आरोप है। इस प्लॉट पर काबिज मार्बल कारोबारी की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में राजीव राणा के साथ पूर्व विधायक पप्पू भरतौल को भी नामजद किया गया था। भरतौल ने इसके बाद सफाई दी थी कि राजीव राणा के साथ इस पूरे प्रकरण से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने यह कहते हुए एक वीडियो भी जारी किया था कि वह गोलीकांड के दिन वृंदावन में थे। उसके बाद उज्जैन चले आए हैं।

अब राणा के साथ उनके दर्जनों फोटो वायरल कर दिए गए हैं। राणा अलग-अलग जगह खींची गई इन फोटो में पप्पू भरतौल की बगल में बैठा नजर आ रहा है। ये फोटो वायरल होने के बाद पुलिस ने जांच की तो पता चला कि राणा की पूर्व विधायक के साथ लंबे समय से निकटता है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कई प्रोजेक्ट में पप्पू भरतौल और राणा पार्टनर हैं। जबकि, पप्पू भरतौल ने पहले ही साफ किया है कि इस गोलीकांड से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

पोलो ग्राउंड पर निर्माण के संबंध में मांगा जवाब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ **जवाब देने के लिए 7 दिन का समय, तब तक निर्माण पर प्रतिबंध**

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट में हाईकोर्ट के पास स्थित पोलो ग्राउंड भूमि पर किए जा रहे निर्माण और पोलो ग्राउंड से लगी सड़क के किनारे फुटपाथ पर निर्माण पर राज्य सरकार से जवाब तलब किया है।

इस संबंध में अखंड प्रताप सिंह ने एक जनहित याचिका दाखिल कर कोर्ट को बताया कि एक अन्य मामले में न्यायालय द्वारा उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार के निर्माण को प्रतिबंधित किया गया है, जिस पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए विपक्षी के अधिवक्ताओं की ओर से अनुरोध करने पर उन्हें एक सप्ताह का समय दिया गया है और तब तक किसी भी प्रकार के निर्माण को प्रतिबंधित किया गया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने पारित किया।

नीट परीक्षा में हेराफेरी मामले पर केंद्र से जवाब तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नीट-यूजी परीक्षा हुई अनियमिताओं के संबंध में याचिका पर सुनवाई करते हुए माना कि मामला गंभीर है और इस पर तत्काल विचार करने की आवश्यकता है। अतः मामले को 27 जून 2024 के लिए सूचीबद्ध कर दिया गया। उक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ के समक्ष हुई। दरअसल 13 फरवरी 2024 को याची निवेदिता को एडमिट कार्ड जारी किया गया, जिस पर परीक्षा केंद्र तथा केंद्र कोड अंकित था। याची ने परीक्षा में ओएमआर शीट पर सभी प्रविष्टियां सही-सही भरीं और केंद्र अधीक्षक तथा निरीक्षक द्वारा भी उसे अनुमोदित किया गया। हालांकि एनटीए की वेबसाइट पर ओएमआर शीट में याची के रोल नंबर और टेस्ट बुकलेट नंबर से अलग रोल नंबर दर्शाया गया।

मदरसे में मौलवी ने छात्र से किया कुकर्म, गिरफ्तार

संवाददाता, सैदनगर (रामपुर)

▸▸ **परिजन ने मदरसे पहुंचकर किया हंगामा**

अमृत विचारः अजीमनगर थाना क्षेत्र में मदरसे में मौलवी ने नाबालिग छात्र के साथ कुकर्म किया। परिजनों की तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

मामला अजीमनगर थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पड़ोसी गांव निवासी एक किशोर मदरसे में रहकर पढ़ाई करता है। छात्र अन्य छात्रों के साथ मदरसे के हॉस्टल में रहता था। आरोप है कि मदरसे का मौलवी छात्र को बहला फुसलाकर दूसरे कमरे में ले गया। इस दौरान आरोपी ने छात्र के साथ कुकर्म किया। इस दौरान मौलवी ने छात्र को किसी को न बताने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी मदरसे से फरार हो गया। छात्र ने परिजनों को आपबीती बताई। मदरसे पहुंचे छात्र के परिजनों ने हंगामा किया। रात 12 बजे परिजन छात्र को लेकर अजीमनगर थाने पहुंचे और पुलिस को घटना के बारे में जानकारी दी।

परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने नगलिया आकिल निवासी मौलवी अजीजुर्रहमान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने गांव छोड़कर जा रहे आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर लिया। जबकि छात्र को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा है। थाना अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने बताया कि आरोपी मौलवी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

गाजीपुर : सड़क दुर्घटना में कांग्रेस नेता की मौत

गोरखपुर : गाजीपुर जिले में हुई एक सड़क दुर्घटना में कांग्रेस नेता की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक दुर्घटना में जान गंवाने वाले कांग्रेस नेता पार्टी की गोरखपुर इकाई के अध्यक्ष थे।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि कांग्रेस की गोरखपुर इकाई के अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी (40) की कार को सोमवार देर रात गाजीपुर टोल प्लाजा के पास एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें उनकी मौत हो गई। आशुतोष त्रिपाठी अपने परिवार के सदस्यों के साथ विंध्याचल (मिर्जापुर) से लौट रहे थे। इस दुर्घटना में उनकी पत्नी और बेटी भी घायल हो गईं। दुर्घटना में त्रिपाठी की बेटी का जबड़ा टूट गया और फिलहाल उसका इलाज बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू)-वाराणसी में चल रहा है, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हैं और कोमा में हैं।

उत्तर प्रदेश में गर्मी का सितम जारी है। आमजन इससे बचाव के लिए तरह-तरह के उपाय अपना रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को आगरा स्थित ताजमहल का दीदार करने पहुंचे पर्यटक सूरज की तपिश से खुद को बचाने के लिए छाते का उपयोग करते कैमरे में कैद हुए। : एजेंसी

मां की हत्या कर शव कमरे में किया बंद

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

अमृत विचार : पुत्र ने मां की हत्या कर शव कमरे में बंद कर दिया। दिल्ली में रह रहे बड़े पुत्र की सूचना पर पुलिस ने कमरे का ताला तोड़कर शव बरामद किया। थाना सहावर के गांव मिडोला खुर्द निवासी सुखपाल का बड़ा पुत्र राजेंद्र दिल्ली में वाहन चलाता है।

जबकि दूसरा पुत्र मुन्नालाल गांव में ही अपने परिवार के साथ रह रहा है। मुन्नालाल आए दिन माता-पिता के साथ मारपीट- अभद्रता करता है। मां कृष्णा देवी परेशान होकर गांव के ही सतीश पुत्र मोती लाल के यहां रहने लगी थी। 24 जून को मुन्नालाल हलवा बनवाने के लिए सतीश के यहां से मां को बुलाकर ले गया। आरोप है कि किसी बात को लेकर उसने मां के साथ विवाद किया फिर अपनी पत्नी मीना और पुत्र विपिन के सहयोग से हत्या कर दी और शव को कमरे में ही बंद कर दिया। इसकी जानकारी दिल्ली में रह रहे बड़े पुत्र राजेंद्र को मिली तो उसने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मुन्नालाल के घर में कमरे का ताला तोड़कर शव बरामद कर लिया। बड़े बेटे ने भाई, भाभी, भतीजे के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

वर्ग पहेली-112

बाएं से दाएं

1. बेंत की प्रजाति का एक पौधा जिसके डंठल अंदर से खोखले किंतु मज़बूत होते हैं जिनका प्रयोग कलम बनाने में किया जाता है
4. 1. तंदुरुस्त, हृष्ट-पुष्ट 2. गोल आकार का 3. भारी शरीर का नाटा व्यक्ति।
5. एक ही ग्रंथ के विभिन्न संस्करणों के पाठ में मिलने वाला भेद, पाठांतर।
6. 1. अपनी माता से उत्पन्न कन्या 2. बुआ
7. 1. तिर्यक, तिरछा, पड़ा 2. 'खड़ा' या 'सीधे' का उलटा, क्षैतिज तल के समांतर 3. विकट, कठोर।

ऊपर से नीचे

2. 1. कलम से रद्द किया हुआ 2. काटा हुआ 3. निरस्त।
3. 1. देने का काम कराना 2. प्राप्त कराना 3. वसूल करवाना।
5. चांदी



वर्ग पहेली -111 का हल

	1 ओ	सा	2 ई		3 उ
			मा		के
4 वि	घ	ट	न	का	री
दे			दा		
श		5 का	री	ग	र
	6 मै				
7 मा	न	म	नु	हा	र

सैलानियों के लिए बंद हुए ज्वैल ऑफ तराई के द्वार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

पर्यटन सत्र के अंतिम दिन जंगल सफारी का आनंद उठाते सैलानी।

▸▸ **पर्यटन सत्र के अंतिम दिन हुए समापन समारोह में महोफ रेंजर को एएसपी ने किया सम्मानित**

अमृत विचार : पीलीभीत टाइगर रिजर्व के मुख्य द्वार सैलानियों के लिए मंगलवार शाम बंद कर दिए गए। अंतिम दिन चूका बीच सैलानियों से गुलजार रहा। मुस्तफाबाद वन विश्रामगृह में समारोहपूर्वक पर्यटन सत्र का समापन किया गया। पिछले पर्यटन सत्र के मुकाबले इस बार दोगुने से अधिक सैलानी सैर करने पहुचे। पर्यटन सत्र से विभाग को 1.35 करोड़ की आय हुई। दरअसल, मानसून सत्र समाप्त होते ही 15 नवंबर को खुलने वाले पीलीभीत टाइगर रिजर्व के द्वार 15 जून को सैलानियों के लिए बंद कर दिए जाते हैं। करीब 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में फैले जंगल के सौंदर्य को देखने के लिए हर साल यहां देशी और विदेशी सैलानियों की भीड़ लगी रहती है। हालांकि इस बार प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव के आदेशानुसार पीटीआर का पर्यटन सत्र 10 दिन के लिए और बढाया गया था। 25 जून का समय आखिरकार मंगलवार को आ गया और सैलानियों के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व के द्वार बंद कर दिए गए। पर्यटन सत्र के अंतिम दिन दो शिफ्टों में 300 से अधिक सैलानियों ने पीटीआर समेत चूका बीच की सैर की। सैलानी सफारी वाहनों से जंगल में गए और बाघ समेत अन्य वन्यजीवों का दीदार करने के साथ जंगल ही हरी-भरी वदियों का करीब से आनंद लिया।

224 दिनों में 53378 सैलानियों की पीटीआर की सैर

पीटीआर में इस बार चूका बीच के साथ ही नया टूरिज्म स्पॉट सप्तसरोवर भी सैलानियों के लिए आर्कषण का केंद्र रहा। वन अफसरों के मुताबिक पर्यटन सत्र के दौरान 15 नवंबर से 25 जून तक इस बार देश के कोने-कोने से 53378 सैलानियों ने पीटीआर की सैर करने पहुंचे। इन सभी सैलानियों ने 11700 सफारी वाहन ट्रिप से पीटीआर के खूबसूरत टूरिज्म स्पॉटों की सैर की। इस बार सैलानियों की संख्या में पिछले पर्यटन सत्र के मुकाबले दोगुनी बढ़ोत्तरी देखी गई। पर्यटन सत्र के दौरान ही 52 निजी बसों के माध्यम से स्कूली बच्चों ने भी पीटीआर की सैर की। इस बार सैलानियों ने चूका बीच और सप्त सरोवर में बनी हटों में रात्रि विश्राम करने में खासी दिलचस्पी दिखाई।

सुडोकू-25

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8			1		2			
	7					9		6
	5		9		8			
2		8	4			5	6	
	3	5				1	4	
	4	6			5	3		8
			5		6		2	
4		9					5	
			8		3			7

सुडोकू -24 का हल

4	2	8	3	9	6	7	5	1
9	1	3	5	7	2	4	8	6
6	7	5	1	4	8	2	9	3
8	5	4	9	1	7	3	6	2
1	6	2	4	8	3	5	7	9
7	3	9	6	2	5	8	1	4
3	8	1	2	5	9	6	4	7
5	9	6	7	3	4	1	2	8
2	4	7	8	6	1	9	3	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 20 .55 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 13 .05 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सलाह से लोगों के काम बनेंगे। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का तनाव हो सकता है। पुराने संपर्कों का आप उत्तम लाभ उठा सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

वृष — आज माता-पिता आपका मनोबल बढ़ाएंगे और आपसे किसी महत्वपूर्ण विषय पर राय भी लेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके प्रबन्धन कौशल की प्रशंसा होगी। आपको पहले किए गए परिश्रम का लाभ प्राप्त होगा। बहु प्रतीक्षित कार्यों में सफलता मिल सकती है।

मिथुन — आज पुराना लोन चुकाने में आपको सफलता मिल सकती है। बिना मांगे किसी को राय न दें। परिजन आपके विचारों और भावों को काफी महत्व देंगे। आपका दृष्टिकोण सकारात्मक रहेगा। आपको सभी प्रयासों में सफलता मिलेगी।

कर्क — आज अपने काम के प्रति उदासीनता के कारण परेशान हो सकते हैं। बहुत महत्वपूर्ण कार्यों से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। दूसरों पर आपको ज्यादा निर्भर नहीं रहना चाहिए। अपनी दिनचर्या के प्रति लापरवाही न रखें।

सिंह — आज संतान के प्रति विश्वास बनाए रखें। आपके ऊपर काम का दबाव कम होगा। व्यवसाय में कुछ नया परिवर्तन कर सकते हैं। व्यावसायिक उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहेगा।

कन्या — आज ससुराल पक्ष से मान-सम्मान प्राप्त होगा। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिजनों के प्रति अच्छा व्यवहार रखें। योजनाओं को उचित तरीके से क्रियान्वित कर पाएंगे। बेरोजगार लोगों को जॉब मिल सकती है। उधार धन के लेन-देन से आपको बचना चाहिए।

तुला — आज सोशल मीडिया में काफी सक्रिय रहेंगे। भोजन में शुद्धता का विशेष ध्यान रखें। आपकी बुद्धि और ज्ञान की प्रशंसा होगी। नए व्यवसाय में आपका मन लगेगा। परिवार के साथ सुखद समय बिताएंगे। सेहत का ध्यान रखें, क्योंकि सर्दी और कफ की समस्या हो सकती है।

वृश्चिक — आज आपको काफी सावधान रहना होगा। व्यावसायिक तनाव को घर पर न आने दें। नया वाहन खरीद रहे हैं तो उसके विषय में पूरी जानकारी ले लें। जिन लोगों पर आप आंख-मूंदकर भरोसा करते हैं हो सकता है वही आपको धोखा दे दें।

धनु — आज अपने मन की करें दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। पति-पत्नी के बीच संबंध मधुर होंगे। युवाओं को नए करियर के अवसर मिलेंगे। राजनीतिक लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं।

मकर — आज रिश्तेदारों से आपको मिलना पड़ सकता है। आपकी उपलब्धियों के कारण लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर चिन्तित रहेंगे। फाइनेंस संबंधी कार्यों को लेकर परेशानी होगी। महत्वपूर्ण पेपर्स को संभाल कर रखें।

कुंभ — आज कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ प्राप्त होगा। वैवाहिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे हो जाएंगे। रुका हुआ धन आपको मिल सकता है।

मीन — आज किसी परिजन के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइसेस में खराबी आ सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप दूसरों की सेवा में मन लगाएंगे। गलत खान-पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

आज की फिल्में

ताल
सुबह : 09 .33

तकदीर का तमाशा
रात : 07 .00

होगी प्यार की जीत
सुबह : 11 .07

यू-टर्न
रात : 08 .00

क्लैश ऑफ़ द टाइटंस
सुबह : 10 .19

मोर्टल कॉम्बेट
रात : 09 .00

बजरंगी 2
सुबह : 08 .59

फुकरे 3
रात : 07 .50

आरक्षण
सुबह : 11 .18

दृश्यम 2
रात : 08 .33

आज की सुपरहिट फिल्म

कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात : 08 .33 बजे

जोक्स ऑफ द डे

शादी के बाद पहली बार बहू रसोई में गई और रेसिपी बुक में पढ़कर खाना बना रही थी।
सास बाहर से लौटी, फ्रिज खोला, देखकर चौंक गई और पूछा - ये मंदिर का घंटा फ्रिज में क्यों रखा है?
बहू - बुक में लिखा है, सब चीजों का मिश्रण कर लें और एक "घंटा" फ्रिज में रखें।

पप्पू साइकिल से जा रहा था। अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की - घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू - अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी। अब क्या घंटी अलग से मारूं!

मैंथा बाजार भाव

चन्दौसी : शिवालिक- 900 फ्लैग- 1055 बोल्ड- 1100 डीएमओ- 800
रामपुर : शिवालिक-920 फ्लैग- 1030 डीएमओ-820 बोल्ड-1095

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल	
गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूँग खड़ा	10000-10500
मूँग दाल	10500-11000
मूँग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राजमा सफेद	13000-14000
राजमा काला	11500-12500

ट्रेड, सेवा क्षेत्र, रोजगार एवं कौशल विशेषज्ञों ने की चर्चा

आम बजट की तैयारियों को लेकर वित्त मंत्री लगातार कर रही हैं उद्योग जगत व अन्य मंत्रालयों के साथ बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को आम बजट 2024-25 की तैयारियों के मद्देनजर ट्रेड और सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ रोजगार एवं कौशल विकास क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ बजट-पूर्व चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर कहा कि बैठक में ट्रेड और सेवा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने सुझाव व विचार रखे। साथ ही दूसरी बैठक में वित्त मंत्री ने रोजगार एवं कौशल विकास क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ बजट पर चर्चा की। वित्त मंत्री ने इन बैठकों की अध्यक्षता की। बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव, वित्तीय सेवाओं के सचिव के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी इसमें शामिल हुए। चर्चा में श्रम मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमशिलता मंत्रालय के अधिकारियों शामिल हुए। वहीं वित्त मंत्री बजट की तैयारियों को लेकर लगातार अन्य मंत्रालयों के अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहीं हैं।

- चर्चा में श्रम मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमशिलता मंत्रालय के अधिकारी भी हुए शामिल

सरकार से पीएलआई योजना लाने की मांग

नई दिल्ली। चमड़ा और फुटवियर निर्यातकों के संगठन ने सरकार से रोजगार सृजन, घरेलू विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार चमड़ा उद्योग तक करने की मांग की। चमड़ा निर्यात परिषद (सीएलई) के चेयरमैन राजेंद्र जालान ने वित्त मंत्री के साथ बजट-पूर्व बैठक में यह मांग रखी। साथ ही सीएलई ने नम नीले चमड़े, क्रस्ट (टैनिंग के बाद सुखाए गए) चमड़े और तैयार चमड़े पर आयात शुल्क में छूट देने का आग्रह किया। जालान ने कहा, पीएलआई के लाभ में 6,000 करोड़ का निवेश और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 20 लाख अतिरिक्त रोजगार सृजन शामिल होगा।

कर कटौती, शुल्क ढांचे को युक्तिसंगत बनाने की मांग

नई दिल्ली। विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री निर्मला से अप्रत्यक्ष करों के बोझ को कम करने और शुल्क ढांचे को युक्तिसंगत बनाने का आग्रह किया। वित्त मंत्री के साथ उद्योग जगत के प्रतिनिधियों की बजट-पूर्व परामर्श बैठक दो घंटे चली। इसमें प्रतिनिधियों ने अपने-अपने उद्योगों के बारे में सरकार से बजट में जरूरी प्रावधान किए जाने की मांग रखी। निर्यातकों के संगठन फियो के अध्यक्ष अश्वनी कुमार ने वित्त मंत्री से ब्याज समानीकरण योजना को पांच वर्षों के लिए बढ़ाने का अनुरोध किया। यह योजना 30 जून, 2024 तक वैध है। कुमार ने कहा, दो साल में बढ़कर 6.5 प्रतिशत होने से ब्याज दरें बढ़ी हैं। ऐसी स्थिति में एमएसएमई क्षेत्र के निर्माताओं के लिए छूट दरों को 3 से 5 प्रतिशत तक बहाल किया जा सकता है।

मनरेगा हो 200 दिन, कृषि को लाया जाए दायरे में

आरएसएस से जुड़े भारतीय मजदूर संघ ने मनरेगा में रोजगार की अवधि 200 दिन बढ़ाने और इसके दायरे में कृषि और सहयोगी क्षेत्रों को शामिल करने की मांग की है। मजदूर संघ ने केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कहा कि आशा, आंगनवाडी, मिड-डे मील और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए। बजट में ग्रामीण विकास, छोटे उद्योगों, विनिर्माण, निर्यात और आधारभूत ढांचा क्षेत्र पर जोर दिया जाना चाहिए। बैठक में मजदूर नेताओं ने कहा कि सभी पेंशन योजनाओं में अंतिम वेतन का 50% और महंगाई भत्ता सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

7 से 9% की दर से बढ़ सकता है एफएमसीजी

नई दिल्ली, एजेंसी

उपभोग को बढ़ावा देने और रोजगार उत्पन्न करने वाली सरकारी पहल के दम पर रोजमर्रा के उपभोग के सामान (एफएमसीजी) क्षेत्र की वृद्धि दर 7 से 9% रहने की उम्मीद है। एफएमसीजी की क्षमता व मजबूत सरकारी समर्थन तथा डिजिटल बदलाव पहल के साथ इसे अनिश्चितताओं से पार पाने और मजबूती की स्थिति प्रदान करती है।

आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में एफएमसीजी निरंतर वृद्धि के लिए तैयार है। 2024 में इसमें 7 से 9% की वृद्धि होगी। इस क्षेत्र को मुद्रास्फीति के दबाव, उपभोक्ता भरोसे में कमी तथा मौजूदा बेरोजगारी दर जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। एफएफसीजी का बढ़ता हुआ आर्थिक प्रभाव 9.1 लाख करोड़ से अधिक है। एफएफसीजी के लिए ऑनलाइन बिक्री माध्यम भी बढ़ रहे हैं....डी2सी (डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर) जैसे खंड डिजिटल बदलाव और उपभोक्ता खरीद व्यवहार को दर्शाते हैं। कॉरपोरेट इंडिया रिस्क इंडेक्स की रिपोर्ट के अनुसार ऐसे डिजिटलीकरण ने उद्योग की क्षमता तथा उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के प्रति इसको रेखांकित किया है।

- आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस की रिपोर्ट में किया गया है खुलासा

सर्राफा

कानपुर	
चांदी 999 (प्रति किलो)	90900
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	73600
गिन्नी (प्रति नग)	54800-55000
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	72,550
सोना रवा	72,300
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	90,100
चांदी (999)	90,000
चांदी सिक्के (100 नग)	90,500
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	72300
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	71300
सिल्वर (पक्की)	887 (अनुमानित)

स्पेक्ट्रम नीलामी का पहला दिन सुस्त, 5 दौर में 11,000 करोड़ की लगीं बोलियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार 96,238 करोड़ के आरक्षित मूल्य पर 10,500 मेगाहट्र्ज की कर रही है नीलामी

मोबाइल सेवाओं में इस्तेमाल होने वाले दूरसंचार स्पेक्ट्रम की नीलामी के पहले दिन मंगलवार को ठंडी प्रतिक्रिया मिली और पांच दौर की नीलामी में करीब 11,000 करोड़ रुपये की बोलियां ही लगाई गईं। सरकार 96,238 करोड़ रुपये के आरक्षित मूल्य पर 10,500 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी कर रही है। इस नीलामी में दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियां बोलियां लगा रही हैं।

सूत्र के अनुसार, दूरसंचार कंपनियों ने पहले दिन की स्पेक्ट्रम नीलामी में 11,000 करोड़ रुपये की बोलियां लगाई हैं। नीलामी का छठा दौर बुधवार को होगा। नीलामी में रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया शिरकत कर रही हैं। दूरसंचार कंपनियां 5जी सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम हासिल करना चाह रही हैं। रिलायंस जियो ने इसके लिए सबसे अधिक 3,000 करोड़ की अग्रिम राशि जमा की है। इस आधार पर कंपनी बोली लगा सकती है। भारती एयरटेल ने 1,050 करोड़ और वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने 300 करोड़ की बयाना राशि जमा की है। पहले दिन की नीलामी रिपोर्ट के मुताबिक, बोलियां 900 और 1,800 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम के बैंड, तीन सर्किल में 2,100 मेगाहट्र्ज बैंड के लिए भी लगाई गईं। भारती एयरटेल की छह सर्किल में स्पेक्ट्रम अवधि खत्म हो रही है जबकि वोडाफोन आइडिया के दो सर्किल में स्पेक्ट्रम खत्म हो रहे हैं।

पीएलआई के दायरे में परिधान क्षेत्र लाने पर विचार : कपड़ा मंत्री

नई दिल्ली। कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कहा कि सरकार कपड़ा उद्योग के लिए स्वीकृत 10,000 करोड़ से अधिक की उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का विस्तार परिधान क्षेत्र तक करने पर विचार कर रही है। सिंह ने भारत अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेला में कहा कि कपड़ा के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात का लक्ष्य होना चाहिए। सरकार ने 2021 में कपड़े और घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए 10,683 करोड़ के परिव्यय के साथ कपड़ा क्षेत्र को पीएलआई के लिए मंजूरी दी थी।

वृद्धि में बाधक नहीं है ब्याज दर, महंगाई के नियंत्रण पर रहेगा जोर : दास

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि ऊंची ब्याज दर आर्थिक वृद्धि को बाधित नहीं कर रही है। उन्होंने साफ किया कि मौद्रिक नीति का ध्यान मुद्रास्फीति को कम करने पर बना रहेगा। दास ने उद्योग मंडल बॉम्बे चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यक्रम में कहा कि देश आर्थिक वृद्धि के स्तर पर प्रमुख संरचनात्मक बदलाव की दहलीज पर है। देश उस रास्ते पर बढ़ रहा है जहां सालाना आधार पर 8% वास्तविक जीडीपी वृद्धि बरकरार रखी जा सकती है। आमतौर पर यदि वृद्धि दर अच्छी है और यह बनी हुई है तो यह एक साफ संकेत है कि आपकी मौद्रिक नीति और आपकी ब्याज दरें वृद्धि के रास्ते में बाधा नहीं बन रही है। ऊंची ब्याज दर से वृद्धि प्रभावित होने पर जारी बहस के बीच दास ने कहा कि ऐसी चिंताएं निराधार हैं और वृद्धि की गति बनी हुई है। आरबीआई की नाउकास्टिंग टीम गतिशील तत्वों के आधार पर जून तिमाही के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.4% रहने का अनुमान है। यह केंद्रीय बैंक के अनुमान 7.3% से अधिक है। दास के अनुसार, उन्हें भरोसा है कि 2024-25 में अर्थव्यवस्था आरबीआई के अनुमान 7.2% की दर से बढ़ेगी। दास ने आने वाले समय में मुद्रास्फीति में कमी लाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए शतरंज का उदाहरण दिया। उन्होंने साफ किया कि एक गलत कदम हमें राह से भटका सकता है।

राष्ट्रीय

कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा लेते हैं मोदी

कांग्रेस अध्यक्ष बोले- 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों पर लगाए गए अघोषित आपातकाल ने लोकतंत्र-संविधान पर किया प्रहार

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी अपनी कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा लेते रहते हैं जबकि 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों पर लगाए गए अघोषित आपातकाल ने लोकतंत्र और संविधान पर प्रहार किया है।

खरगे ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा, देश भविष्य की ओर देख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी कमियों को छिपाने के लिए अतीत का सहारा लेते रहते हैं। 10 वर्षों में आपने 140 करोड़ भारतीयों को जो अघोषित आपातकाल का अहसास कराया, जिससे लोकतंत्र और संविधान पर प्रहार किया है। उन्होंने सवाल किया कि पार्टियों को तोड़ना, पिछले दरवाजे से चुनी सरकारों को गिराना, 95% विपक्षी नेताओं पर ईडी, सीबीआई, आईटी का दुरुपयोग करना, मुख्यमंत्री को जेल में डालना और चुनाव से पहले सत्ता का इस्तेमाल करके समान अवसर को खराब करना - क्या यह अघोषित आपातकाल नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सहमति और सहयोग की बात करते हैं, लेकिन उनके काम इसके उलट हैं। जब विपक्ष के 146 सांसदों को संसद से निलंबित किया गया और तीन कानून पारित किए गए, तब सहमति शब्द कहां था। विपक्ष से पूछे बिना महान हस्तियों की मूर्तियों को एक कोने में शिफ्ट कर दिया गया, जब 15 करोड़ किसान परिवारों पर तीन काले कानून थोपे गए और उन्हें सड़क पर बैठने के लिए मजबूर किया गया, तब सहमति शब्द कहां था। चाहे नोटबंदी हो, लॉकडाउन हो या फिर चुनावी बांड कानून हो, ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जिन पर मोदी सरकार ने सहमति या सहयोग का इस्तेमाल नहीं किया। विपक्ष की तो बात ही छोड़िए, अपने ही नेताओं को अंधेरे में रखा गया। भाजपा ने लोकतंत्र और संविधान को बर्बाद कर दिया है जबकि कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र एवं संविधान का समर्थन किया है।

- उन्होंने सवाल किए- पार्टियों को तोड़ना, सरकारों को गिराना क्या यह अघोषित आपातकाल नहीं

एक परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए कांग्रेस ने संविधान की भावना को कुचला

नई दिल्ली। भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपातकाल लगाने के लिए मंगलवार को कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि विपक्षी ने एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए संविधान की भावना को कई बार कुचला। 1975 में लगाए गए आपातकाल के 49 साल पूरे होने के मौके पर शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए उन्हें पार्टी का युवराज करार दिया और कहा कि वह भूल गए हैं कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया था और उनके पिता राजीव गांधी ने संसद में 23 जुलाई 1985 को कहा था कि आपातकाल में कुछ भी गलत नहीं था। उन्होंने एक्स किए पोस्ट में कहा, एक खास परिवार को सत्ता में बनाए रखने के लिए कांग्रेस ने संविधान की भावना को कई बार कुचला। इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान भारत के लोगों पर निर्मम अत्याचार किए। राजीव गांधी ने तो यहां तक कहा था, अगर देश का प्रधानमंत्री जो यह महसूस करता है कि इन परिस्थितियों में आपातकाल जरूरी है और फिर वह आपातकाल लागू नहीं करता है, तो वह प्रधानमंत्री बनने योग्य नहीं है।

लंदन जाने वाले विमान में बम की धमकी, संदिग्ध पकड़ा गया

कोच्चि, एजेंसी

लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान में सोमवार देर रात बम की मिली धमकी तलाशी के बाद फर्जी निकली और प्राधिकारियों ने धमकी भरा फोन करने के संदेह में 29 वर्षीय एक व्यक्ति को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया।

कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों ने विमान की तलाशी ली और कोई खतरा नहीं पाया जिसके बाद विमान को उड़ान की अनुमति दी गयी। मुंबई में एअर इंडिया के कॉल सेंटर पर सोमवार देर रात उड़ान एआई 149 के लिए बम की धमकी का फोन आया। इस विमान को कोच्चि से लंदन के लिए उड़ान भरनी थी। सूचना रात 11.22 बजे मिली जो एअर इंडिया और कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) को दी गयी। जांच में खुलासा हुआ कि मलप्पुरम जिले के कोंडोट्टी निवासी सुहैब (29) ने यह फोन किया था जिसे एआई 149 उड़ान से लंदन जाना था। हवाई अड्डे पर प्रवेश के दौरान एएसजी ने सुहैब, उसकी पत्नी तथा बेटी को रोक लिया, उसे पुलिस को सौंप दिया गया है।

नागपुर हवाई अड्डे को मिली दूसरी धमकी

नागपुर। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को मंगलवार तड़के 24 घंटे में दूसरी बार बम की धमकी मिली, लेकिन तलाशी में कुछ भी नहीं मिला। हवाई अड्डे के अधिकारी ने बताया कि आधी रात के बाद शौचालय में बम होने का ईमेल मिला था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सोमवार सुबह भी इसी तरह का ईमेल मिला था।

होर्डिंग गिरने के मामले में आईपीएस अधिकारी निलंबित

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने पुलिस प्रमुख की अनुमति के बिना मुंबई के घाटकोपर में जानलेवा होर्डिंग लगाने की मंजूरी देने के आरोप में आईपीएस अधिकारी कैसर खालिद को मंगलवार को निलंबित कर दिया।

तेरह मई को होर्डिंग गिरने की घटना में 17 लोगों की मौत हो गई और 74 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस त्रासदी के कारण लोगों में भारी आक्रोश फैल गया और जांच में होर्डिंग की स्थापना के संबंध में विभिन्न अनियमितताएं सामने आईं। खालिद रेलवे पुलिस के आयुक्त के रूप में तैनात थे, जब उन्होंने कथित तौर पर मानदंडों का उल्लंघन करते हुए होर्डिंग लगाने की अनुमति दी थी।

एक नजर

प्रज्ज्वल रेवन्ना फिर से 4 दिन की हिरासत में

बेंगलुरु। जनता दल (एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को यौन उत्पीड़न के मामले में फिर से पुलिस की हिरासत में भेज दिया गया है। उसकी पुलिस रिमांड की अवधि 29 जून तक बढ़ाई गई है। रेवन्ना के खिलाफ कई महिलाओं के यौन शोषण करने और उनकी वीडियो बनाने का आरोप है। साइबर अपराध मामले में रेवन्ना की पुलिस हिरासत 29 जून तक बढ़ा दी है।

लखीसराय में महिला नक्सली गिरफ्तार

लखीसराय। बिहार में लखीसराय जिले के चानन थाना क्षेत्र से पुलिस ने मंगलवार सुबह महिला नक्सली रानी देवी उर्फ रानी कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया। एसपी पंकज कुमार ने बताया कि सूचना पर गोबरदाहा कोड़ासी इलाके में छापेमारी की गयी। मौके से महिला नक्सली रानी देवी उर्फ रानी कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया।

वकील की हत्या में हाईकोर्ट बार के पूर्व अध्यक्ष गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मियां कयूम को 2020 में वकील बाबर कादरी की हत्या में कथित संलिप्तता के लिए मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ऑल पार्टी हुर्रियत कॉन्फ्रेंस और प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी से जुड़े कयूम को जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी हिरासत में लिया है।

डीजीपी को एनएचआरसी ने नोटिस भेजा, सीबी-सीआईडी ने जांच की तेज

तमिलनाडु शराब हादसा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने तमिलनाडु सरकार और प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर कल्लाकुरिची जिले में हुये जहरीली शराब हादसे में एक सप्ताह में रिपोर्ट देने के लिये कहा है। आयोग के अनुसार कल्लाकुरिची जहरीली शराब त्रासदी में मरने वालों की संख्या सोमवार को 59 हो गई, जबकि इससे पीड़ित 219 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। एनएचआरसी ने जारी बयान में कहा कि उसने मीडिया में आयी खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया है। वहीं सलेम के सरकारी मोहन कुमारमंगलम मेडिकल कॉलेज में एक और व्यक्ति की मौत के साथ मृतकों की संख्या 59 हो गई। सीबी-सीआईडी ने पीड़ितों के बयान दर्ज करके जांच तेज कर दी है। मामले की जांच कर रही सीबी-सीआईडी ने अब तक 12 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है।

मकान में आग लगने से परिवार के 4 लोगों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के द्वारका में प्रेम नगर इलाके के मकान में आग लगने से एक परिवार के 4 लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि विभाग को देर रात साढ़े तीन बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दो दमकल गाड़ियों को भेजा गया। मृतकों में हीरा सिंह कक्कड़ (48), उसकी पत्नी नीतू (40) और उनके बेटे रॉबिन (22) और लक्ष्य (21) है। कक्कड़ फोटोग्राफर था और घर का मालिकाना हक उसके परिवार के पास था। डीएफएस के अधिकारी ने बताया कि आग दो मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर इन्वर्टर में लगी जो पास रखे सोफे तक फैल गई। आग लगने के कारण दम घुटने से चार लोगों की मौत हो गई।

सफदरजंग अस्पताल में लगी आग, नर्स को बचाया

नई दिल्ली। सफदरजंग अस्पताल में पुराने आपात चिकित्सा भवन के भंडार कक्ष में मंगलवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन विभागके अधिकारियों ने बताया कि भवन की तीसरी मंजिल से नर्स को उतारकर सुरक्षित बाहर लाया गया। अस्पताल के अधिकारी ने बताया कि आग से किसी मरीज पर कोई असर नहीं पड़ा है। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह 10.40 बजे पर आग लगने की सूचना मिली।

परीक्षा सुधारों पर केंद्र की समिति अभिभावकों, छात्रों से बात करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रतियोगी परीक्षाएं 'नीट' और 'नेट' में कथित गड़बड़ी को लेकर उपजे विवाद के बीच, परीक्षा सुधारों पर शिक्षा मंत्रालय की समिति परीक्षा प्रक्रिया से जुड़ी चिंताओं और चुनौतियों को समझने के लिए अभिभावकों एवं छात्रों के साथ बातचीत करेगी।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख आर. राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली सात सदस्यीय समिति ने अपनी पहली बैठक सोमवार शाम को की। राधाकृष्णन ने मंगलवार को कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता छात्रों और अभिभावकों से उनकी चिंताओं और सुझावों को जानना है। जहां तक संभव हो व्यक्तिगत रूप से या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से उनसे जुड़ने जा रहे हैं। अगली प्राथमिकता परीक्षा शुरू करने के लिए शीघ्रता से एक मजबूत प्रणाली बनाना है। एक मजबूत, त्रुटिरहित और एक ऐसी प्रणाली विकसित करने पर गौर कर रहे हैं जो छात्रों की परेशानी और तनाव को कम करेगा। सूत्रों के अनुसार, समिति मौजूदा स्थिति और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों का जायजा लेगी। समिति को एजेंसी की मौजूदा प्रक्रियाओं और कामकाज से अवगत कराया गया। समिति ने एनटीए के माध्यम से होने वाली परीक्षाओं और उम्मीदवारों के आंकड़ों पर भी गौर किया। समिति ने गौर किया कि कौन सी परीक्षा कागज-कलम और कौन सी कंप्यूटर से कराई जाए।

नीट और नेट विवाद

- राधाकृष्णन बोले- परीक्षा करने के लिए बनानी होगी मजबूत प्रणाली
- इसरो के पूर्व प्रमुख की सात सदस्यीय समिति ने की बैठक

समिति के सुझाव होंगे लागू

बैठक के दौरान समिति ने साइबर सुरक्षा के मुद्दों और डार्कनेट द्वारा उत्पन्न चुनौतियों पर भी चर्चा की, जहां यूजीसी-नेट परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हुआ था। प्रश्नपत्र लीक होने के बाद इसके अगले ही दिन शिक्षा मंत्रालय ने इसको रद कर दिया था। मंत्रालय के अनुसार, समिति के सुझाए सुधारों को अगले सत्र की परीक्षा में लागू किये जाने की संभावना है। समिति दो महीने में रिपोर्ट सौंप देगी और अगले सत्र की परीक्षा तक के लागू करने के लिए मंत्रालय योजना तैयार कर सकता है।

हाईकोर्ट के आदेश के बाद नाबालिग रिहा

पोर्श दुर्घटना मामला

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने मंगलवार को निर्देश दिया कि पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में कथित रूप से शामिल 17 वर्षीय किशोर को रिहा किया जाए, क्योंकि उसे निगरानी गृह भेजने का आदेश अवैध था। किशोर को 19 मई को दुर्घटना के कुछ घंटों बाद ही जमानत मिल गई थी, लेकिन विरोध प्रदर्शन से तीन दिन बाद उसे निगरानी गृह भेजा गया था। उसे हाईकोर्ट के आदेश के बाद शाम को रिहा कर दिया गया।

पुलिस का दावा है कि 19 मई की सुबह शराब के नशे में कार चला रहे किशोर ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी थी, जिससे दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने कहा कि न्याय को हर चीज से ऊपर रखना अदालत का कर्तव्य है और वह इस भयावह दुर्घटना के कारण पैदा हुए रोष से प्रभावित नहीं हो सकती। कोर्ट ने कहा कि पीड़ित और उनके परिवारों के प्रति हमारी पूरी सहानुभूति है, लेकिन अदालत के रूप में हम कानून को लागू करने के लिए बाध्य हैं। यह आदेश किशोर की चाची की याचिका पर पारित हुआ, जिन्होंने दावा किया था कि लड़के को अवैध रूप से हिरासत में रखा गया। कोर्ट ने किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) द्वारा नाबालिग को सुधार गृह में भेजने के आदेश को मंगलवार को रद कर दिया। कोर्ट ने कहा, हम याचिका को स्वीकार करते हैं और उसकी रिहाई का आदेश देते हैं। किशोर याचिकाकर्ता के पास रहेगा। हाईकोर्ट ने कहा कि जेजेबी के रिमांड आदेश अवैध थे और बिना अधिकार क्षेत्र के सुनाए गए थे। अदालत ने मामले से निपटने के तरीके पर पुलिस को भी फटकार लगाते हुए कहा, हमारा मत है कि कानून का शासन कायम रहना चाहिए, चाहे स्थिति कितनी भी भयावह क्यों न हो।

शिक्षक पात्रता परीक्षा में अनियमितता का आरोप, कांग्रेस ने की जांच की मांग

रायपुर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीजी-टीईटी) 2024 के दौरान धमतरी जिले के केंद्र में अनियमितता का आरोप लगाते हुए मंगलवार को जांच कराने की मांग की। बघेल ने संबंधित केंद्र के अभ्यर्थियों को परीक्षा में फिर से बैठने का मौका देने की भी मांग की।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 23 जून को आयोजित सीजी टीईटी परीक्षा हुई थी। बघेल ने दावा किया कि धमतरी के भखारा केंद्र महर्षि वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय में सीजी-टीईटी परीक्षा के आयोजन में अनियमितताएं सामने आई हैं। इस केंद्र पर अपराह्न दो बजे से शाम 4:45 बजे तक दूसरी पाली में 400 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

एसआई प्रश्नपत्र लीक मामला : मुख्य आरोपी को 7 दिन की हिरासत में

जम्मू। जम्मू की विशेष न्यायाधीश बाला ज्योति ने मंगलवार को 2022 के जेकेएसएसबी उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले के मुख्य आरोपी को सात दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। हरियाणा के रेवाड़ी निवासी यतिन यादव को गिरफ्तार किया गया था।

अफगानिस्तान की जीत के साथ डेविड वार्नर का सफर खत्म

किंग्सटाउन, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डेविड वार्नर के उपलब्धियों और विवादों से भरे 15 साल लंबे अंतर्राष्ट्रीय करियर का मंगलवार को टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान की बांग्लादेश पर जीत के साथ निराशाजनक अंत हो गया।

अफगानिस्तान की जीत के साथ पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहा। बांग्लादेश के खिलाफ जीत के साथ 2021 का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया सिर्फ दो अंक के साथ सुपर आठ ग्रुप एक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ चौंकाने वाली हार के अलावा भारत के खिलाफ भी शिकस्त झेलनी पड़ी।

संन्यास

- **37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में खेला**

जनवरी 2009 में टी20 मुकाबले के साथ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 37 वर्षीय वार्नर ने अपना अंतिम अंतर्राष्ट्रीय मैच 24 जून को ग्रॉस आइलेट में भारत के खिलाफ खेला, जिसमें ऑस्ट्रेलिया को 24 रन से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों में से एक वार्नर को गॉर्ड ऑफ ऑनर नहीं मिल सका। अपने अंतिम मुकाबले में उन्होंने छह गेंद में छह रन बनाए और अर्शदीप सिंह की गेंद पर सूर्यकुमार यादव को कैच दे बैठे। वह सिर झुकाए मैदान से बाहर चले गए, उन्हें नहीं पता था कि यह उनका आखिरी मैच था या नहीं। वार्नर ने नवंबर 2023 में भारत में विश्व कप फाइनल जीत के रूप में अपना आखिरी एकदिवसीय मैच और इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम टेस्ट खेला। उन्होंने काफी पहले ही संकेत दे दिया था कि यह टी20 विश्व कप उनका अंतिम अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा।

वार्नर ने 110 मैच में 33.43 के औसत और 142.47 के स्ट्राइक रेट से 3,277 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर और दुनिया के सातवें सबसे सफल बल्लेबाज के रूप में टी20 प्रारूप से संन्यास लिया। उन्होंने सबसे छोटे प्रारूप में एक शतक और 28 अर्द्धशतक बनाए। उन्होंने 2011 से 2024 के बीच 112 टेस्ट में 44.59 की औसत से 26 शतक और 37 अर्द्धशतक के साथ 8,786 रन बनाए जबकि 161 एकदिवसीय मुकाबलों में 22 शतक और 33 अर्धशतक की मदद से 45.30 की औसत से 6,932 रन जोड़े। वार्नर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 49 शतक और 19,000 के करीब रन बनाए। उन्होंने स्वीकार किया था कि उनका नाम हमेशा के लिए 'सैंडपेपर गेट प्रकरण' से जुड़ा रहेगा जो 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान केपटाउन के न्यूलैंड्स में हुआ था।

49 अंतर्राष्ट्रीय शतक और 19000 के करीब रन

110 टी20 मैच में 33.43 का औसत और 142.47 का स्ट्राइक रेट

112 टेस्ट में 26 शतक और 37 अर्द्धशतक

161 एकदिवसीय में 22 शतक और 33 अर्धशतक

01 शतक और 28 अर्धशतक लगा टी20 में आस्ट्रेलिया के सर्वोच्च स्कोरर बने

टी20 विश्वकप सुपर-8 अंक तालिका

ग्रुप-1

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
भारत	3	3	0	6	2.017
अफगानिस्तान	3	2	1	4	-0.305
आस्ट्रेलिया	3	1	2	2	-0.331
बांग्लादेश	3	0	3	0	-1.709

ग्रुप-2

टीमें	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
दक्षिण अफ्रीका	3	3	0	6	0.599
इंग्लैंड	3	2	1	4	1.992
वेस्टइंडीज	3	1	2	2	0.963
अमेरिका	3	0	3	0	-3.906

अफगानिस्तान ने रचा इतिहास

बांग्लादेश को आठ रन से हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचे

किंग्सटाउन, एजेंसी

अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से बांग्लादेश को आठ रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश करके इतिहास रच दिया। जैसे ही नवीनुल हक ने 18वें ओवर की चौथी गेंद पर तस्कीन अहमद का विकेट लिया, उनके साथी खिलाड़ियों से लेकर स्टेडियम में मौजूद समर्थकों तक की आंखें भर आईं। अब सेमीफाइनल में 27 जून को अफगानिस्तान का सामना दक्षिण अफ्रीका और भारत की टक्कर इंग्लैंड से होगी।

इससे पहले बांग्लादेश के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को पांच विकेट पर 115 रन पर रोक दिया। लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाये। सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 43 रन बनाने के लिए 55 गेंदें खेल डाली। जवाब में अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 17.5 ओवर में 105 रन पर आउट कर दिया। राशिद खान ने 23 रन देकर और तेज गेंदबाज नवीनुल हक ने 26 रन देकर चार-चार विकेट चटकाए। बांग्लादेश के लिए लिटन दास (नाबाद 54) अकेले टिके रहे। बारिश के कारण खेल कई बार रुका। गुरबाज और इब्राहिम जदरान ने 59 रन की साझेदारी की तो फजलहक फारूकी और नवीनुल ने नयी गेंद से विकेट लिए।

शुरुआती विकेट लेने के आदी फारूकी ने तंजीद हसन को दूसरे ही ओवर में पवेलियन भेजा। इसके बाद नवीनुल ने नजमुल हुसैन शांतो और शाकिब अल हसन के कीमती विकेट लिए। बांग्लादेश का स्कोर उस समय तीन विकेट पर 31 रन था जब बारिश के कारण खेल रुका।

- **नवीनुल हक और राशिद खान ने चार-चार विकेट चटकाए**
- **सेमीफाइनल में 27 जून को दक्षिण अफ्रीका से अफगानिस्तान का सामना**

नवीनुल हक

खेल बहाल होने पर पावरप्ले के छह ओवर में उसने तीन विकेट पर 46 रन बना लिये थे। ऐसे में राशिद ने गेंद संभाली और लगातार ओवरों में विकेट लिए। उन्होंने लगातार दो विकेट लेकर टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 150 विकेट पूरे करके न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पछाड़ा। एक बार फिर बारिश से खलल पड़ा, जब बांग्लादेश डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर पीछे थी। ऐसे में अफगानिस्तान के हरफनमौला गुलबदिन नायब अचानक ऐंठन के कारण गिर पड़े, जिसे खेल में विलंब करने का शिगूफा माना जा रहा है।

स्कोर बोर्ड

अफगानिस्तान 115/5 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
गुरबाज का सरकार बो हुसैन	43	55	3/1
जदरान का हसन साकिब बो हुसैन	18	29	1/0
उमरजई का दास बो रहमान	10	12	0/0
गुलबदिन का सरकार बो हुसैन	04	03	1/0
नबी का शांतो बो अहमद	01	05	0/0
करीम जनत नाबाद	07	06	1/0
राशिद खान नाबाद	19	10	0/3

अतिरिक्त : 13 रन, **विकेट पतन** : 1-59, 2-84, 3-88, 4-89, 5-93

गेंदबाजी : हसन साकिब 4-0-36-0, अहमद 4-1-12-1, शाकिब 4-0-19-0, रहमान 4-0-17-1, हुसैन 4-0-26-3

बांग्लादेश 105/10 (17.5 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
लिटन दास नाबाद	54	49	5/1
तंजीद पगबाधा बो फारूकी	00	03	0/0
शांतो का नबी बो नवीनुल हक	05	05	1/0
शाकिब का और बो नवीनुल हक	00	01	0/0
सौम्या सरकार बो राशिद	10	10	1/0
तौहीद का जदरान बो राशिद	14	09	2/0
महमूदुल्लाह का इशाक बो राशिद	06	09	1/0
रिशाद बो राशिद	00	01	0/0
तंजीम का नबी बो गुलबदीन	03	10	0/0
तस्कीन बो नवीनुल हक	02	09	0/0
मुस्ताफिजुर बो नवीनुल हक	00	01	0/0

अतिरिक्त- 11 रन, **विकेट पतन** : 1-16, 2-23, 3-23, 4-48, 5-64, 6-80, 7-80, 8-92, 9-105

गेंदबाजी : नवीनुल 3.5-0-26-4, फारूकी 2-0-15-1, नबी 2-0-15-0, राशिद 4-0-23-4, नूर 4-0-13-0, नायब 2-0-5-1

सुपर-8 मुकाबलों में टीम का प्रदर्शन

47 रन से भारतीय टीम से मिली हार

21 रन से ऑस्ट्रेलिया को हराकर किया उलटफेर

08 रन से बांग्लादेश टीम को मात दी

राशिद खान

खेल डायरी

तेजिंदर तूर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हटे

नई दिल्ली। भारत के गोला फेंक के शीर्ष खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर टखने में दर्द के कारण गुरुवार से पंचकूला में शुरू हो रही राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप से हट गए जो आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों की अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता है। वह गत एशियाई चैंपियन और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता हैं। तूर ने पीटीआई को बताया, अभी मेरे टखने में थोड़ा दर्द है और मेरे डॉक्टर ने तीन से चार हफ्तों तक थ्रो नहीं करने के लिए कहा है। भारत के 29 साल के तूर के नाम कुछ समय पहले तक 21.77 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड था। सऊदी अरब के मोहम्मद दाओबा तोलो ने 21 जून को मैड्रिड में एस्टाडियो वालेहर्मोसो प्रतियोगिता में 21.80 मीटर के प्रयास के साथ उनके रिकॉर्ड को तोड़ा।

यूरो 2024 : स्पेन ने अल्बानिया को हराया

डसेलडोर्फ (जर्मनी)। स्पेन ने अपनी पूरी टीम लगभग बदलने के बावजूद यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में अल्बानिया को 1-0 से हराया। नॉकआउट चरण में पहले ही प्रवेश कर लेने के बाद स्पेन के कोच लुईस डे ला फुऐंते ने शुरूआती टीम में दस बदलाव किए। स्पेन ने 2008 में खिताब जीता था। स्पेन के लिये 13वें मिनट में फेरान टोरेस ने गोल किया और स्टॉपेज टाइम में गोलकीपर डेविड राया ने गोल बचाया। पूरे ग्रुप चरण में स्पेन ने एक भी गोल नहीं गंवाया। ग्रुप बी से इटली ने क्रोएशिया से 1-1 से ड्रॉ खेलकर अगले चरण में जगह बनाई।

भारत-इंग्लैंड मैच में गफ्फनी-टकर अंपायर

दुबई। न्यूजीलैंड के क्रिस गफ्फनी और ऑस्ट्रेलिया के रॉडनी टकर भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार को गुयाना के प्रोविडेंस में होने वाले टी20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल के लिए मैदानी अंपायर होंगे। जोएल विल्सन इस मैच में टीवी अंपायर जबकि पॉल रीफेल चौथे अंपायर होंगे। न्यूजीलैंड के जेफरी क्रो मैच रेफरी की भूमिका निभाएंगे। इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और भारत के नितिन मेनन त्रिनिदाद और टोबैगो के तारौबा में दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच होने वाले पहले सेमीफाइनल में मैदानी अंपायर होंगे।

डीएलएस के सहनिर्माता फ्रैंक डकवर्थ का निधन

नयी दिल्ली। क्रिकेट के वर्षा प्रभावित मैचों में परिणाम निर्धारित करने के लिए प्रयुक्त होने वाली डकवर्थ-लुईस-स्टर्न पद्धति (डीएलएस) के सह निर्माताओं से एक फ्रैंक डकवर्थ का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। डकवर्थ ने साथी सांख्यिकीविद् टोनी लुईस के साथ बारिश या अन्य कारकों से बाधित सीमित ओवरों के मैचों में निष्पक्ष परिणाम सुनिश्चित करने के लिए डीएलएस नियम को तैयार किया था। यह नियम पहली बार 1997 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लागू किया गया था। वर्ष 2001 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने इसे आधिकारिक रूप से अपनाया। वर्ष 2014 में डकवर्थ और लुईस के सेवानिवृत्त होने के बाद उनके योगदान को मान्यता दी।

नफीस, बोपाना की एशियाई जूनियर स्क्वाश में जीत से शुरुआत

इस्लामाबाद। भारत के युशा नफीस और ध्रुव बोपाना ने मंगलवार को अपने प्रतिद्वंद्वियों को आसानी से हराकर 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। छठी वरीयता प्राप्त नफीस ने लड़कों के अंडर-17 वर्ग में पाकिस्तान के उबैद उल्लाह को 11-7 10-12 11-5 11-4 से, जबकि बोपाना ने लड़कों के अंडर-13 वर्ग में ईरान के अमीररेज़ा अल्वानसाज़ याज़दी को 11-4 11-2 11-7 से हराया।

कोपा अमेरिका : ब्राजील ने कोस्टा रिका से गोलरहित ड्रॉ खेला

इंगलवुड (अमेरिका)। ब्राजील को कोपा अमेरिका फुटबॉल के पहले मैच में कोस्टा रिका ने गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। नौ बार की चैम्पियन ब्राजील ने गेंद पर नियंत्रण और विरोधी गोल पर हमलों में दबदबा बनाया लेकिन कोस्टा रिका के गोलकीपर पैट्रिक सिक्वेरा काफी मुस्तैद थे, जिन्होंने तीन गोल बचाये। पहले हाफ में वीएआर चेक के बाद ब्राजील के मारकिन्होस का एक गोल अमान्य करार दिया गया। इस मैच के बाद कोलंबिया ग्रुप डी में शीर्ष पर है।

जश्न में अफगानिस्तान, दुनिया ने की तारीफ

काबुल, एजेंसी

दिग्गजों को जमींदोज करके टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची अफगानिस्तान क्रिकेट टीम की इस उपलब्धि ने पूरे देश को जश्न में सराबोर कर दिया और लोग सड़कों पर खुशियां बांटने निकल पड़े।

बांग्लादेश के खिलाफ सुपर आठ चरण के वर्षा बाधित मैच में अफगानिस्तान ने आठ रन से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही उसने ऑस्ट्रेलिया जैसे दिग्गज को भी बाहर कर दिया। इससे पहले ग्रुप चरण में उसने न्यूजीलैंड को हराया था। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपने शहरों की तस्वीरें एक्स पर डाली हैं। इसके साथ कैप्शन दिया है, देखो कि सफलता के हमारे लिये क्या मायने हैं। एक और पोस्टर में हजारों प्रशंसकों को सड़कों, अपने घरों की बालकनी और दुकानों की छतों पर जश्न मनाते देखा गया। कैप्शन में कहा गया उन्हें पता है कि टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान के नायकों की जीत का जश्न कैसे मनाना है।

"क्या शानदार मैच था। अफगानिस्तान टीम को बधाई। – **टॉम मूडी, पूर्व हरफनमौला, ऑस्ट्रेलिया**

दिग्गज बोले-

"अफगानिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचना अतुलनीय है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसी टीमों को हराया। यह जीत प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत की देन है। आपकी प्रगति पर गर्व है। – **सचिन तेंदुलकर, पूर्व बल्लेबाज, भारत**

"क्या शानदार जीत। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचना। इसे ही तरक्की कहते हैं। बधाई हो। – **वीरेंद्र सहवाग, पूर्व सलामी बल्लेबाज, भारत**

"शानदार नजारा। जबर्दस्त जीत। रोमांचक मैच। जज्बातों का सैलाब। पठान पहली बार सेमीफाइनल में। नवीनुल हक का मैच विनिंग प्रदर्शन। बेजोड़ क्रिकेट। – **युवराज सिंह, पूर्व बल्लेबाज, भारत**

पहले मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी

गत चैंपियन भारत श्रीलंका के दाम्बुला में होने वाले महिला टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत 19 जुलाई को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। यह टूर्नामेंट 19 से 28 जुलाई तक खेला जाएगा, जिसमें महाद्वीप की आठ टीमें हिस्सा लेंगी। पिछली बार के विपरीत इस साल आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल को ग्रुप ए में जगह मिली है जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड और मलेशिया ग्रुप बी में हैं।

एशियाई क्रिकेट परिषद द्वारा जारी अपडेट कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बाद भारत 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से भिड़ेगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी जो 26 जुलाई को खेले जाएंगे। फाइनल 28 जुलाई को होगा। टूर्नामेंट में एक बार फिर मैच अधिकारी की भूमिका में सभी महिला अधिकारी होंगी।

महिला टी20 एशिया कप

- **19 जुलाई को पाकिस्तान, 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से होगा सामना**

मंधाना और हरमनप्रीत वनडे रैंकिंग में शीर्ष 10 में

दुबई, एजेंसी

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गईं जबकि उपकप्तान स्मृति मंधाना एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गईं। मंधाना के 738 जबकि हरमनप्रीत के 648 रेटिंग अंक हैं।

मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई तीन मैच की श्रृंखला में 343 रन बनाकर शीर्ष 10 में अपनी जगह बनाए रखी। दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट ने शीर्ष रैंकिंग हासिल करने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। वह तीन पायदान चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं तथा इंग्लैंड की नंबर एक बल्लेबाज नैट साइवर ब्रंट से केवल 16 अंक पीछे हैं। दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला के तीनों मैच में हार गया था लेकिन वोलवार्ट ने दूसरे मैच में नाबाद 135 रन की पारी खेली थी। गेंदबाजी में भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा चौथे स्थान पर बनी हुई हैं। उनके 671 रेटिंग अंक हैं।

- **मंधाना के 738 जबकि हरमनप्रीत के 648 रेटिंग अंक**

मोडरिच गोल करने वाले सबसे उम्रदराज फुटबॉलर बने

यूरो चैम्पियनशिप

लीपजिग (जर्मनी)। संभवतः अपना आखिरी टूर्नामेंट खेल रहे क्रोएशिया के लुका मोडरिच ने इटली के खिलाफ गोल किया तो वह यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। उन्हें प्लेयर आफ द मैच पुरस्कार भी मिला लेकिन वह इसका जश्न मनाने के मूड में नहीं थे। इटली के मात्तिया जाकानी ने स्टॉपेज टाइम के आठवें मिनट में गोल कर दिया। इससे क्रोएशिया की नॉकआउट चरण में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। अब उसे दूसरे मैचों के नतीजे पक्ष में आने की दुआ करनी होगी। 38 वर्ष 289 दिन के मोडरिच ने 55वें मिनट में रिबाउंड पर गोल दागा।

उत्तर प्रदेश के मोहम्मद अर्श भारतीय बैडमिंटन टीम में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश के उभरते बैडमिंटन खिलाड़ी मोहम्मद अर्श का चयन भारतीय बैडमिंटन टीम में किया गया है। इंडोनेशिया में आयोजित होने वाली एशियन जूनियर चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली भारतीय टीम में वह शामिल होंगे।

बांदा शहर के बलखंडी नाका निवासी अर्श ने राष्ट्रीय स्तर पर दमदार प्रदर्शन करते हुए कई महत्वपूर्ण खिताब जीतकर अपनी पहचान बनाई है। गुवाहाटी के अमिंगम में 10 से 24 जून तक प्रशिक्षण कैंप करने के बाद अर्श 18 सदस्यीय भारतीय टीम के साथ मंगलवार को दिल्ली से इंडोनेशिया के लिए रवाना हो गये। इंडोनेशिया में 28 जून से 7 जुलाई तक आयोजित होने वाली एशियन जूनियर चैंपियनशिप टूर्नामेंट में मोहम्मद अर्श जीत के लिए जोर आजमाइश करेंगे। यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव सुर्धमा सिंह ने बताया कि अर्श ने कम समय में ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। युगल खिलाड़ी के तौर पर उनका प्रदर्शन धमाकेदार रहा है। आगे भी उनसे दमदार प्रदर्श की उम्मीद है। अर्श की सफलता से प्रदेश के अन्य युवा शटलर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होंगे।

ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे घुड़सवार अनुष अग्रवाल

नई दिल्ली, एजेंसी

एशियाई खेलों के पदक विजेता घुड़सवार अनुष अग्रवाल पेरिस ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। अनुष ने बेहतर औसत के कारण करीबी मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा। भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में टीम ड्रेसेज स्पर्धा का स्वर्ण और व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा का कांस्य पदक जीतने वाले अनुष को श्रुति पर तरजीह दी गई। दोनों खिलाड़ियों के हाल के प्रदर्शन के विश्लेषण के बाद अनुष को चुना गया। ओलंपिक की ड्रेसेज स्पर्धा में पहली बार कोई भारतीय घुड़सवार हिस्सा लेगा। इससे पहले भारत के घुड़सवारों ने इवेंटिंग स्पर्धा में ही हिस्सा लिया है।

- **अनुष ने बेहतर औसत के कारण मुकाबले में श्रुति वोरा को पछाड़ा**



अनुष (अपने घोड़े सर कैरामेलो ओल्ड के साथ) ने पिछले साल शुरू हुए क्वालीफिकेशन चक्र के दौरान प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई और न्यूनतम पात्रता आवश्यकता (एमईआर) को चार बार पूरा किया जबकि अनुभवी श्रुति ने इस महीने दो बार एमईआर हासिल किया। उनका औसत स्कोर 67.695 प्रतिशत था जो श्रुति के 67.163 प्रतिशत से बेहतर था। ईएफआई द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार पेरिस खेलों में पात्र होने के लिए राइडर और घोड़े के संयोजन को एक जनवरी 2023 और 24 जून 2024 के बीच दो बार न्यूनतम 67 प्रतिशत हासिल करना आवश्यक है। ईएफआई की कार्यकारी परिषद ने अनुष को सर्वसम्मति से चुना। फवाद मिर्जा ने 2020 तोक्यो खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

चंद्रमा की सतह से नमूने लेकर पृथ्वी पर लौटा चीनी चंद्रयान

बीजिंग, एजेंसी

चीन का चांग ए 6 अंतरिक्ष यान पहली बार चंद्रमा के सुदूर एवं अंधेरी सतह से चट्टान और मिट्टी के नमूने एकत्रित करने का ऐतिहासिक मिशन पूरा करने के बाद मंगलवार को पृथ्वी पर लौट आया। यह चीन के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक प्रमुख उपलब्धि है।

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने चांग ए 6 मिशन की सफलता पर बधाई दी। चीन का इस तरह के क्षेत्र से नमूने एकत्रित करने वाला पहला अभियान है। इससे पहले भारत अगस्त 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र के समीप उतरने वाला पहला देश बन गया था। उसका चंद्रयान-3 का लैंडर सफलतापूर्वक वहां उतरा था।

चांग ए 6 मिशन को 3 मई को प्रक्षेपित किया गया था

चांग ए चंद्र मिशन का नाम चीन की पौराणिक चंद्रमा देवी के नाम पर रखा गया है। एक ऑर्बिटर, एक रिटर्नर, एक लैंडर और एक आरोहक के साथ चांग ए 6 मिशन को इस साल 3 मई को प्रक्षेपित किया गया था।

नासा ने अंतरिक्ष पर चहलकदमी की योजना की रद

वाशिंगटन। नासा ने एक अंतरिक्ष यात्री के स्पेससूट से पानी के रिसाव के बाद अंतरिक्ष में चहलकदमी की योजना रद कर दी है। स्पेससूट अंतरिक्ष में अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा पहना जाने वाला विशेष परिधान होता है।

यात्रियों ट्रेसी डायसन और माइक बैरेट ने अंतरिक्ष स्टेशन के एयरलॉक के हैच को खोला तभी डायसन ने अपने स्पेससूट की शीतलन प्रणाली से पानी के रिसाव की सूचना दी जिसके बाद अंतरिक्ष पर चलहकदमी की योजना रद कर दी गई। बैरेट ने कहा यहां अब हर जगह पानी है। नासा ने बताया कि दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को कोई खतरा नहीं है।

खुफिया जानकारी लीक करने वाले जूलियन असांजे रिहा

वाशिंगटन, एजेंसी

विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को पांच साल बाद ब्रिटिश जेल से रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार विकीलीक्स ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें असांजे लंदन के स्टैनस्टेड हवाई अड्डे पर विमान में सवार होते हुए दिखाई दे रहे हैं।

यह घोषणा उस खबर के तुरंत बाद की गई, जिसमें बताया गया था कि असांजे इस सप्ताह के अंत में अमेरिका के जासूसी कानून का उल्लंघन करने के लिए दोषी होने की दलील देने वाले हैं। इस समझौते के तहत वह अपने गृह देश ऑस्ट्रेलिया वापस लौट सकेंगे। अमेरिकी अभियोजकों ने अदालती दस्तावेजों में कहा कि 52 वर्षीय असांजे ने वर्गीकृत अमेरिकी राष्ट्रीय रक्षा दस्तावेजों को प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश रचने के एक आपराधिक मामले में दोषी होने की दलील देने पर सहमति व्यक्त की है। द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में उत्तरी मारियाना द्वीप समूह के लिए अमेरिका के जिला न्यायालय में दाखिल दस्तावेजों का हवाला दिया। अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा दायर पत्र में कहा गया है प्रतिवादी अमेरिका की राष्ट्रीय रक्षा से संबंधित वर्गीकृत जानकारी को अवैध रूप से प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश रचने के (आपराधिक) सूचना के आरोप में दोषी होने की दलील देगा। अमेरिका यह कहता रहा है कि इराक और अफगानिस्तान युद्धों के बारे में जानकारी का खुलासा करने वाली विकीलीक्स फाइलों ने लोगों की जान को खतरे में डाला। चीन की शिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पत्र के साथ दायर की गई आपराधिक जानकारी में कहा गया है कि असांजे ने चेल्सी मैनिंग के साथ जानबूझकर और गैरकानूनी तरीके से साजिश रची और राष्ट्रीय रक्षा से जुड़े दस्तावेज, लेखन और नोट्स प्राप्त किए तथा जानबूझकर दस्तावेजों को उन लोगों को भेजा जो उन्हें प्राप्त करने के हकदार नहीं थे। बीबीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि असांजे ने पिछले पांच साल ब्रिटिश जेल में बिताए।

- ब्रिटिश जेल से छूटे, देर शाम लंदन से पकड़ी उड़ान

अमेरिका के साथ समझौते के तहत आज आरोप करेंगे स्वीकार

वाशिंगटन। विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे अमेरिकी न्याय विभाग के साथ किए गए एक समझौते के तहत बुधवार को गंभीर आरोप स्वीकार करेंगे। जिससे गोपनीय दस्तावेज प्रकाशित करने से जुड़े उस कानूनी मामले का निपटारा हो जाएगा जो कई महाद्वीपों में चर्चा का विषय बना रहा। सोमवार देर रात को दायर अदालती दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई। न्याय विभाग ने अदालत में दायर एक पत्र में कहा कि असांजे अमेरिका के अधिकार क्षेत्र वाले मारियाना द्वीप की संघीय अदालत में पेश होंगे जहां वह राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़ी गोपनीय सूचना को अवैध रूप से हासिल करने और प्रसारित करने की साजिश रचने को लेकर जासूसी अधिनियम के तहत आरोप स्वीकार करेंगे।

एक नजर

भारतीय कथा साहित्य को प्रोत्साहित करने के लिए 25 हजार डॉलर का पुरस्कार

लंदन। जाने-माने लेखक लॉर्ड जैफ्री आर्चर और अमीश त्रिपाठी ने समकालीन भारतीय कथा साहित्य में प्रतिभाओं और भारतीय कथा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली कहानी कला को प्रोत्साहित करने के लिए 25,000 डॉलर के एक नए साहित्यिक पुरस्कार का आगाज किया है। आईजीएफ आर्चर-अमीश अवॉर्ड फॉर लिटरेचर की घोषणा सोमवार को की गयी।

इराकी मिलिशिया नेता ने अमेरिका को दी धमकी

बगदाद। ईरान के नजदीकी माने जाने वाले इराकी शिया मिलिशिया असैब अहल अल-हक़ के नेता कैस अल-खजाली ने धमकी दी है कि अगर अमेरिका लेबनान के हिज्बुल्लाह के खिलाफ इजराइली हमले का समर्थन करता है, तो वह इराक और पश्चिमोत्तर क्षेत्र में अमेरिकी हितों पर हमला करेगा। अल खजाली ने सोमवार को एक टेलीविजन पर यह धमकी दी।

भारतीय मिस्त्री ने दुबई में जीता 2.25 करोड़ का जैकपॉट

दुबई। भारत के 46 वर्षीय इलेक्ट्रिशियन ने सालों तक पैसों की बचत करने और समझदारी से निवेश करने के बाद दुबई में तकरीबन 2.25 करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार जीता है। खलीज टाइम्स में मंगलवार को प्रकाशित एक खबर के अनुसार, आंध्र प्रदेश के नागेंद्रम बोरुगद्दा 2019 से नेशनल बॉन्ड में 100 दिरहम का निवेश कर रहे हैं। 2017 से संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे बोरुगद्दा की 18 वर्षीय एक बेटी और 16 वर्षीय एक बेटा है। अखबार ने बोरुगद्दा के हवाले से कहा मैं अपने परिवार को बेहतर जिंदगी देने और अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के लिए संयुक्त अरब अमीरात आया था।

यूक्रेन, मोल्दोवा की ईयू सदस्यता के लिए करेंगे वार्ता

ब्रसेल्स। यूक्रेन यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ समूह की सदस्यता के लिए आधिकारिक तौर पर वार्ता शुरू करने जा रहा है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे अपने देश के नागरिकों के लिए सपना सच होने जैसा बताया है। यूक्रेन की यूरोपीय मामलों की उप प्रधानमंत्री ओल्गा स्टेफनिशिना लक्जमबर्ग में एक अंतर-सरकारी सम्मेलन में देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी।

परमाणु कार्यक्रम को लेकर तेहरान व मास्को का विरोध

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका व सहयोगी देशों ने समझौते का उल्लंघन बताया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में अमेरिका और उसके प्रमुख यूरोपीय सहयोगियों ने तेहरान के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर ईरान और रूस का विरोध किया। अमेरिका ने ईरान को परमाणु हथियार संपन्न होने से रोकने के लिए सभी आवश्यक साधनों का उपयोग करने का संकल्प जताया।

अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने ईरान पर आरोप लगाया कि वह अपनी परमाणु गतिविधियों को, परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के उद्देश्य से 2015 के समझौते में तय की गई सीमाओं से कहीं अधिक बढ़ा रहा है और संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग करने में विफल रहा है। ईरान और रूस ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने का आरोप लगाया, जिन्हें समझौते के तहत हटा दिया जाना था। दोनों देशों ने जोर देकर कहा कि तेहरान का परमाणु कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण (आईएईए) की निरंतर निगरानी में है। यह टकराव ईरान और छह प्रमुख देशों अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी के बीच परमाणु समझौते के कार्यान्वयन पर अर्ध-वार्षिक बैठक के दौरान हुआ, जिसे संयुक्त व्यापक कार्य योजना के रूप में जाना जाता है। तेहरान ने आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने के बदले में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग के लिए आवश्यक स्तर तक यूरेनियम संवर्धन को सीमित करने पर सहमति व्यक्त की थी। वर्ष 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को समझौते से यह कहते हुए अलग कर लिया था कि वह और कड़ा समझौता करेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बैठक मई के अंत में आईएईए की रिपोर्ट के बाद हुई जिसमें कहा गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत शुद्धता तक संवर्धित 142 किलोग्राम (313 पाउंड) से अधिक यूरेनियम है।

संयुक्त राष्ट्र में सुरक्ष्टक्षा परिषद की बैठक में उपस्थित संरा क अध्यक्ष।

अमेरिका ईरान को रोकने के लिए तैयार : वुड

अमेरिकी उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने परिषद को बताया कि आईएईए की रिपोर्ट दिखाती है कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को ऐसे तरीकों से विस्तारित करने के लिए दृढ़ है, जिनका कोई विश्वसनीय असैन्य उद्देश्य नहीं है। अमेरिका ईरान को परमाणु-सशस्त्र बनाने से रोकने के लिए तैयार है। उनका देश कूटनीति के माध्यम से ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी अंतर्राष्ट्रीय चिंताओं को हल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) में अब तक मौजूद तीन पश्चिमी देशों - फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन - ने परिषद की बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया।

सुनक ने सट्टे में फंसे दो उम्मीदवारों से पार्टी का समर्थन वापस लिया

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने आम चुनाव की तारीख को लेकर सट्टा लगाने के आरोपों का सामना कर रहे कंजर्वेटिव पार्टी के अपने दो सहयोगियों से पार्टी का समर्थन वापस लेने का मंगलवार को फैसला किया। यह कदम चार जुलाई को होने वाले चुनाव से पहले उठाया गया है। इससे पहले यह विवाद कई दिनों तक प्रचार अभियान की सुर्खियों में छाया रहा और विपक्ष आरोपियों के निलंबन की मांग कर रहा था।

कंजर्वेटिव पार्टी प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि पार्टी उम्मीदवार क्रेग विलियम्स और लॉरा सॉन्डर्स को अब क्रमशः वेल्स में मोंटगोमेरीशायर एंड ग्लाइंडर तथा इंग्लैंड में ब्रिस्टल नॉर्थ वेस्ट से सांसद के रूप में चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का समर्थन नहीं होगा। कंजर्वेटिव पार्टी के प्रवक्ता ने कहा आंतरिक जांच के परिणामस्वरूप, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि हम आगामी आम चुनाव में संसदीय उम्मीदवार के रूप में क्रेग विलियम्स या लॉरा सॉन्डर्स का समर्थन नहीं कर सकते।

केन्या में टैक्स से नाराज प्रदर्शनकारी संसद में घुसे

नैरोबी में प्रदर्शन करते प्रदर्शनकारी। • एजेंसी

नैरोबी (केन्या), एजेंसी

- इमारत के एक हिस्से में लगाई आग,
- सांसदों को वहां से निकाला जा रहा, पुलिस ने नैरोबी में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं

केन्या में टैक्स को लेकर प्रदर्शन कर रहे हजारों प्रदर्शनकारी संसद में घुस गए और इमारत के एक हिस्से में आग लगा दी। सुरक्षाकर्मियों ने बचाव करते हुए सांसदों को वहां से बाहर निकाला। पुलिस ने इससे पूर्व राजधानी नैरोबी में प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं।

प्रदर्शन में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया और उनकी मांग थी कि सांसद एक विवादास्पद वित्त विधेयक में प्रस्तावित नए टैक्स के खिलाफ मतदान करें। पिछले सप्ताह विरोध प्रदर्शनों में दो लोगों की मौत हो गई थी, लेकिन मंगलवार को किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। केन्या के लोगों द्वारा दान की गई सामग्री के साथ चिकित्सकों ने विभिन्न शहरों में अस्थायी आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र स्थापित किए हैं। विरोध प्रदर्शन का यह दौर तब शुरू हुआ जब सांसदों ने नए करों की पेशकश करने वाले वित्त विधेयक पर मतदान किया। इन नये करों में इको-लेवी भी शामिल है जिससे सैनेटरी पैड और डायपर जैसी वस्तुओं की कीमतें तक बढ़ जाएगी।

भारत और अमेरिका के संबंध तेजी से आगे बढ़ रहे : गार्सेटी

ओक्सन हिल (अमेरिका), एजेंसी

- भारत में अमेरिका के राजदूत ने सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट के इतर कार्यक्रम में की टिप्पणी

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच रिश्ते पहले कभी इतने अच्छे नहीं रहे जितने आज हैं और दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच संबंध बहुत तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। गार्सेटी ने सेलेक्ट यूएसए इन्वेस्टमेंट समिट के इतर एक कार्यक्रम में ये टिप्पणियां कीं जिसमें सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल भारत से है।

गार्सेटी ने वाशिंगटन में हुई एक बैठक में कहा यह (भारत-अमेरिका) ऐसा रिश्ता है जो बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारा कभी भारत के साथ इतना करीबी रिश्ता नहीं रहा। भारतीय मूल के अमेरिकियों की संख्या अब हमारी आबादी का करीब 1.5 प्रतिशत है और वे अमेरिका में छह फीसदी कर का भुगतान करते हैं। यह अमेरिका में सबसे सफल प्रवासी समुदाय है। इस कार्यक्रम में भारत के एसडब्ल्यू स्टील ने टेक्सास के बेटाउन में 14 करोड़ डॉलर निवेश करने की अपनी योजना की घोषणा की।

चीन के खतरों से निपटने के लिए भारत महत्वपूर्ण देश

वाशिंगटन। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्य ग्रेगरी मीक्स ने कहा है कि भारत अमेरिका का एक प्रमुख सहयोगी है और चीन के खतरों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण देश है। मीक्स ने हाल में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के रैंकिंग सदस्य और सदन की वित्तीय सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य मीक्स ने रविवार को सीएनएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा आप 1.3 अरब लोगों के बारे में बात कर रहे हैं। भारत का अमेरिका के लिए सहयोगी होना महत्वपूर्ण है।

इजराइली हमले में 26 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा। इजराइल ने मंगलवार को गाजा सिटी में हवाई हमला किया जिसमें 26 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। शहर के पूर्व में अल-दारराज क्षेत्र में एक स्कूल और पश्चिम में अल शाती शिविर में एक अन्य स्कूल और अल-शुजाइया के पड़ोस में अल-ज़मीली परिवार के घर को निशाना बनाकर तीन हवाई हमले किए।

कर्मचारियों ने इन स्थानों से 13 लोगों के शव बरामद किए और कई घायल लोगों को वहां से निकाला। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया है। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि आतंकवादी स्कूल परिसरों से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। स्कूल परिसर को इस्तेमाल हमास ने अपनी आतंकवादी गतिविधियों के लिए ढाल के रूप में किया था। ऐसा माना जा रहा था यहां छिपे हुए आतंकवादी इजरायल के खिलाफ कई आतंकवादी हमलों की योजना बनाने में शामिल थे।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में सिख विवाह को दी मंजूरी

लाहौर, एजेंसी

- कुछ महीनों में हिंदू विवाह अधिनियम भी मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने मंगलवार को सिख विवाह अधिनियम 2024 को मंजूरी दे दी, जिससे समुदाय के 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के जोड़े अपने विवाह और तलाक का पंजीकरण कराने में सक्षम होंगे। पंजाब के पहले सिख अल्पसंख्यक एवं मानवाधिकार मंत्री सरदार रमेश सिंह अरोड़ा ने इसे सिखों के लिए ऐतिहासिक दिन बताया।

अरोड़ा ने कहा पंजाब सिख विवाह अधिनियम लागू करने वाला दुनिया का पहला प्रांत बन गया है। उन्होंने कहा कि अन्य प्रांतों और देशों से सिख अपनी शादियों का पंजीकरण करवाने के लिए पंजाब आ सकते हैं। कुछ महीनों में हिंदू विवाह अधिनियम भी मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा। अरोड़ा ने कहा कि वह 2017 से सिख अधिनियम को मंजूरी दिलाने का प्रयास कर रहे थे। पंजाब सरकार भी स्कूली पाठ्यक्रम से नफरत फैलाने वाली सामग्री को हटाने और उसकी जगह अंतरधार्मिक सद्भाव और विविधतापूर्ण सामग्री को शामिल कराने के लिए काम कर रही है।

करतारपुर साहिब में महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा होगी स्थापित

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब सूबे की सरकार ने मंगलवार को बताया कि वह सिख साम्राज्य के पहले शासक महाराजा रणजीत सिंह की प्रतिमा को बुधवार को करतारपुर साहिब में स्थापित करेगी ताकि भारत से आने वाले श्रद्धालु भी उसे देख सकें। इस प्रतिमा को कट्टरपंथियों ने दो बार क्षतिग्रस्त कर दिया था जिसे अब एक बार फिर मरम्मत कर यहां स्थापित किया जाएगा।

आईसीसी ने रूसी अधिकारियों के खिलाफ वारंट किए जारी

हेग(नीदरलैंड)। अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने यूक्रेन में नागरिकों की मौजूदगी वाले स्थानों पर हमला करने के लिए रूस के पूर्व रक्षा मंत्री एवं उसकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ के खिलाफ मंगलवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किए। रूस के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने तीसरी बार वारंट जारी किया है।

- यूक्रेन में नागरिक ठिकानों पर हमलों को लेकर अपनाया सख्त रुख

न्यायालय ने पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और चीफ ऑफ स्टाफ जनरल वालेरी गेरासीमोव पर युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोप लगाए हैं। गिरफ्तारी वारंट के लिए अभियोजन के अनुरोध को स्वीकार करने वाले न्यायाधीशों ने कहा कि संदिग्धों को अमानवीय कृत्य के लिए आरोपित किया गया है क्योंकि ऐसा साक्ष्य है कि उन्होंने इरादतन यूक्रेन के नागरिकों का शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न किया। न्यायालय ने एक बयान में कहा कि वारंट सोमवार को जारी किए गए क्योंकि न्यायाधीशों का विचार है कि यह मानने के लिए तार्किक आधार हैं कि ये लोग 10 अक्टूबर 2022 से नौ मार्च 2023 तक यूक्रेन में बिजली उत्पादन एवं विद्युत आपूर्ति के बुनियादी ढांचे पर रूसी सशस्त्र बलों के मिसाइल हमलों के लिए जिम्मेदार हैं। वहीं, मॉस्को का कहना है कि उसने केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। न्यायालय ने कहा कि मिसाइल हमलों में नागरिकों से जुड़े प्रतिष्ठानों पर हमले किए गए। हालांकि, किसी भी आरोपी को हिरासत में लिए जाने की संभावना नहीं है। रूस इस वैश्विक न्यायालय का सदस्य नहीं है न ही इसके क्षेत्राधिकार को मान्यता देता है और संदिग्धों को सौंपने से इनकार करता रहा है।

बॉलीवुड हलचल

रजनीकांत और सलमान खान को लेकर फिल्म बनाएंगे एटली

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली, रजनीकांत और सलमान खान को लेकर फिल्म बना सकते हैं। वर्ष 2023 में एटली ने शाहरूख खान को लेकर सुपरहिट फिल्म जवान बनायी थी। एटली ने अपनी आने वाली फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं। कहा जा रहा है कि सलमान खान और रजनीकांत जल्द ही इस फिल्म के सिलसिले में मुलाकात करने वाले हैं। सन पिक्चर द्वारा इस फिल्म को प्रोड्यूस किया जाएगा। वह पिछले 2 सालों से सलमान खान से संपर्क में हैं। कहा जा रहा है कि सलमान खान अपनी फिल्म सिकंदर की शूटिंग खत्म करने के बाद एटली की फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।

करीना ने बहन करिश्मा को दी जन्मदिन की बधाई

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर ने अपनी बहन करिश्मा कपूर को जन्मदिन की बधाई दी है। करिश्मा आज अपना 50वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। इस खास मौके पर करीना कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर एक वीडियो शेयर कर करिश्मा को बधाई दी है।वीडियो में सिस्टर ट्विनिंग, वेकेशन फोटोज और करिश्मा के बचपन से लेकर अब तक के सफर को दिखाया गया है। इसमें अनसीन फोटोज का मोंटाज बनाया गया। पोस्ट को शेयर करते हुए करीना ने लिखा, मेरी अल्टीमेट हीरो हैप्पी बर्थडे... 50 का मतलब है 30 साल की गर्ल... बिग ब्रेकफास्ट, ढ़ेर सारी कॉफी, शानदार बैग, मेरे साथ लंबी बातचीत, लाफ्टर और डांस, चाइनीज फूड, और हमेशा अपने दोनों बच्चों के साथ रहना।

2 अगस्त को रिलीज होगी जाह्नवी की फिल्म उलझ

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ, 2 अगस्त को रिलीज होगी। जाह्नवी की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही हाल ही में रिलीज हुई थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए जाह्नवी ने कैप्शन में लिखा है कि उलझ अब 2 अगस्त को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। जल्द ही पॉपकॉर्न के साथ मिलते हैं। फिल्म उलझ में जाह्नवी इंडियन फारेस्ट ऑफिसर का किरदार निभाया है।

खगोल विज्ञान | जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने की बड़ी खोज

ऊपरी वायुमंडल संचालित करता है बृहस्पति का वातावरण

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल इस ग्रह के वातावरण को संचालित करता है। खगोलविदों को पहली बार बृहस्पति के वातावरण का आश्चर्यचकित कर देने वाले जानकारी मिली है। नासा, ईएसए व सीएसए के संयुक्त मिशन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा यह खोज हुई है।

दरअसल बृहस्पति का ग्रेट रेड स्पॉट ग्रहों की मौसमी दुनिया में विशेष स्थान रखता है। पिछले दिनों रेड स्पॉट कहे जाने तूफान की उम्र व गति का खुलासा किया गया था और आज इस कुख्यात तूफान के ऊपर के सक्रिय वातावरण की दिलचस्प जानकारी मिली है। बृहस्पति के रेड स्पॉट के ऊपर लगभग 300 वर्ग किमी दायरे में फैले वातावरण का अध्ययन यूरोपियन स्पेस एजेंसी (ईसा) के वैज्ञानिको ने किया। तब यह जानकारी सामने आई कि बृहस्पति के आयनमंडल में हाइड्रोजन अणुओं द्वारा उत्सर्जित अवरक्त प्रकाश मौजूद है। ये अणु तूफान के बादलों से 300 किमी ऊपर स्थित हैं, जहां सूर्य से प्रकाश हाइड्रोजन को आयनित करता है और इस अवरक्त उत्सर्जन को उत्तेजित करता है। यह ऊपरी क्षेत्र विभिन्न प्रकार की जटिल संरचनाओं और गतिविधियों की मेजबानी करता है। वेब दूरबीन अवरक्त संवेदनशीलता वाले वातावरण का अध्ययन करने में सक्षम है। जिस कारण यह खोज संभव हो पाई। खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल ग्रह के चुंबकीय क्षेत्र और अंतर्निहित वातावरण के बीच का इंटरफ़ेस है। जिसमें उत्तरी और दक्षिणी रोशनी की मात्रा का पता चलता है। बृहस्पति को प्राप्त होने सूर्य की रोशनी की तुलना पृथ्वी से की जाय तो सूर्य के प्रकाश का केवल 4 प्रतिशत ही प्राप्त होता है। जिससे बृहस्पति के वातावरण की सटीक जानकारी मिलती है।



एक और तंत्र बृहस्पति के वातावरण में होना चाहिए

नेचर एस्ट्रोनॉमी में यह खोज प्रकाशित हुई है। यूनाइटेड किंगडम में लीसेस्टर विश्वविद्यालय के टीम लीडर हेनरिक मेलिन के अनुसार हमने सोचा कि यह क्षेत्र शायद उबाऊ व निर्जीव होगा। मगर परिणाम इसके विपरीत निकला। वैज्ञानिकों का मानना है कि बृहस्पति का ऊपरी वायुमंडल का आकार और संरचना को बदलने वाला एक और तंत्र होना चाहिए। जिसकी पड़ताल अगले अध्ययन में की जाएगी। गैसीय ग्रहों के वातावरण की जानकारी हासिल करने के लिये यह खोज बेहद महत्वपूर्ण हैं।